सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,058.90 |
| निफ्टी | 25,637.80 |
| सोना | 96,135 |
| चांदी | 106800 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



तेंदुलकर के वीडियो देखकर मिली काफी प्रेरणा: शेफाली

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 29 जून 2025 | 15 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 181, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# प्रदेश में ग्रुप–सी की नौकरियों के लिए हिमाचली ही होंगे पात्र

## कैबिनेट ने मल्टी टास्क वर्कर्स का मानदेय बढ़ाया, 500 पशु मित्र भर्ती को मंजूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने ऐसे कई दूरगामी और जनहितैषी फैसले लिए हैं, जो न सिर्फ आम आदमी को सीधा प्रभावित करेंगे, बल्कि राज्य के विकास और आत्मनिर्भरता की राह को भी प्रशस्त करेंगे। कैबिनेट का सबसे बड़ा फैसला पे मैट्रिक्स लेवल–11 के पदों को ग्रुप–बी से ग्रुप–सी में पुनर्वर्गीकृत करना रहा।

**सभी पंचायतों में स्थापित होंगे आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र**

इस कदम के बाद ग्रुप–सी पदों के लिए अब केवल हिमाचली उम्मीदवार ही पात्र होंगे। पहले यह पद ग्रुप–बी में आते थे और इनकी भर्ती हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती थी, जिसमें पूरे देश के आवेदक शामिल हो सकते थे। बैठक में लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स को बड़ी राहत दी है। उनका मासिक मानदेय 5,000 से बढ़ाकर 5,500 रुपए कर दिया गया है, जिससे लगभग 5,000 कर्मियों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। मंत्रिमंडल ने पात्र गैर–सरकारी डेयरी सहकारी समितियों को दूध की आपूर्ति करने वाले किसानों के लिए एक नई 'दुग्ध प्रोत्साहन योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, दूध उत्पादकों को सीधे उनके खाते में (डीबीटी) तीन रुपए प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी। यह योजना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। स्वरोजगार को बढ़ावा देने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सरकार ने एक बड़ी पहल की है। कैबिनेट ने 500 पशु मित्र भर्ती करने को भी मंजूरी दे दी है। वहीं, सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए ब्याज सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

मंत्रिमंडल ने राज्य की सभी 3,645 पंचायतों में 'पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र' स्थापित करने को स्वीकृति दी है। बैठक में 'ग्रीन पंचायत योजना के तहत 100 पंचायतों में 500 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए हिमऊर्जा और संबंधित ग्राम पंचायतों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर को मंजूरी मिली है। इन परियोजनाओं से प्रति माह लगभग 25 लाख का राजस्व मिलने की उम्मीद है, जिसका 40 फीसदी ग्राम पंचायतों को मिलेगा।



शिमला में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### एचपीटीडीसी ऑफिस धर्मशाला स्थानांतरित

**कांगड़ा** को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है। यह कदम कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देगा और शिमला का बोझ कम करेगा।

### देहरा पुलिस जिले में 101 नए पद स्वीकृत

**देहरा** को पुलिस जिला बनाए जाने के बाद अब राज्य सरकार ने यहां पुलिस बल को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कैबिनेट बैठक में देहरा पुलिस लाइन में विभिन्न श्रेणियों के कुल 101 नए पदों को सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय देहरा में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में सहायक होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आईपीएस अधिकारी पराग जैन नए रॉ प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी



पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई, 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

### जम्मू-कश्मीर में ईडी ने की बड़ी कार्रवाई




**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ईडी के जम्मू उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत पटनी टॉप विकास प्राधिकरण (पीडीए) के मामले में 15.78 करोड़ के मूल्य की कई अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। अनंतिम रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में भूमि, भवन और होटल पाइन हेरिटेज, होटल ड्रीम लैंड और होटल शाही संतूर के संचालन से उत्पन्न आय शामिल है। ये सभी होटल पटनीटॉप में स्थित हैं। जेएंडके में पीडीए द्वारा जमीन की स्वीकृत सीमा से परे जाकर अवैध होटल/गेस्ट हाउस और रिसॉर्ट बनाए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### दुबई-जयपुर फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़

**एजेंसी, जयपुर।** दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर (एयर होस्टेस ) के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से टच किया था। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ जवानों को बुलाया। जवानों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला से की बात, कहा– आज आप भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब



**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम–4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु से कहा, 'आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।' जवाब में शुभांशु ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी आपका और 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाओं के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। मैं यहां बिलकुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं, आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से। बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत नया अनुभव है। कहीं न कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो रही हैं, जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे लोग देश में इस दिशा में जा रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

### मोदी ने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट किया जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया।

## कोलकाता गैंगरेप : मेडिकल जांच में छात्रा के साथ दुष्कर्म की पुष्टि

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। इस बयान को लेकर उनकी निंदा की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**मेडिकल जांच में शरीर पर काटने व खरोंच के निशान**

### लॉ कॉलेज का सुरक्षा गार्ड भी गिरफ्तार

**कोलकाता** पुलिस ने बताया है कि लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा गार्ड को आज सुबह गिरफ्तार किया गया। वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कॉलेज में उसकी मौजूदगी कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी।'

## 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे जगन्नाथ, तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे



पुरी। ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था। सुबह 10 बजे फिर रथ यात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। भगवान जगन्नाथ गुंडिचा मंदिर में अपनी मौसी के यहां 9 दिन ठहरेंगे।

## डॉ.राजेश शर्मा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सुक्खू सरकार ने डॉ. राजेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। इस संबंध में सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी हो गई है। डॉ. राजेश शर्मा ने इस जिम्मेदारी के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज कांगड़ा के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा कई सामाजिक संस्थाओं का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. राजेश शर्मा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता व प्रोफेशनल कांग्रेस के हिमाचल चैप्टर के चेयरमैन भी रह चुके हैं। वह पार्टी के हिमाचल इकाई के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह मल्टीपल बिजनेस भी हैंडल करते हैं। उनके पिता पंडित बालकृष्ण शर्मा भी वर्षों तक जिला कांगड़ा के कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे तो साथ ही लंबे समय तक नगर परिषद कांगड़ा के अध्यक्ष भी रहे थे। डॉ. राजेश कांगड़ा में श्री बालाजी मल्टी स्पेशलिटी नाम से अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज का संचालन करते हैं।



## 15 जुलाई को होगा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण : प्रतिभा सिंह

### कहा, सोनिया-राहुल की व्यस्तता के चलते टाला गया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण अब 15 जुलाई को होगा। यह जानकारी हिमाचल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पहले यह कार्यक्रम 23 जून को प्रस्तावित था, लेकिन कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की व्यस्तताओं के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। प्रतिभा सिंह के अनुसार, सोनिया गांधी स्वयं इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहना चाहती हैं और केंद्रीय नेतृत्व की मौजूदगी से यह संदेश पूरे देश में जाएगा कि कांग्रेस अपने योगदानकर्ताओं को हमेशा याद रखती है। प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस संगठन के गठन में हो रही देरी पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्वीकार किया कि संगठन का गठन बहुत पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने बार–बार हाईकमान से इस प्रक्रिया को तेज करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल ने संगठन के त्वरित गठन का आश्वासन जरूर दिया है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही यह पुनर्गठन हो जाएगा।



### भारत में बांग्लादेश से जूट प्रोडक्ट के आयात पर पाबंदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश से जूट और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स के इंपोर्ट पर पाबंदी लगा दी है। यह फैसला दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के चलते लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब बांग्लादेश से जूट प्रोडक्ट्स सिर्फ महाराष्ट्र के न्हावा शेवा बंदरगाह के जरिए ही भारत में आ सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश से जूट के इंपोर्ट पर यह पाबंदी इसलिए लगाई गई है, क्योंकि वहां से सस्ते और सब्सिडी वाले जूट प्रोडक्ट्स के इंपोर्ट से भारत की जूट इंडस्ट्री लंबे समय से नुकसान झेल रही है। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान में सुसाइड अटैक में 13 सैनिकों की मौत, 29 घायल

### हमलावर ने सैन्य काफिले में घुसाई विस्फोटकों से लदी गाड़ी

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को आत्मघाती हमलावर ने सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इसमें 13 सैनिक मारे गए, जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हैं। हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी थी। खैबर पख्तूनख्वा में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि दो घरों की छतें गिर गईं, जिससे छह बच्चे घायल हो गए। इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तान–तालिबान (टीपी) से जुड़े हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली है। (अनंत ज्ञान)



## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

हिमाचली सेबों पर दरारें, बागवानों की उम्मीदें भगवान सहारे -पेज 3
धारकंडी में पेयजल योजनाओं पर खर्च होंगे 4.83 करोड़ -पेज 5
बामटा पंचायत के चार गांवों के लोगों का फूटा गुस्सा -पेज 6
घिरड़ा खड्ड बनी ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा -पेज 9
किसी भी आपातकालीन स्थिति में 1077, 112 पर करें सूचित -पेज 12

## देश में पहली बार हुआ मोबाइल ऐप से मतदान

**एजेंसी, पटना।** देश में पहली बार मोबाइल ऐप से वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई–वोटिंग करवाई गई। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए हैं। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई–वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। शनिवार सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई–वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी ऐप के जरिए वोटिंग की। बिहार के मोतिहारी की विभा ने ऐप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई–वोटर बन गई हैं। (अनंत ज्ञान)



**बिहार के मोतिहारी की विभा बनीं पहली ई-वोटर**

## कमाल: एलन मस्क ने अपने जन्मदिन पर की फुली ऑटोनॉमस कार की डिलीवरी

# फैक्टरी से बिना ड्राइवर मालिक के घर पहुंची टेस्ला कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ कि कार बिना ड्राइवर के फैक्टरी से चलकर खरीददार के घर पहुंच गई। कस्टमर के घर पहुंचने वाली इलेक्ट्रिक कार मॉडल–वाई है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने अपने जन्मदिन पर अपनी कंपनी टेस्ला की फुली ऑटोनॉमस (अपने–आप चलने वाली) कार की डिलीवरी की। टेस्ला ने कार की डिलीवरी का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इसमें कार को अपने आप चलते देखा सकता है। यह सिग्नल पर, किसी कार या व्यक्ति के सामने आने पर रुकती है और फिर आगे बढ़ जाती है। कंपनी ने ऑफिशियल पोस्ट में बताया कि हमने फुली सेल्फ ड्राइव कार मॉडल–वाई की पहली डिलीवरी टेक्सास शहर में की है। यह कार फैक्टरी से 116 किलामीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलकर मालिक के पास खुद पहुंची। (अनंत ज्ञान)



**116 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ी कार**

### टेस्ला की रोबोटैक्सी सर्विस भी शुरू

**कंपनी** ने गत 22 जून को रोबोटैक्सी सर्विस शुरू की थी, जिसमें कार अपने आप तो चल रही थी, लेकिन इसमें सेफ्टी के नजरिए से कंपनी का एक एक्सपर्ट बैठकर नजर रख रहा था। कंपनी ने रोबोटैक्सी की एक राइड की कीमत 4.20 डॉलर यानी करीब 364 रुपए रखी है। ये गाड़ियां सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक ऑस्टिन के एक छोटे से इलाके में चल रही हैं। हालांकि टेस्ला ने यह नहीं बताया है कि रोबोटैक्सी सर्विस आम लोगों के लिए कब खुलेगी, लेकिन मस्क ने जल्द ही सर्विस का विस्तार करने और अन्य अमेरिकी शहरों में भी शुरू करने का वादा किया है। मस्क ने रोबोटैक्सी के लॉन्च के मौके पर टेस्ला एआई की सॉफ्टवेयर और चिप डिजाइन टीम को बधाई दी और कहा कि यह 10 साल की मेहनत का परिणाम है। टेस्ला की टीम ने बिना किसी बाहरी मदद के एआई चिप और सॉफ्टवेयर को खुद बनाया है। ऑटोनॉमस कार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेंसर, कैमरे, रडार और लिडार जैसी हाई-टेक तकनीकों का इस्तेमाल करके सड़क पर नेविगेट करती है।

## एयर इंडिया ने अपने चार कर्मियों से मांगा इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। यह कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।' मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एयर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून AISATS के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों की कड़ी निंदा की थी। (अनंत ज्ञान)

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न**

## न्यूज ब्रीफ

### एक जुलाई को नादौन-धनेटा का दौरा करेंगे सीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुक्खू एक जुलाई को नादौन विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री एक जुलाई को धर्मशाला से सुबह करीब 11 बजे नादौन पहुंचेंगे। नादौन में एडीएम कार्यालय भवन का उद्घाटन और मानपुल में एक स्थानीय सड़क का शिलान्यास करने के बाद वह करीब 11:55 बजे धनेटा पहुंचेंगे। धनेटा में वह 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। शाम को वह सेरा के विश्रामगृह में भी जन समस्याएं सुनेंगे। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे वह शिमला लौट जाएंगे। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिला के सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के लिए आवश्यक प्रबंध करने तथा इस दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### पहचान स्कूल के विशेष बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल में शनिवार को विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन विशेष बच्चों को चिकित्सीय सुविधा देना है और साथ में बच्चों के दिव्यांगता चिकित्सा पत्र तथा यूनिक दिव्यांग पहचान पत्र के लिए पंजीकरण और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान करना है। इसके लिए पहचान परिसर में डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से चिकित्सकों की टीम को दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर में बुलाया गया। इस शिविर में सेवा देने वाले प्रमुख चिकित्सक मनोचिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार, बच्चों के विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा, आंखों के डॉ. विशाल, डॉ दीप्ति नेत्र चिकित्सक, ईएनटी डॉ. देवेन्द्र कुमार, दांतों के चिकित्सक डॉ. पंकज लखनपाल शामिल थे। चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और जिन बच्चों को जो जो समस्याएं थी, उसके लिए दवाई दी और कुछ बच्चों को स्क्रीनिंग के लिए अस्पताल बुलाया। इस शिविर में 58 दिव्यांग बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे और चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। संस्था की अध्यक्षा चेतना शर्मा ने कहा कि आज 8 विशेष बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए गए और स्क्रीनिंग के लिए अस्पताल भी बुलाया ताकि बच्चों की अच्छे से जांच कर के दवाई दी जा सके।

### पुष्पा देवी के आंगन में खिला ब्रह्म कमल



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** तहसील भोरंज के अंतर्गत गांव बढ़ेहर में स्थित पुष्पा देवी पत्नी दुली चंद के घर में उस समय खुशी और आस्था का माहौल बन गया, जब उनके आंगन में ब्रह्म कमल का फूल खिला। यह दुर्लभ और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माने जाने वाला फूल बहुत कम ही दिखाई देता है, और उसका खिलना शुभ संकेत माना जाता है। पुष्पा देवी के अनुसार, यह फूल उन्होंने कुछ वर्ष पहले शौकिया तौर पर गमले में उगाया था। फूल की सुंदरता और इसकी धार्मिक मान्यता को देखकर आसपास के लोग भी इसे देखने पहुंच रहे हैं। यह फूल सामान्यतः हिमालयी क्षेत्रों में उगता है और वर्ष में केवल एक बार ही खिलता है, वह भी रात्रि के समय। इस अनोखी घटना से पुष्पा देवी और उनके परिवार में भारी उत्साह है। परिवार ने बताया कि वे इस फूल को भगवान को अर्पित करेंगे और पूजा-पाठ का आयोजन भी करेंगे।

### हिम अकादमी स्कूल में भाषा प्रदर्शनी आयोजित



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में भाषा प्रदर्शनी के दौरान बच्चे व अन्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य भाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में भाषा दक्षता, बौद्धिकता एवं सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने कविताएं, कहानियां, संवाद, अनुच्छेद लेखन, पोस्टर आदि के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को प्रस्तुत किया। साथ ही, नन्हे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सुंदर और रचनात्मक मॉडल भी बनाए, जिन्होंने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। इस प्रदर्शनी का निरीक्षण विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, कोऑर्डिनेटर कंचन लखनपाल, गतिविधि इंचार्ज सुषमा शर्मा, बैंड हेड कंचन ठाकुर तथा विषय अध्यापिकाएं वंदना एवं अंकिता की उपस्थिति में हुआ।

### स्वच्छ सर्वेक्षण पर पंचायतों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विकासखंड कार्यालय के पंचायत समिति हॉल में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जसवाल ने की। बैठक में सभी पंचायत सचिव, पंचायत प्रधान, सिलाई अध्यापिकाएं और क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल हुए। खंड विकास अधिकारी ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 और प्लास्टिक कचरा संग्रहण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। सभी पंचायतों से सहयोग की अपील की। उन्होंने 15 जुलाई तक पंचायत स्तर पर प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए ठोस नीति बनाने के आदेश दिए। उन्होंने जुलाई माह की ग्राम सभा बैठक में मनरेगा की अतिरिक्त सेल्फ में स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।

### सुजानपुर टीहरा कॉलेज की छात्रा का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में बीकॉम की छात्रा सानवी जैन का भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सानवी जैन पुत्री अरुण जैन ने प्रदेशभर में सातवां स्थान हासिल किया है। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उपप्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भनवाल ने वाणिज्य विभाग के समस्त शैक्षणिक वर्ग, सानवी, उसके माता-पिता एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सानवी का सपना सीए बनने का है। इसके लिए वह निजी अकादमी से कोचिंग ले रहीं है। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर डॉ. सुमन शर्मा, डॉ.उ सपना शर्मा, डॉ. दिव्या, लेफ्टिनेंट कैप्टन राजेश खरवाल, डॉ. मित्तुल एवं महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक वर्ग उपस्थित रहा।

### दो छात्रों ने बढ़ाया गौतम कॉलेज का मान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज हमीरपुर की प्रतिभावान छात्रा अंजली ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही कुसुम लता ने भी प्रदेश की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। यह गौरवमयी उपलब्धि कॉलेज, परिजनों और पूरे हमीरपुर जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने कार्यक्रम के दौरान अंजली और कुसुम को सम्मानित करते हुए कहा कि अंजली और कुसुम की इस सफलता ने गौतम कॉलेज की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को और मजबूत किया है। यह उपलब्धि कॉलेज प्रबंधन, छात्राओं के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है।

### पीड़ित परिवार को सीएम सुक्खू ने दी आर्थिक सहायता

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** अपने स्वास्थ्य उपचार के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहे एक परिवार की आर्थिक सहायता करके मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने



एक बार फिर अपने उदार हृदय की मशाल पेश की है। सीएम ने बलडूहक पंचायत के बमनेहर गांव के निवासी अजय कुमार वर्मा को नया जीवन प्रदान किया है। गोर है कि कुछ वर्ष पहले 35 वर्षीय अजय कुमार की दोनों किडनियों ने काम करना बंद कर दिया था, उस दौरान अजय कुमार की किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ था एवं अजय कुमार की माता ने उस वक्त अजय कुमार को अपनी किडनी का दान किया था। अब दोबारा फिर अजय कुमार की किडनी फेल हो गई थी और अबकी बार अजय की पत्नी ने अपने पति को किडनी दान में दी है। अजय कुमार के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने अजय कुमार के उपचार के लिए 3 लाख रुपए जारी किए गए। परिवार की सहायता करने पर बलडूहक पंचायत के पूर्व प्रधान सूबेदार पृथ्वी चंद, सुलेखा देवी, मान चंद, संतोष कुमार, भवानी सिंह, रंजीत राणा, अजय कुमार, विनोद कुमार, मोहिंदर सिंह, रत्न चंद, प्रकाश डोगरा, राजेंद्र परमार क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तिओं ने सीएम का आभार जताया है।

# रिजर्वेशन रोस्टर की 11 को होगी स्थिति साफ

## नगर निगम हमीरपुर, नप नादौन और नपं बड़सर, भोरंज में बढ़ी चुनावी हलचल

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** स्थानीय निकायों के लिए चल रही गतिविधियों में 11 जुलाई को डीलिमिटेशन के चुनावी रिजर्वेशन रोस्टर की स्थिति साफ हो जाएगी। तब तक चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की चिंता की धुकधुकी बढ़ने लगी है। नगर निगम हमीरपुर, नगर परिषद नादौन और नगर पंचायत बड़सर और भोरंज में डीलिमिटेशन का दौर जारी है और इसका फाइनल स्वरूप लगभग तैयार हो गया है। 30 जून तक सारी स्थिति डीलिमिटेशन की क्लियर हो जाएगी। इसके बाद 3 जुलाई को आखिरी ऑर्डर डी-लिमिटेशन का डीसी जारी कर देंगे।

इसके बाद 11 जुलाई तक इन स्थानीय निकायों के लिए चुनाव लड़ने वालों की स्थिति रिजर्वेशन रोस्टर के सामने आने के बाद ही क्लियर हो पाएगी। इस सारी प्रक्रिया के मुकम्मल होने के बाद वोटर लिस्ट तैयार करने का दौर शुरू होगा, क्योंकि हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा दे दिया गया है और यहां आसपास की पंचायत के बड़े क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। कुल 15 वार्ड प्रपोज्ड हैं, अब कहां-कहां से कौन सा वार्ड ओपन होगा, रिजर्व होगा, इसी ऊहापोह में इन दिनों यहां का वातावरण तैयार हो चुका है। जिन्होंने चुनाव लड़ना है, वे फिलहाल अंदर खाते तो गतिविधियां बढ़ाए हुए हैं, लेकिन ऊपरी तौर पर शांत हैं क्योंकि यह चुनाव नगर परिषद का नहीं, नगर निगम का होगा। इसलिए यहां की चुनावी हालत की फिजा भी इस बार अलग तरह की ही होगी।

परंपरागत चुनाव लड़ने वालों का क्या बनेगा, इस पर भी चर्चा हो रही है। अभी तक इन चुनावों में कई वार्ड ऐसे हैं, जहां कभी पति तो कभी पत्नी चुनाव लड़ती रही है, लेकिन इस बार नगर निगम के इन चुनावों का रंग ढंग निराला होगा। नगर निगम के चुनाव में इस बार परंपरागत उम्मीदवारों के दर्शन कितने होंगे, इस बारे में अभी तो कुछ ज्यादा नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात यही हैं कि चेहरे नए होंगे।

कारण यह है कि यह चुनाव अलग तरह का रहता है। इस बार कई वार्डों में डीलिमिटेशन के बाद आसपास की पंचायत के लोग भी शामिल होंगे, उनके क्षेत्र को भी शामिल किया गया है, इसलिए दिलचस्प स्थितियां बनने वाली हैं।



नगर निगम हमीरपुर का कार्यालय। (फाइल फोटो)

### नादौन को दिया है नप का दर्जा

मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन में भी नगर पंचायत का दर्जा बढ़ाकर नगर परिषद कर दिया गया है। वहां भी डीलिमिटेशन हो रही है। उसका स्वरूप भी 11 जुलाई को ही सामने आएगा, रिजर्वेशन रोस्टर के साथ। यही स्थिति बड़सर और भोरंज में दिख रही है। जहां पहली मर्तबा नगर पंचायतें बनाई गई हैं।

### 6 वार्ड रह सकते हैं ओपन

हमीरपुर में कुल 15 वार्ड हैं, इनमें से ओपन वार्ड कम से कम 6 रह सकते हैं। कौन-कौन से होंगे ओपन और कौन-कौन से रिजर्व यही तो असली पेचीदगी है और इंतजार की वजह उसी के बाद गुणा भाग के दौर के साथ शुरू होगा। चुनाव के लिए इस बार कई सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी भी चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन उनकी स्थिति का पता रिजर्वेशन रोस्टर के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल कम से कम दो सप्ताह का समय अभी इस सारी प्रक्रिया के लिए और लगेगा। तब तक शुरू हो चुकी बरसात के इस मौसम में चाहवान फिलहाल ज्यादा हरकत में नहीं हैं।

### जुध्या देवी को मिली भोरंज के एसडीएम से राहत

## खसरा नंबर 541 में राष्ट्रीय उच्चमार्ग का निर्माण न करवाने का दिया आदेश

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** हमीरपुर से मंडी बन रहे नेशनल हाईवे नंबर 03 की निर्माण कंपनी और प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट को करारा झटका लगा है। कार्यालय उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन (NH-70) भोरंज, जिला हमीरपुर, के पत्र के तहत आदेश पारित किए गए हैं कि जिस मलकीयत जमीन को अधिग्रहित ही नहीं किया गया, वहां निर्माण कार्य बिलकुल न करवाया जाए।

परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यन्वयन इकाई (PIU), ग्राउंड फ्लोर हाउस नं.-575, वार्ड नं.-1, कृणा नगर, हमीरपुर को 19 जून को भेजे पत्र में यह आदेश दिए गए हैं। जुध्या देवी पत्नी स्व.चतर सिंह, बारी गांव द्वारा 12 जून को एसडीएम भोरंज को एक पत्र सौंप गुहार लगाई गई थी कि एनएच निर्माण कंपनी द्वारा जमीन की खुदाई और जमीन बर्बाद होने पर मुआवजा राशि दी जाए तथा जब तक मुआवजा राशि न मिले, काम रुकवाया जाए। एप्लीकेशन के मुताबिक महाल बारी में खसरा नंबर 541 में निर्माण कम्पनी वेबजह खुदाई करके करीब 2 मरले जमीन बर्बाद कर दी है जबकि खसरा नंबर 541 में से कोई भूमि NH निर्माण के लिए अधिगृहत न हुई है तथा न ही उसे कोई मुआवजा मिला है। जुध्या देवी के मुताबिक 11 जून की रात को निर्माण कंपनी, खुदाई के लिए मशीनें ले आई थीं, जिन्हें उन्होंने व ग्रामीणों ने काम करने से रोका है। कंपनी द्वारा जो नुक्सान उसकी जमीन का किया गया ह, उसका मुआवजा देने का निवेदन किया है। एसडीएम भोरंज के मुताबिक इसी विषय के संबंध में जुध्या देवी ने दिनांक 17 जुलाई 2023 को इसी विषय के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था, जो इस कार्यालय के पत्र संख्या SDM (BHJ) NH-70/2025/15(7)-300 18 जुलाई 2023 द्वारा परियोजना निदेशक कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई व छानबीन के लिए प्रेषित किया गया था।

छानबीन में एसडीएम ( नागरिक) भोरंज एवं सक्षम अधिकारी भू अर्जन NH 70 शशि पाल शर्मा के मुताबिक भूमि अधिग्रहण प्रस्तावना एवं भूमि अधिग्रहण अभिलेख के निरक्षण से पाया गया कि महाल बारी के खसरा नंबर 541 में से भूमि अधिग्रहण न हुई है। यह सुनिश्चित किया जाए कि खसरा नंबर 541 जो जुध्या देवी व उसकी बेटी की मलकीयत का है, में राष्ट्रीय उच्चमार्ग का निर्माण न करवाया जाए।

### परिवार से लड़ाई के बाद फंदे से झूला व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कोहली के समीप लगभग रात 12.30 बजे अंकू धीमान (आयु 34 वर्ष) पुत्र बालक राम धीमान ने गले में फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार देर रात शुक्रवार को अपने मां-बाप व अपनी बहनों आदि से इसकी जमकर लड़ाई हुई और लड़ाई के बाद उसने यह कदम उठा लिया।

बताते चलें कि इसकी घरवाली जो चंबा से थी, शादी के 2 महीने बाद इसको छोड़कर जा चुकी है। इससे पूर्व भी यह इसने आत्महत्या करने के एक दो प्रयास किए हैं। यह नशे का भी आदि हो चुका था। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत परिवार को सौंप दिया है और इसका अंतिम संस्कार हथली खड्डु स्थित श्मशानघाट पर कर दिया गया।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में केकी स्कूल के 20 छात्र चयनित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्रैक अकादमी द्वारा प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में 'मेरे शहर के 100 रत्न' नामक एक राज्यव्यापी छात्रवृत्ति परीक्षा 20 मई को आयोजित की थी। इस परीक्षा में छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक के हमीरपुर जिले के लगभग 42000 छात्र बैठे थे। इस छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा की सूची में केकी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के 20 बच्चों ने स्थान पाया है। उसमें छठी कक्षा के हर्षिता मोदगिल, निहारिका सिंह, रूही चौहान, सातवीं कक्षा में तवीशा सिंह, मिथलेश, प्रियांशी, रियांश, विशाल, 11वीं कक्षा में प्रभव कटोच, पीयूष कौंडल, पवनी शर्मा, अरमान शर्मा, आर्यन सनोरिया और 12वीं कक्षा में सुहानी, दिशा कौंडल, आदित्य, दीपिका, स्वस्तिका ठाकुर, ध्रुव वाणग, सुमित स्टेटा का चयन हुआ है। केकी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए यह गौरव का विषय है, क्योंकि सबसे अधिक बच्चे इस स्कूल से छात्रवृत्ति परीक्षा में पास हुए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य सुरेश कटोच ने स्टाफ और बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अध्यापकों के मार्गदर्शन और बच्चों की मेहनत से मिली है। गौर रहे कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 75 स्कूली बच्चों और 25 बच्चे कॉलेज से लिए गए हैं, जिन्होंने इस परीक्षा को पास किया है। इन 75 बच्चों में 20 बच्चे इसी स्कूल से चयनित हुए हैं।

### नमन गर्ग ने एचपीयू यूआईटी की प्रवेश परीक्षा में मेरिट में दूसरा रैंक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

चाणक्य द गुरु हमीरपुर नमन गर्ग ने एचपी यूनीवर्सिटी की यूआईटी की प्रवेश परीक्षा 2025 में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में पहला रैंक और समग्र मेरिट सूची में दूसरा रैंक मिला है। चाणक्य द गुरु को गर्व है कि उसके होनहार छात्र नमन गर्ग ने यूआईटी की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



नमन ने 200 में से 164 अंक हासिल किए, जो टॉपर के बराबर हैं, किन्तु टाई-ब्रेकिंग मानदंडों के आधार पर उन्हें दूसरा स्थान दिया गया। इसके साथ ही नमन ने एचपीसीईटी-2025 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 437 अंक प्राप्त किए हैं, जो उनकी निरंतर मेहनत और लगन को दर्शाता है। नमन एक मेहनती परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता एक स्वतंत्र प्रैक्टिस करने वाले अकाउंटेंट हैं और माता एक शिक्षक हैं। उनके दादा सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जिन्होंने नमन की इस उपलब्धि पर गर्व है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर चाणक्य द गुरु के निदेशक डॉ नवनीत शर्मा ने नमन और उसके माता-पिता को बधाई दी।

हमीरपुर कार्यालय में एक विशेष समारोह के दौरान उन्होंने नमन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नमन की सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं है यह उसके समर्पण, मार्गदर्शन और संस्कारों का प्रतीक है। चाणक्य द गुरु शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित है, विशेष रूप शहीदों के बच्चों और वंचित वर्गों के लिए समर्थन करना रहेगा। डॉ नवनीत शर्मा ने नमन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

### सड़क के विस्तार को लेकर डॉ. वर्मा ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वार्ड नंबर 10 के निवासियों को राहत मिलने वाली है। वर्षों से संकरे रास्ते की समस्या से जूझ रहे इस वार्ड में अब जल्द ही सड़क को एंबुलेंस योग्य बनाया जाएगा। इस कार्य की पहल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने की है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों के साथ आगामी कार्य योजना पर चर्चा की।

डॉ. पुष्पेंद्र ने बताया कि, ब्यह मार्ग वर्षों से उपेक्षित रहा है, जिससे आपातकालीन सेवाओं, विशेषकर एंबुलेंस, समय पर नहीं पहुंच पाती थीं, लेकिन अब इसे जल्द ही चौड़ा किया जाएगा जिससे लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस प्रयास में खास बात यह रही कि स्थानीय निवासियों ने जनहित में आगे बढ़कर सड़क चैड़ीकरण हेतु अपनी निजी भूमि का हिस्सा देने का निर्णय लिया। इस पर डॉ. वर्मा ने उनका आभार प्रकट किया।

## सेरी गांव को सड़क की सौगात प्रधान शैलजा ने किया लोकार्पण



सड़क का लोकार्पण करती बणी पंचायत की प्रधान शैलजा बनयाल।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले की बणी पंचायत की प्रधान शैलजा बनयाल की मेहनत रंग ला रही है। पंचायत के गांव बनी सेरी के लिए 400 मीटर सड़क बनाकर शनिवार को लोकार्पण कर उन्होंने जनता को समर्पित कर दी है। मनरेगा के माध्यम से 15 लाख रुपए की धनराशि खर्च कर पंचायत में एक मिसाल पेश की है। काफी लंबे अरसे से सेरी गांव के लिए सड़क सुविधा नहीं थी। प्रधान शैलजा वनियाल की सार्थक प्रयासों से ही संभव हो सका है ।

इस सड़क मार्ग को बनाने में कई दिक्कतों का भी सामना उन्हें करना पड़ा, लेकिन प्रधान विकासात्मक कार्य करवाने से पीछे नहीं हटी। हालांकि इन कार्यों को करवाते हुए लोगों ने उन्हें कोर्ट का रास्ता भी दिखाया परंतु प्रधान अपने कर्तव्य से नहीं डगमगाई। सड़क मार्ग को बनाने में अड़चनें तो बहुत आईं परंतु प्रधान ने बणी से सेरी गांव तक 400 मीटर के करीब सड़क बनाने के लिए बहुत ही संघर्ष करना पड़ा। इस 400 मीटर सड़क निर्माण में 7 से 8 मीटर तक के 6 डंगों का निर्माण करवाया गय, साथ में कंक्रीट, सीमेंट, बजरी तथा 80 एमएम पेपर ब्लॉक लगाकर एकदम चकाचक सड़क ग्रामीणों को समर्पित की है ।

**ग्रामीणों ने जताया आभार :** ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए प्रधान शैलजा वनयाल का आभार प्राप्त किया है। बनी पंचायत प्रधान शैलजा बनयाल का कहना है कि मैंने सेरी गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने की ठान ली थी। हालांकि मुझे इस कार्य करवाने में कोर्ट तक लोगों ने पहुंचाया फिर भी मैं फिर भी पीछे नहीं हटी। सेरी गांव में सड़क पहुंचने पर सुकून का अनुभव हुआ है।

### स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में सरकार असफल : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, भोटा।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने भोटा विश्रामगृह में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में पूरी तरह से असफल हुई है। वर्तमान सरकार में आयुष्मान और हिम केयर कार्ड बंद होने की वजह से गरीब रोगियों को अपना इलाज करवाने के लिए या तो बैंक से ऋण लेने पड़ रहा है या फिर अपनी जान से हाथ धोने पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने भोटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ा दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे दोबारा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर दिया। हालत यह है कि इस अस्पताल को अब 4 बजे बंद कर दिया जाता है। इस कारण स्थानिय लोगों रात के समय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की तरफ रुख करने पड़ रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत के पार्षद अश्वनी सोनी, रविन्द्र खन्ना, अनिल धीमान व अन्य मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में खामियां दो माह में करें दूर : बीडीओ

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** विकास खंड नादौन में विभिन्न पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई जो कि लगातार 6 दिन तक चली। इन समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता बीडीओ निशांत शर्मा ने की। इसमें जिला परिषद, पंचायत समिति, प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, कनिष्ठ अभियंता और ग्राम रोजगार सेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बीडीओ नादौन ने बताया कि बैठकों के दौरान सामने आई कमियों में मनरेगा के कार्यों का धीमा होना, 15वें वित्त आयोग के तहत लंबित पड़ी धनराशि और आवास योजना के कार्यों में देरी शामिल है। इन कमियों को दूर करने हेतु दो माह में सभी मद की फाइल पूर्ण करने और लोगों के कार्य करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, निष्पक्ष बीपीएल चयन और आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। आपदा राहत कार्यों के लिए भी निर्देश दिए गए कि बरसात के मौसम में यदि कहीं लोगों की निजी संपत्ति को नुकसान होता है या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान होता है, तो उसके लिए स्थानीय स्तर पर तुरंत राहत कार्य किए जाएं व तुरंत मामलों को रिपोर्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त आगामी पंचायतीराज चुनावों के मद्देनजर कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों का 6 दिन चला दौर



निशांत शर्मा

बीडीओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत भी कार्य किया जा रहा है और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए एक विस्तृत प्लान बनाया गया है। इसके तहत हर गांव में प्लास्टिक कलेक्शन शेड बनाने के निर्देश दिए गए हैं जिससे गांवों गांवों से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया जाएगा। वर्तमान में भी हर पंचायत से प्रतिमाह प्लास्टिक कलूर पहुंच रहा है व इस प्रयास को धीरे-धीरे गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सभी प्रतिनिधियों के साथ लगातार समीक्षा बैठकों का प्रभाव भी देखने को मिला है तथा प्रधान के साथ-साथ उपप्रधान व वार्ड पंच भी विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे हैं। विकास खंड नादौन में प्लानिंग मद में लंबित कार्यों की संख्या में कमी आई है। एक वर्ष में 1000 के आसपास कार्य पूर्ण किए गए हैं, जो सर्वाधिक हैं।

मनरेगा में विकास खंड नादौन जिले में पहले स्थान पर रहा है। आपदा राहत कार्यों में भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है और लगभग 4000 से अधिक परिवारों के घरों में सुरक्षा दीवारें व गौशालाएं तैयार करवाई गई हैं। विकास खंड नादौन में पंचायतों द्वारा ग्रामीण पर्यटन पर भी उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। बीडीओ ने अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रतिनिधियों व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के साथ-साथ नादौन में भी विकास कार्यों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उनके निर्देशानुसार आगे भी इसी तरह के प्रयास जारी रखे जाएंगे ताकि आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

**बैठक में चर्चा** बड़ू चौक से लेकर बहुतकनीकी संस्थान तक लगाई स्ट्रीट लाइटें खराब : संगठन

# जलजनित रोगों से बचाने के लिए हो टैंकों की सफाई

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक की कार्यवाही का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। बैठक में लोगों की समस्याओं पर चर्चा करने के उपरांत शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह संबंधित विभागों से किया गया। जिले में आजकल आंतरशोध का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों ने जलशक्ति विभाग से मांग की है कि पानी के टैंकों की सफाई और क्लोरिनेशन ब्लीचिंग पाउडर डालकर समय-समय पर किया जाए। इसके अलावा जलशक्ति विभाग का भदरोली में जो टैंक बना है, उससे ग्रामीण लोगों को पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है जिससे ग्रामीणों में रोष व्यापत है। अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग हमीरपुर इस मामले पर संज्ञान लेकर समस्या का हल करवाएं। वार्ड नंबर 11 बड़ू चौक से बहुतकनीकी संस्थान तक जितनी भी स्ट्रीट लाइट्स हैं, वे खराब पड़ी हैं। नगर निगम हमीरपुर इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई करके उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करे।



हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक में मौजूद गणमान्य चर्चा करते हुए।

बड़ू पटवारखाना के पास जो सड़क मौही की तरफ जाती है, उसमें कई दिनों से कीचड़ भरा हुआ है, जिसे लोक निर्माण विभाग पत्थर आदि डालकर इस सड़क को चलने योग्य बनाए। सवाहल गांव के पास जो पुली है, वह पूर्णतया बंद पड़ी है जिससे बरसात का सारा पानी सड़क पर इकट्ठा हो जाता है तथा दोपहिया वाहनों एवं स्कूली बच्चों को सड़क पार करने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पहले भी विभाग को अवगत करवाया गया है परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। अतः लोनिवि अभिलंब इस विषय पर कार्रवाई अमल में लाए।

लावारिस पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं व फसलों को उजाड़ रहे हैं। ये लावारिस पशु शहर के आसपास, गांव भिड़ा, अपर कोहली व कोहली में प्रायः देखे जा सकते हैं। प्रशासन इस बारे उचित कदम उठाकर ग्रामीणों को राहत प्रदान करे। शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड हमीरपुर पर लोग आस्था से वाटर कूलर दान देकर लगाते हैं, जो कु समय बादखराब हो जाते हैं, ऐसे वाटर कूलर को संबंधित संस्था ही अपने स्तर पर ठीक करवा कर लोगों को सुविधा उपलब्ध करवाए। गुलेला स्कूल के पास जो सड़क गसोता लगवान को जाती है वहां पर एक बोर्ड शहीद शेर सिंह मार्ग के नाम से लगाया गया है जो वहां पर वाटर कूलर लगाने से ढक दिया गया है। अतः विभाग इस बोर्ड को कहीं आगे पीछे लगाने का कष्ट करे।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मनोहर लाल कानूनगो, महासचिव, मनसुख पठानिया, युद्धवीर सिंह, शंभू राम, हेमराज शर्मा, पीएन शर्मा, आरसी चागरा, ओपी नंदा, बलबीर पटियाल, रणजीत सिंह ठाकुर, प्रेमचंद, वीना कपिल, अरविंदर सिंह, अनिरुद्ध डोगरा, भागमल गुलेरिया, संतोष बनियाल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एचएएस परीक्षा आज, एडीसी गर्ग ने लिया प्रबंधों का जायजा

### पेपर-1 में 9 और पेपर-2 में 2 बजे के बाद नहीं मिलेगी एंट्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित की जा रही एचएएस की प्रारंभिक परीक्षा के लिए हमीरपुर में भी कड़े प्रबंध किए गए हैं। हमीरपुर में इस परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जो कि 2763 उम्मीदवारों को आवंटित किए गए हैं। एडीसी अभिषेक गर्ग ने शनिवार को पुलिस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके विभिन्न प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का पेपर-1 सामान्य ज्ञान सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और पेपर-2 एप्टीट्यूड टेस्ट 2:30 से सायं 4:30 बजे तक होगा। एडीसी ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा आरंभ होने से कम से कम आधा घंटे पहले परीक्षा हॉल में पहुंचना होगा। पेपर-1 के लिए सुबह 9 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जबकि पेपर-2 के लिए भी दोपहर 2 बजे के बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील की है कि वे बरसात के मौसम को देखते हुए निर्धारित समय से पहले पहुंचने का प्रयास करें, ताकि उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। अभिषेक गर्ग ने बताया कि इस परीक्षा के लिए डिग्री कालेज अणु, ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर, गर्ल्स स्कूल हमीरपुर, बहुतकनीकी कालेज बड़ू, हमीरपुर पब्लिक स्कूल रामनगर, न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर, सुपर मैगनेट स्कूल प्रतापनगर और ब्ल्यू स्टार स्कूल ककरू में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है। एडीसी ने बताया कि शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों के लिए बस सेवा का प्रबंध भी किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उच्च शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने जारी एक बयान में बताया कि राज्य और केंद्र प्रायोजित प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 जून, से शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त, निर्धारित की गई है, जबकि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, रखी गई है।

### हिमाचल शिक्षकों की प्रमोशन जल्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षकों के लिए लंबे समय से चला आ रहा पदोन्नति का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है। राज्य सरकार ने शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को तेज कर दिया है, जिसके तहत पहली सूची जुलाई 2025 में जारी होने की प्रबल संभावना है। यह खबर उन हजारों शिक्षकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है, जो अपनी पदोन्नति के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे थे। इस कदम से न केवल शिक्षकों के मनोबल में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार यह पहल शिक्षा विभाग में लंबे समय से लंबित पदोन्नति के मामलों को सुलझाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पहली सूची के जारी होने के बाद, आने वाले महीनों में और भी सूचियां जारी होने की संभावना है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षक लाभान्वित होंगे। पदोन्नति से शिक्षकों को नई जिम्मेदारियां मिलेंगी और वे अपने अनुभव तथा विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग कर पाएंगे।

### रावी नदी में कूदकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शनिवार को दोपहर एक व्यक्ति ने चंबा के शीतल ब्रिज से रावी नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां पर छलांग लगाने के लिए व्यक्ति अपनी स्कूटी लेकर आया था जिसको पहले उसने पार्क किया और उसके बाद पैदल चलने वाले शीतला ब्रिज से रावी नदी में छलांग लगा दी। रावी नदी का जलस्तर अत्यधिक होने के चलते व्यक्ति का शव नहीं मिल पाया है। सुसाइड करने वाले व्यक्ति की पहचान अनवर उर्फ अनु निवासी मोहल्ला सुल्तानपुर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक अनवर हरदासपुर मोहल्ले में एक बीयर बार का संचालन कर रहा था। लोगों के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे अनवर अपनी स्कूटी लेकर वहां पर आया और रावी नदी में कूद गया। पुल पर गुजर रहे लोगों वह आसपास खड़े लोगों के पास इतना मौका नहीं था कि वह उसे बचा सके। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई है और राहत और बचाव कार्य आरंभ कर दिए गया है।

### नड्डा 2 जुलाई से बिलासपुर दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 2 जुलाई को अपने दो दिवसीय प्रवास पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर पहुंच रहे हैं। यह दौरा उनके निजी और पारिवारिक कारणों से हो रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने भी माने जा रहे हैं। नड्डा 3 जुलाई को अपने पैतृक निवास विजयपुर (बिलासपुर) में आयोजित विशेष पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन उनके पिता नारायण दास नड्डा के 100वें जन्मदिवस में किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके परिजन, रिश्तेदार, पुराने मित्रों और नजदीकी सहयोगियों के अलावा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। भाजपा के जिला प्रवक्ता स्वदेश ठाकुर ने बताया कि नड्डा के आगमन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हालांकि, उनके कार्यालय से अभी तक कोई औपचारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन संभावना है कि वह 2 जुलाई की शाम तक बिलासपुर पहुंच जाएंगे।

# हिमाचली सेबों पर दरारें, बागवानों की उम्मीदें भगवान सहारे

## असामान्य मौसम की मार से प्रीमियम किस्में रेड गोल्डन, गोल्ड और टाइडमैन आई चपेट में

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश, एप्पल बास्केट नाम से मशहूर है। रसीले सेब अपना परिचय खुद देते हैं और देश विदेश तक अपनी महक बिखेरते हैं, मगर असामान्य मौसम मिजाज से सेब कई संकटों से गुजर रहा है। राज्य की सबसे प्रीमियम सेब किस्में रेड गोल्डन, गोल्डन और टाइडमैन, व्यापक क्रैकिंग (सतही दरारों) की चपेट में आ गई है, जिससे करोड़ों रुपए की फसल बर्बाद होने की आशंका है। इस अप्रत्याशित समस्या ने बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य भर के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों से मिल रही रिपोर्टें दर्शाती हैं कि पकने से पहले ही सेबों पर, खासकर रेड गोल्डन, गोल्डन और टाइडमैन किस्मों पर, बड़े पैमाने पर सतही दरारें पड़ रही हैं। बागवानों का कहना है कि उन्होंने अपनी आंखों के सामने कभी इतनी व्यापक समस्या नहीं देखी। ये दरारें न केवल सेब की बाहरी चमक को धूमिल कर रही हैं, बल्कि उनकी भंडारण क्षमता को भी कम कर रही हैं। सबसे अहम बात यह है कि दरारग्रस्त सेबों को 'ए' ग्रेड में नहीं बेचा जा सकता, जिससे उन्हें मंडी



में औने-पौने दामों पर बेचना पड़ेगा या कई मामलों में तो वे पूरी तरह से अनुपयोगी साबित हो सकते हैं।

बताते हैं कि अनियमित मौसमी पैटर्न इस संकट का सबसे बड़ा कारण है। इसमें अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव, बेमौसम और अत्यधिक बारिश के साथ-साथ मृदा में नमी का असंतुलन प्रमुख है। फल के विकास के दौरान पानी की कमी या अधिकता दोनों ही फलों में आंतरिक तनाव उत्पन्न कर क्रैकिंग को बढ़ावा देती हैं।

इसके अतिरिक्त, मृदा में कैल्शियम या बोरॉन जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी भी फलों की कोशिका भित्ति को कमजोर कर सकती है, जिससे वे फटने के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। कुछ मामलों में, फंगल संक्रमण या विशेष कीटों का हमला भी सेब की त्वचा को कमजोर कर सकता है और दरारें पैदा कर सकता है। विशेषज्ञों ने सिंचाई के गलत तरीकों या फसल की अनुपयुक्त कटाई प्रथाओं को भी इस समस्या को बढ़ाने वाला कारक बताया है।

काबिले गौर है कि दरारग्रस्त सेबों के कारण बागवानों को अपनी लागत निकालना भी मुश्किल होगा, जिससे उनकी वर्ष भर की मेहनत और आय पर सीधा नकारात्मक असर पड़ेगा। फसल के एक बड़े हिस्से के बर्बाद होने से न केवल उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि उनका मनोबल भी बुरी तरह प्रभावित होगा। बागवानों के सामने अब चुनौती ये है कि वे अगली फसल के लिए निवेश कहाँ से लाएं।

### सरकार को गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत

**प्रदेश** सरकार का बागवानी विभाग इस समस्या को अत्यंत गंभीरता से लें। विभिन्न विशेषज्ञ दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें, ताकि दरारों के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए बागवानों को तत्काल उचित सलाह और वैज्ञानिक सहायता प्रदान करना अनिवार्य है। इसमें उन्नत मौसम पूर्वानुमान प्रणाली, मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन और रोग प्रतिरोधी किस्मों का संवर्धन शामिल है।

### अचानक तापमान में परिवर्तन से क्रैकिंग की समस्या बढ़ी : डॉ. एसपी भारद्वाज



**बागवानी** विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज ने स्पष्ट किया है कि गोल्डन, रेड गोल्डन और टाइडमैन सेब में क्रैकिंग की समस्या मृदा में नमी के स्तर, अचानक तापमान परिवर्तन और पोषक तत्वों के असंतुलन का परिणाम है। बागवानों को मृदा की नमी के स्तर को बनाए रखने और उचित पोषण प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि इस समस्या को नियंत्रित किया जा सके। उनके मुताबिक बागवान घबराए नहीं, बल्कि जिन सेब के दानों में क्रैकिंग की समस्या दिख रही हैं, उन्हें हटा दें, ताकि उसके आसपास सेब के दानों को विकसित होने का मौका मिले।

## सेब सीजन के प्रबंधों को लेकर व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

रामपुर बुशहर। उपमंडल रामपुर के अंतर्गत सेब सीजन के प्रबंधों को लेकर शनिवार को ट्रक ऑपरेटर यूनियन, पिकअप यूनियन, एप्पल ग्रोवर यूनियन, लेबर यूनियन, सेब ग्रेडिंग व पेकिंग एसोसिएशन, फॉरवडिंग एजेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ उप-मंडलाधिकारी (ना.) रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।



सेब सीजन को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह।

बैठक में हर्ष अमरेंद्र ने कहा कि प्रशासन ने सेब सीजन के लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। सेब को विभिन्न मंडियों तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा पिछले वर्ष जो दरें निर्धारित की थीं, उसमें इस वर्ष सेब सीजन के लिए रामपुर उपमंडल से दिल्ली व चंड़ीगढ के लिए भारी वाहनों के किराया दर में 10 पैसे प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने के लिए प्रस्ताव उपायुक्त शिमला को भेजा गया है, जबकि पिकअप की दरें पिछले वर्ष की ही रहेगी। उन्होंने कहा कि सेब ढुलाई की दरों में संशोधन का प्रस्ताव जो

**दिल्ली व चंडीगढ़ के सेब ढुलाई किराये में 10 पैसे प्रति किमी प्रति क्विंटल बढ़ाने का प्रस्ताव**

सरकार को भेजा है, उनमें रामपुर उपमंडल से दिल्ली के लिए ट्रक व अन्य भारी वाहनों का किराया एक रुपए प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल व चंडीगढ के लिए 1.60 रुपए प्रति किलो मीटर प्रति क्विंटल करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है, जबकि 20 किलोमीटर तक के पिकअप किराया 2.50 रुपए व 20 किलोमीटर के अधिक दूरी का किराया 2.30 रुपए प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल ही रहेगा।

उन्होंने बागवानों से कहा कि सेब को विभिन्न मंडियों में भेजने से पहले यह अवश्य जांच लें कि जिस गाड़ी में सेब लोड कर रहे हैं उस गाड़ी का बीमा है या नहीं और साथ ही सेब का इंयोरेंस भी अवश्य करवाएं। उन्होंने ट्रक ऑपरेटर यूनियन व पिकअप यूनियन से कहा कि निर्धारित दरो से कोई अधिक वसूली करता है और प्रशासन को इसकी शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बागवानों ने मांग किया कि सेब के वाहनों से कोई यूनियन पर्ची न काटे, जिससे बागवानों को नुक्सान हो। उन्होंने ट्रकों के लोड स्टेशन भी निर्धारित करने को कहा और राष्ट्रीय उच्च मार्ग से उनकी दूरी भी सूचित करने की मांग की, ताकि बागवानों व ट्रक चालकों को पता चल सके की राष्ट्रीय उच्च मार्ग से लोडिंग स्टेशन की कितनी दूरी है, जिससे किराया निर्धारित करने में आसानी हो।

## हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

छछमाजरा प्रकरण के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रमन कुमार निवासी रामपुर माजरी, जिला सिरमौर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका रिजेक्ट होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई अमल में लाई है।



पुलिस के अनुसार आरोपी रमन पर आरोप है कि माजरा प्रकरण के दौरान सामने आए दो समुदायों के बीच टकराव के दौरान उसने हेड कांस्टेबल संदीप के सिर पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया था। इस घटना में संदीप सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए थे, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यह छठी गिरफ्तारी की है।

इस मामले में पुलिस कर्मियों पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में कई लोगों पर केस दर्ज किए गए हैं, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी को भी नामजद किया गया है।

उधर, डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## मंत्रिमंडल को लेकर गंभीरता नहीं, जनता पूछ रही व्यस्तता या बहिष्कार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसी भी चीज को गंभीरता से नहीं लेती है। यही हाल वर्तमान में सुख की सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक का भी है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने लाहौल दौरे के दौरान कहीं।



लाहौल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य गणमान्य।

उन्होंने कहा कि शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लगभग आधे मंत्री अनुपस्थित थे। महत्वपूर्ण बैठक में इस तरीके की अनुपस्थिति सवाल खड़े करती है। भीतरखाते यह सवाल उठ रहे हैं कि मंत्रिमंडल में मंत्रियों का उपस्थित न रहना महज कोई संयोग है, कोई व्यस्तता है या फिर मंत्रिमंडल की बैठक का बहिष्कार है। प्रदेश में बरसात का मौसम है और बारिश, बादल फटने और बाढ़ की वजह से जन धन की भारी हानि हुई है। ऐसी हालत में यह कैबिनेट की पहली बैठक है और उस बैठक में महत्वपूर्ण विभाग संभाल रहे मंत्रियों का मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल न होना अपने आप में बड़े सवाल खड़े करती है। जयराम ने कहा कि प्रदेश के लोग यह जानना चाहते हैं कि मंत्रिमंडल की बैठक से लगभग आधे से कम मंत्रियों की उपस्थिति महज उनकी व्यस्तता है या फिर मंत्रिमंडल की बैठक का बहिष्कार है।

शनिवार को मनाली में उन्होंने हिडिंबा माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह अटल टनल होते हुए केलांग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में रुक कर लाहौल की खूबसूरत वादियों का लुफ्त उठाया।

## जब विधाता न्याय करता है, तो वह अपने तरीके से करता है : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने आपातकाल को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान मीडिया, न्यायपालिका और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया गया था।



कश्यप ने 'द इमरजेंसी डायरीज' ईयर दैट फॉर्ज्ड अ लीडर' नामक पुस्तक का भी जिक्र किया, जो प्रधानमंत्री मोदी के आपातकाल के दौरान के अनुभवों पर आधारित है। उस समय एक युवा संघ प्रचारक के रूप में, मोदी ने भूमिगत रहकर जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख के नेतृत्व में जन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।

कश्यप ने जोर देकर कहा कि जब विधाता न्याय करता है, तो वह अपने तरीके से करता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिस 25 वर्षीय युवक ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही का विरोध किया था, वही व्यक्ति आज देश का प्रधानमंत्री है।

## हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए एचपी पुलिस ने हाफ मैराथन से भरी हुंकार

### सीएम सुक्खू का सशक्त संदेश, एक साथ नशे को देंगे मात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य को नशामुक्त बनाने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया है। यह संदेश हिमाचल प्रदेश पुलिस हाफ मैराथन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से नशे के खिलाफ इस लड़ाई में एकजुट होने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि नशा मुक्त हिमाचल के लिए कदम बढ़ाइए। नशे को मात देंगे, एक साथ!卐 यह नारा न केवल एक स्लोगन है, बल्कि यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास का प्रतीक है।

### युवाओं और समाज से सहभागिता की अपील

**मुख्यमंत्री** का यह संदेश विशेष रूप से युवाओं पर केंद्रित है, जिन्हें नशे की गिरफ्त से बचाने और उन्हें एक स्वस्थ भविष्य प्रदान करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने आस-पास के माहौल को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

## एसएफआई ने हिमाचल प्रदेश विवि प्रशासन को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय के कार्यपालक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर छात्रावासों के नवीनीकरण और छात्रों को आ रही समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। एसएफआई ने विशेष रूप से श्रीखंड छात्रावास को पिछले डेढ़ साल से बंद रखे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई, जिससे छात्रों को महंगे निजी कमरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

एसएफआई परिसर उपाध्यक्ष योगी ने इस बात पर जोर दिया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में केवल तीन छात्र छात्रावास हैं, जिनमें से श्रीखंड



अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते एसएफआई के कार्यकर्ता।

छात्रावास लंबे समय से नवीनीकरण न होने के कारण बंद पड़ा है। एसएफआई ने मांग की है कि नए शैक्षणिक सत्र तक श्रीखंड छात्रावास का नवीनीकरण कर उसे छात्रों के लिए आवंटित किया जाए। परिसर सह सचिव आशीष चौहान ने बताया कि जनवरी में भी छात्रावासों को नवीनीकरण के बहाने खाली करवाया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**श्रीखंड छात्रावास के नवीनीकरण की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन**

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पीएम उषा योजना के तहत छात्रावास नवीनीकरण के लिए विश्वविद्यालय को लगभग 16 करोड़ रुपए का बजट मिला है, फिर भी प्रशासन इस काम में देरी कर रहा है।

एसएफआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द छात्रावास का नवीनीकरण नहीं किया गया और श्रीखंड छात्रावास को नए सत्र में छात्रों के लिए आवंटित नहीं किया गया, तो वे छात्रों को लामबंद कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सरकारी बस में तोड़फोड़ करने के आरोपियों को 2 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला सत्र न्यायालय के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हमीरपुर रवि ने आरोपी व्यक्तियों दिनेश कुमार पुत्र प्रकाश चंद, संजीव कुमार पुत्र प्रकाश चंद तथा प्रकाश चंद पुत्र सीता राम निवासी तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर को धारा 341, 353, 504 आईपीसी तथा 3 पीडीपी एक्ट के तहत अपराधों के लिए दोषी ठहराया है।

### 10-10 हजार रुपए जुर्माना



मामले के अनुसार 23 नवंबर 2018 को सायं बोहनी स्थान पर आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता के वाहन को रोका और उसके साथ मारपीट तथा बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह मामला आईपीसी की धारा 341, 353, 504 तथा पीडीपी एक्ट की धारा 3 के तहत थाना सदर हमीरपुर में दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। मामले की सुनवाई हमीरपुर के अपर लोक न्यायवादी विशाल दीपक द्वारा की गई तथा सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने के लिए 12 गवाहों की जांच की गई।

साक्ष्यों के निष्कर्ष पर तथा अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की सुनवाई के पश्चात, निचली अदालत ने आरोपियों को धारा 341, 353, 504 आईपीसी तथा 3 पीडीपी एक्ट के तहत दोषी ठहराया तथा सजा सुनाई है। धारा 341 आईपीसी के तहत प्रत्येक को एक माह का साधारण कारावास, धारा 353 आईपीसी के तहत प्रत्येक को 2 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 504 आईपीसी के तहत प्रत्येक को 6 माह का कठोर कारावास तथा धारा 3 पीडीपी अधिनियम के तहत 2 वर्ष का कठोर कारावास तथा 10,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर एक-एक माह का साधारण कारावास। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

**बैठक** | अहम फैसलों पर असर, निजी कारणों व पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों से नहीं हो पाए शामिल

## सीएम सुक्खू की कैबिनेट बैठक से चार मंत्री नदारद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सचिवालय में सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार हुई कैबिनेट की अहम बैठक से चार प्रमुख मंत्री नदारद रहे। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अनुपस्थिति ने बैठक के महत्व और संभावित निर्णयों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह अनुपस्थिति ऐसे समय में हुई है, जब प्रदेश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और निर्णय अपेक्षित थे।

मंत्रियों की गैर-मौजूदगी के पीछे अलग-अलग कारण बताए गए हैं। शिक्षा मंत्री अपने पहले से निर्धारित चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में व्यस्त थे, जो अकसर सार्वजनिक प्रतिनिधियों के लिए एक सामान्य स्थिति होती है। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अनुपस्थिति के पीछे निजी कारण बताए गए हैं।

सूत्रों की मानें तो ये कारण पारिवारिक व्यस्तताएं, स्वास्थ्य संबंधी मामले या अन्य व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं हो सकती हैं। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कुछ अनुपस्थितियां केवल निजी कारणों तक सीमित नहीं हो सकतीं, बल्कि आंतरिक समन्वय या प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत भी दे सकती हैं।

### सरकार की तरफ से नहीं आया कोई आधिकारिक बयान

**सरकार** की ओर से अनुपस्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इन फैसलों के कार्यान्वयन और अनुपस्थित मंत्रियों की भूमिका पर सबकी निगाहें रहेंगी।

### विपक्ष को मिलेगा आलोचना का मौका

**वरिष्ठ** मंत्रियों की इस अनुपस्थिति के कई निहितार्थ हो सकते हैं। सबसे पहले, यह नीतिगत निर्णयों की गति को प्रभावित कर सकता है, खासकर यदि उनके विभागों से संबंधित मुद्दों पर सीधे इनपुट की आवश्यकता हो। महत्वपूर्ण बैठकों से प्रमुख मंत्रियों का अनुपस्थित रहना विपक्ष को आलोचना का अवसर भी दे सकता है, जिससे सरकार की छवि पर संभावित असर पड़ सकता है। यह दर्शाता है कि सभी मंत्री एक साथ मौजूद नहीं हैं, जब बड़े और दूरगामी फैसले लिए जा रहे हैं, जिससे कैबिनेट के सामूहिक ज्ञान और अनुभव का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है।

## लकड़ी का वेस्ट मैटिरियल बाढ़ में बहकर पंडोह डैम तक पहुंचा : खाची

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने कहा कि बीते 25 जून को कुल्लू जिला में बादल फटने की घटना को सोशल मीडिया पर दिखाकर भ्रमित किया जा रहा है।



मंडी में खाची ने कहा कि 25 जून की घटना को 2023 की आपदा से जोड़ कर देखा जा रहा है और इसे वन विभाग की लापरवाही समझा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बादल फटने की वजह से वन भूमि का भी बहुत नुकसान हुआ है, जो लकड़ी नाले में बहकर आई है वे वनभूमि पर पड़ी वेस्ट लकड़ी है।

उन्होंने बताया कि कुल्लू जिला के पार्वती व सराज वनमंडल के अंतर्गत गड़सा घाटी में विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क और उसके साथ लगते सेंक्च्यूरी एरिया में मानवीय हस्तक्षेप न होने की वजह से वहां पर गिरने वाले पड़ों को उठाने की मनाही है। यह वेस्ट मैटिरियल बाढ़ में बहकर पंडोह डैम तक पहुंचा।

खाची ने ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर के उस बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ता कभी-कभी सुर्खियों में रहने के लिए बेमतलब के बयान दे देते हैं, जिससे पार्टी और सरकार की छवि खराब होती है। उन्होंने कहा कि राठौर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं वह पार्टी के हित के लिए कार्य करें, लेकिन तथ्यों को जाने बिना।

# पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण से किसानों की बढ़ी मुश्किलें

## कृषि गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित, आजीविका पर खतरा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पठानकोट**-मंडी फोरलेन के कायस्थवाड़ी-पद्दर टी जंक्शन स्ट्रेच के निर्माण के दौरान पर्यावरणीय क्षति और अव्यवस्थित निर्माण कार्यों ने स्थानीय कृषक समुदाय को गंभीर संकट में डाल दिया है। कृषि गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं तथा किसानों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है।



किसानों ने एनएचएआई व जिला प्रशासन से की कूहलों की मरम्मत करने की मांग।

सड़क निर्माण के चलते आसपास के रास्ते, प्राकृतिक नाले और जल स्रोत बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हाल ही में 25 जून को हुई भारी बारिश से पुनर्संरचित नाले की संकरी चौड़ाई के कारण भयंकर कटाव हुआ, जिससे कई किसानों की उपजाऊ भूमि बह गई। लगातार हो रही बारिश से और नुकसान का खतरा बना हुआ है। स्थिति तब और बिगड़ गई जब क्षेत्र की तीन मुख्य पारंपरिक कूहलें पिछले एक वर्ष से अवरुद्ध हैं। सिंचाई के अभाव में कृषि उत्पादन बुरी तरह गिर गया है। वहीं, बिना वैकल्पिक मार्ग या अंडरपास बनाए सात पारंपरिक रास्तों को तोड़ दिए जाने से किसान अपनी भूमि तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे खेती के बुनियादी कार्य रुक गए हैं। सबसे गंभीर संकट पेयजल का है। पहाड़ी की अवैज्ञानिक कटाई से प्राकृतिक जल स्रोत सूख रहे हैं, जिससे मानव और पशुधन दोनों के लिए जल संकट खड़ा हो गया है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

**पूर्व** सैनिक सेवा संगठन कवाड़ी के अध्यक्ष कर्नल दीप सिंह, उपाध्यक्ष कैप्टन कुलदीप सिंह, सचिव कैप्टन रणधीर सिंह जग्गी, सचिव संगठन हवलदार रामदेव पांजला, कोषाध्यक्ष ई. केवल कृष्ण धीमान और संयोजक कर्नल स्वरूप सिंह कोहली तथा प्रभावित किसानों ने एनएचएआई व जिला प्रशासन से मांग की है कि नाले को चौड़ा किया जाए, क्षतिग्रस्त रास्तों और कूहलों की मरम्मत की जाए तथा जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

## राष्ट्र मंडल संसदीय संघ वार्षिक सम्मेलन भारत क्षेत्र- II की तैयारियां जोरों पर

# कुलदीप पठानिया ने संभाली मेजबानी की कमान

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** धर्मशाला के तपोवन में 1 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्र मंडल संसदीय संघ वार्षिक सम्मेलन भारत क्षेत्र- II की मेजबानी की कमान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खुद संभाल ली है। पठानिया पिछले कल तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिमला से गत शात धर्मशाला पहुंचे उन्होंने आयोजन स्थल पर हर जगह का स्वयं निरीक्षण किया तथा हर व्यवस्था समुचित हो सभी को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने 30 जून व 1 जुलाई को विधानसभा परिसर तपोवन में आयोजित होने वाले दोपहर के भोज के लिए बैठने की व्यवस्था तथा परोसे जाने वाले व्यंजनों का भी चयन किया। गौरतलब है कि प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पास भोजन तैयार करने तथा परोसने का जिम्मा सौंपा गया है। विधान सभा अध्यक्ष ने सदन के अंदर बैठने की व्यवस्था को भी अंतिम रूप दिया और सदन के अंदर साफ- सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।



तपोवन में अधिकारियों के साथ तैयारियों पर चर्चा करते कुलदीप सिंह पठानिया

इंटरनेट सुविधा तथा वातानुकूल सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश विधानसभा अध्यक्ष ने विशिष्ट अतिथियों को सम्मेलन के दौरान तपोवन भवन में आवंटित कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा सभी कक्ष में इंटरनेट सुविधा तथा वातानुकूल सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने शनिवार को विशिष्ट अतिथियों के ठहरने की जगहों का भी दौरा कर निरीक्षण किया। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उप सभापति तथा सभी राज्यों के विधान सभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व उनके साथ आ रहे मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक तथा विधायकगण होटल हयात धर्मशाला में ठहर रहे हैं, जबकि अन्य अतिथि होटल इंद्रप्रस्थ में ठहरेंगे। पठानिया ने दोनों होटल के प्रबंधकों को अतिथियों के स्वागत तथा ठहरने में कोई कठिनाई न हो, उसके निर्देश दिए तथा उतम सेवाएं मुहैया करवाने को कहा। वहीं, जिला प्रशासन को यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने तथा किसी भी तरह के व्यवधान को दूर करने के निर्देश दिए।

### ओम बिरला कल पहुंचेंगे धर्मशाला

**लोकसभा** अध्यक्ष एवं राष्ट्र मंडल संसदीय संघ भारत के अध्यक्ष ओम बिरला 30 जून को सुबह 8:00 बजे हवाई मार्ग द्वारा गगल एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां कुलदीप पठानिया उनकी अगुवानी करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सम्मेलन में भाग लेने 29 जून को धर्मशाला पहुंच रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ 30 जून को पूर्वाह्न 10: 00 बजे होगा। कुलदीप सिंह स्वागत संबोधन देंगे तथा मंच पर विराजमान अतिथियों को सम्मानित करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्यसभा उप सभापति हरिवंश, संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चैहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उदघाटन समारोह में संबोधन देंगे, जबकि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार धन्यवाद संबोधन देंगे। सम्मेलन में कुल तीन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां चर्चा के लिए चयनित तीनों विषयों पर गहरी चर्चा व मंथन किया जाएगा।

# पुलिस ने अवैध खनन मामले में 1 जेसीबी व 24 वाहन किए जब्त

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत छौंछ खड्ड खुब्बड़ में 1 जेसीबी मशीन को जब्त किया गया है। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

इसके अलावा पुलिस जिला नूरपुर द्वारा शुक्रवार रात को पुलिस थाना डमटाल एवं पुलिस थाना इंदौरा की सीमा में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ एक विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 24 वाहन, जो अवैध रूप से खनिज पदार्थ ले जा रहे थे, उनको जब्त किया गया है। जिला पुलिस द्वारा साल 2025 में 28 जून तक अवैध खनन माफिया के खिलाफ 10 अभियोग दर्ज व 421 चालान किए गए हैं। अवैध खनन में शामिल 80 वाहनों को जब्त किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन जनता से अपील करता है कि अवैध खनन जैसी गतिविधियों की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि इस पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।



पुलिस की ओर से जब्त की गई जेबीसी व अन्य वाहन।

## द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में एआई के बताए लाभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए बीसीए एवं बीकॉम विभाग की ओर से समूह चर्चा और मंथन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत के प्रशिक्षण, विकास और प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संसाधन व्यक्ति कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया थे, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान को छात्रों के साथ साझा किया। इसके अलावा, सहायक प्रोफेसर अनिश कोरला, निशांत चौधरी और मेघना पठानिया (टीपीओ) भी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समूह चर्चा में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई, जिनमें व्यवसाय, एआई, प्रबंधन और कंप्यूटर विज्ञान से जुड़े विषय शामिल थे। व्यवसाय संबंधी विषयों में व्यवसाय संचालन पर एआई का प्रभाव, डिजिटल युग में उद्यमिता, एआई के अनुप्रयोग और लाभ, और व्यवसाय में डिजिटल परिवर्तन शामिल थे। एआई संबंधी विषयों में व्यवसाय में कंप्यूटर विजन के अनुप्रयोग, एआई को अपनाने की चुनौतियां और अवसर, और एआई और निर्णय लेना शामिल थे। कार्यक्रम में सभी अध्यापक वर्ग उपस्थित रहे।

# तृप्ता स्कूल में शिक्षा नीति से जुड़े विषयों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में सीबीएसई की ओर से दो दिवसीय 27 और 28 जून को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत स्ट्रेंथनिंग असेसमेंट एंड इवैल्यूएशन प्रैक्टिसेज वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में सीबीएसई द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत स्ट्रेंथनिंग असेसमेंट एंड इवैल्यूएशन प्रैक्टिसेज ट्रेनिंग का आयोजन करवाया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. आरती शर्मा प्रधानाचार्य स्कॉलर इंटरनेशनल स्कूल मटौर और जगदीप शर्मा हेड ऑफ आईटी विभाग जीएवी कांगड़ा ने शिरकत की। सबसे पहले रिसोर्स पर्सन और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा सहित अध्यापकों ने द्वीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन किया। रिसोर्स पर्सन ने बड़े ही सुंदर ढंग से बहुत अच्छी जानकारी दी। उन्होंने क्लासरूम में पढ़ाते समय टीचर को कौन-कौन से समस्या आती है और उन्हें किस प्रकार से हल किया जा सकता, उसके बारे में समस्याओं को हल करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों की योग्यता के अनुसार उनको किस प्रकार से किन बातों का ध्यान रखते हुए प्रश्नपत्र को कैसे तैयार किया जाता है उसके बारे में जानकारी दी। आरती शर्मा कक्षा में पढ़ाते समय आने वाली समस्या को किस प्रकार से हल किया जा सकता है, बड़े विस्तारपूर्वक तरीके से समझाया। उन्होंने कुछ शिक्षा नीति से जुड़े विषयों के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने गतिविधियों के माध्यम से अपनी शिक्षा को और अधिक इफेक्टिव और रोचक बनाने के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके बाद स्किल विषयों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीएससी द्वारा दिया स्किल विषयों से बच्चे अपने अंकों में बढ़ोतरी कर सकते हैं। शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे पढ़ाई के साथ-साथ बहुत आवश्यक है। अंत में आए हुए रिसोर्सपर्सन का इतनी अच्छी जानकारी प्रदान के लिए धन्यवाद किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



तृप्ता पब्लिक स्कूल में स्ट्रेंथनिंग असेसमेंट एंड इवैल्यूएशन प्रैक्टिसेज वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

# डाडासीबा कॉलेज की बेटियों ने रचा इतिहास

## आरुषि हिमाचल में टॉपर, आंचल ने झटका द्वितीय स्थान



सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कॉलेज पहुंचकर दोनों छात्राओं को किया सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा कॉलेज की दो होनहार छात्राओं ने बीकॉम फाइनल परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की ओर से घोषित परिणामों में आरुषि ठाकुर ने पूरे प्रदेशभर में प्रथम, जबकि आंचल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेरिट सूची में डाडासीबा कॉलेज को शीर्ष पर पहुंचा दिया है। कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह महाविद्यालय के इतिहास का गौरवशाली क्षण है। शनिवार को दोनों छात्राएं कॉलेज पहुंचीं, तो स्टाफ ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने महाविद्यालय पहुंचकर दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। डाडासीबा के डीएसपी राजकुमार भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बनगोलू झरना आम जनता और पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने जानकारी दी कि मानसून सीजन के दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने और पर्यटकों व स्थानीय निवासियों की सुरक्षा के मद्देनजर बैजनाथ उपमंडल की ग्राम पंचायत गुनेहड़ के अंतर्गत आने वाले बनगोलू झरना तथा आसपास के क्षेत्र को आम जनता के लिए 31 जुलाई तक अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

इस संबंध में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग तथा ग्राम पंचायत गुनेहर को आदेश का सख्ती से पालन करवाने तथा सभी पहुंच मार्गों पर बैरिकेड और सूचना बोर्ड लगाने की निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह कदम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आम जनता तथा पर्यटकों से झरने के पास न जाने का आग्रह किया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# साडा क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं और समस्याओं का करें निपटान : संकल्प

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

एसडीएम बैजनाथ एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ( साडा ) के अध्यक्ष संकल्प गौतम की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय बीड़ में साडा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विकास एवं प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में पर्यटन अवसंरचना के विकास तथा पार्किंग सुविधाओं की योजनाओं पर चर्चा की गई। वहीं, पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट पर अनाधिकृत निर्माणों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने साडा क्षेत्र के तहत आ रही विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निपटान करने तथा क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने, अधोसंरचना विकास कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि साडा क्षेत्र में विकास को गति मिल सके। एसडीएम ने कहा कि साडा क्षेत्र मे नेचर पार्क निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि नेचर पार्क के निर्माण से पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ प्राप्त होगा। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित स्थान का जल्द सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि आगे की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से यह कदम महत्वपूर्ण रहेगा तथा इससे आने वाले पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में घूमने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आग्रह करते हुए स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में लैंडिंग साइट के दोनों ओर पार्किंग प्रतिबंधित करने, सड़कों की मरम्मत करने, पैराग्लाइडिंग टेक ऑफ साइट में मैट लगाने, सोलर लाइट लगाने, साडा क्षेत्र में प्रवेश द्वार के निर्माण बारे तथा पक्के रास्तों के निर्माण बारे विस्तृत चर्चा की गई।

### नेचर पार्क निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान होगा चिन्हित

# तेज रफ्तार पर सख्त कानून बने, हर साल बच सकते हैं 1 .22 लाख जीवन : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि भारत का सड़क परिवहन मंत्रालय शानदार काम कर रहा है। नितिन गडकरी ने भारत को शानदार राजमार्गों का देश बना दिया है। गडकरी ने कहा है कि भारत में दुनिया के एक प्रतिशत वाहन हैं और भारत में दुनियाभर की कुल दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में 5 लाख दुर्घटनाएं हुई, जिनमें एक लाख 80 हजार लोग मारे गए हैं। भारत में प्रतिदिन 42 बच्चे और 31 किशोर दुर्घटनाओं में मरते हैं। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही कि 75 प्रतिशत दुर्घटनाएं केवल तेज गति से चलने के कारण होती है। शांत कुमार ने सरकार से आग्रह किया है कि तेज रफ्तार के अपराध को कठोर सजा से कम किया जा सकता है। दुनिया में बहुत से देशों में कठोर सजा के कारण सभी अपराधों को कम किया गया है। उन्होंने कहा कि तेज रफतार के अपराध पर 25 हजार जुर्माना और 3 महीने के लिए लाइसेंस कैंसल किया जाए। यदि वही व्यक्ति अपराध दोबारा करे तो 50 हजार जुर्माना और 6 महीने के लिए लाइसेंस कैंसल किया जाए। इतनी सख्त सजा से संभल जाएंगे, लेकिन हो सकता है कि 10 फीसदी लोग न समझें। एक अनुमान के अनुसार, इस सख्त सजा के बाद एक लाख 22 हजार लोगों का जीवन बच जाएगा और सरकार के खजाने में 50 करोड़ रुपए से अधिक की आय होगी।



यदि सरकार यह कठोर कानून बनाए तो भारत में प्रतिवर्ष एक लाख 22 हजार मौतें कम हो जाएंगी और हजारों घरों में मातम की काली छाया नहीं पड़ेगी और सरकार को जुर्माने की राशि से करोड़ों रुपए का लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि विश्व में बहुत से देश हैं, जिनमें कठोर सजा के कारण अपराधों की संख्या बहुत कम है। यदि उन देशों में अपराध कम किए जा सकते हैं, तो भारत में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। सबसे हैरानी की बात है कि भारत में मरने वालों में 75 प्रतिशत केवल तेज गति से होनी वाली दुर्घटनाओं में मरते है। इस अपराध को कठोर सजा से कम करना बिलकुल संभव है।

# रोटरी क्लब निभा रहा सराहनीय भूमिका : धर्माणी



आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पालमपुर में किया तीन दिवसीय द्रोणा-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने रोटरी क्लब इंटरनेशनल 3090 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 के रूप में भूपेश मेहता की इंस्टालेशन सेरेमनी और 3 दिवसीय द्रोणा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्री राजेश धर्माणी ने रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों और मानव सेवा में क्लब की भूमिका सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब विश्वभर में मानवता और सामाजिक हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने भूपेश मेहता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के पर्यटन आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है। कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के बनखंडी में बड़ा जियोलॉजिकल पार्क का निर्माण किया जा रहा और कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार भी प्रस्तावित है।

## दंगल आपस में समाज को जोड़ते मेले, युवा पीढ़ी को नशों से रखते दूर : अंकुश

# सागर ने मिंदा को हराकर जीता गगवाल दंगल

### विजेता पहलवान को 15 हजार और उपविजेता को 13 हजार रुपए देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**विधानसभा** क्षेत्र इंदौरा के गगवाल गांव में छिंज मेले का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में भाजपा युवा नेता व प्रमुख समाज सेवक अंकुश इंदोरिया के अलावा स्थानीय प्रधान राजिंदर मनकोटिया, जिला परिषद सदस्य व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देविंदर मनकोटिया विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस वार्षिक छिंज मेले में पंजाब, हिमाचल,जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के करीब नामी पहलवानों की कुश्तियां करवाई गईं।

पहलवान सागर व मिंदा के बीच बड़ी माली हुई, जिसमें सागर पहलवान ने मींदा को हराया। कमेटी ने विजय पहलवान सागर को 15 हजार व उपविजेता मींदा को 13 हजार नकद इनाम भेंट कर सम्मानित किया। अंकुश इंदोरिया ने मेला कमेटी को 11,000 व बड़ी माली विजेता पहलवान सागर को 3100 रुपए दिए। उन्होंने कहा कि यह छिंज मेले प्रेम, सदभावना, एकता, अखंडता का संदेश देने परमपरा निभाता चला रहे हैं। उन्होंने युवाओं को दिए अपने संदेश में कहा कि छिंज मेले राज्य की अनमोल विरासत व संस्कृति की पहचान हैं, इसलिए युवा पीढ़ी को चाहिए कि अमूल्य विरासत को अपने दिलो में संजोकर रखें तथा नशे के खिलाफ लामबंद होकर नशामुक्त समाज की सिरजना में अपना योगदान दें। इस मौके पर छिंज मेला कमेटी पदाधिकारियों, सदस्यों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



छिंज मेला कमेटी के पदाधिकारी पहलवानों को सम्मानित करते हुए (दाएं) जोर आजमाइश करते हुए पहलवान।

## ढाटी स्कूल में महापुरुषों की जीवनी पर डाला प्रकाश

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में प्रधानाचार्या अंजू शर्मा की अध्यक्षता में 18 से लेकर 28 जून तक चले भारतीय भाषा समाज समर कैंप का समापन किया गया। इस समर कैंप को संचालित करते हुए प्रवक्ता भौतिकी भारती अरोड़ा, प्रवक्ता इतिहास नीलम कुमारी व स्नातक कला रूबी ने योगदान दिया। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे पंजाबी भाषा की लिपि गुरुमुखी का ज्ञान, पंजाब की वर्चुअल यात्रा,पंजाब के महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं, पंजाब की भौगोलिक व ऐतिहासिक जानकारी, पंजाबी भाषा में वार्तालाप, पंजाबी व्यंजनों की प्रदर्शनी, पंजाबी लोक नृत्य व लोकगीत पंजाबी शिष्टाचार और पंजाबी लोक चित्रकला इत्यादि गतिविधियां आयोजित की गईं। गुरुमुखी लिपि सीखने में वोकेशनल अध्यापक विक्रांत राणा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसएमसी प्रधान पवन कुमार और प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंपस इंटरव्यू में 137 अभ्यर्थी चयनित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आईटीआई बालकरूपी में सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट साक्षात्कार का आयोजन किया गया। आईटीआई बालकरूपी सहित आसपास के कुल 8 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से विभिन्न ट्रेड्स के 225 प्रशिक्षु अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 137 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। चयनित प्रशिक्षुओं को 24,550 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा साथ में कंपनी में मिलने वाली सुविधाएं भी प्रशिक्षुओं को प्रदान की जाएंगी। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने चयनित सभी प्रशिक्षुओं को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षकों की मेहनत एवं प्लेसमेंट टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

### उपभोक्ता 30 से पहले जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता दिनांक 30 जून से पहले अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम एचपीएसईबीएल ऐप, एयरटेल ऐप, गूगल पे, फोन पे एवं अमाजोन डोट इन से भी कर सकते हैं। बिजली बिल का भुगतान ना करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा।

### गगन सिंह गुलेरिया प्राखंड मंत्री नियुक्त



**अनंत ज्ञान, हरिपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हरिपुर प्राखंड की बैठक प्राचीन राम मंदिर हरिपुर के परिसर में प्रांत सत्संग प्रमुख पवन बजरंगी की अध्यक्षता व जिला अध्यक्ष तरलोक चंद व जिलामंत्री मनीष सूद की उपस्थिति में हुई। इसमें प्राखंड संगठनात्मक संरचना को ओर मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। पवन बजरंगी ने कहा कि लोग किराए के लालच में अपनी दुकानें व घर रहने को दे रहे रहे हैं, जिनकी कोई जांच पड़ताल नहीं कर रहा है। प्रशासन से कोई कदम नहीं उठाया तो संगठन को संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा। इस मौके पर हरिपुर प्राखंड अध्यक्ष संदीप शर्मा ने दायित्व सौंपे। गगन सिंह गुलेरिया को प्राखंड मंत्री, नरेंद्र रैणा को उपाध्यक्ष, प्रदीप शास्त्री को सत्संग प्रमुख, शिव कुमार को धर्मप्रचार प्रमुख, व्रज कुमार समरसता प्रमुख आदि को नियुक्त किया गया।

### रस्साकशी में महिला पुलिस टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एंटी ड्रग वीक के तहत बैजनाथ पुलिस उपमंडल ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य आकर्षण रस्साकशी प्रतियोगिता रही, जो इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में आयोजित की गई। महिला पुलिस टीम विजेता और उस्तेड महिला मंडल की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के दौरान पुलिस ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई, जिसे छात्रों ने सकारात्मक रूप से ग्रहण किया। इस मौके पर विजेता तथा उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### बद्दल, फलवाड़ा में 1 जलाई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने बताया कि पहली जुलाई को 11 केवी फीडर बरवाड़ा तथा 3 जुलाई को 11 केवी फीडर ढलियारा की उचित मरम्मत एवं रखरखाव के चलते 1 जलाई को बिहन, बरवाड़ा, लम्मी-पुखर, बद्दल, निचली बद्दल, फलवाड़ा, डोल्टा, वेहल, रामवेह, दोदरा, स्वाना, लोअर स्वाना, नंगल, धियोरी, समनोली, गुलेगांठा, काहरू, टोर आदि गांव में बिजली बंद रहेगी। 3 जुलाई को ढलियारा, सूरजपुर, घरथेडू, करस्वा, भरवाड़ा, आदि गांव में बिजली बंद रहेगी।

### मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने किया फॉरेस्ट हट रिड़कमार के निर्माण कार्य का निरीक्षण, बोले-

# धारकंडी में पेयजल योजनाओं पर खर्च होंगे 4.83 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



निरीक्षण करते विधायक केवल सिंह पठानिया।

**धारकंडी** क्षेत्र की सात पंचायतों के लिए जलशक्ति विभाग की ओर से 4.83 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। इन योजनाओं के पूर्ण होते ही हजारों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। यह जानकारी उपमुख्य सचेतक एवं विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने रिड़कमार में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत दी।

उन्होंने फॉरेस्ट हट रिड़कमार के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और विकास खंड कार्यालय की ओर से ग्रामीण स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाएं प्रशासन की प्राथमिकता में होनी चाहिए, ताकि विकास की गति और तेज हो सके। उन्होंने रिड़कमार स्थित वन विश्राम गृह में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### दरिणी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का किया औचक निरीक्षण

**विधायक** ने इस दौरान दी दरिणी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का औचक निरीक्षण किया और वन विभाग की पौधशाला रिड़कमार का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि यहां तैयार किए जा रहे पौधे पूरे धारकंडी क्षेत्र में रोपे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा।

### उपमुख्य सचेतक ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक एवं स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने दो नई बस रूटों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। धर्मशाला से ततवानी तक चलने वाली बस सेवा को अब सिद्धपुर तक विस्तारित किया गया है। वहीं धर्मशाला से सलोल तक चलने वाली बस को ततवानी तक बढ़ाया गया है। इस अवसर पर विधायक पठानिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं उप मुख्यमंत्री व पथ परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि शाहपुर क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक चरणबद्ध तरीके से बस सुविधा पहुंचाई जाए, ताकि आमजन को सुगम और सुलभ यातायात सुविधा मिल सके। इस कार्यक्रम में मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा, क्षेत्रीय प्रबंधक साहिल कपूर, जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अमित डोगरा, लोक निर्माण विभाग के अंकज सूद, विद्युत विभाग के अमित शर्मा, जलशक्ति विभाग के एसडीओ रज्जाक मोहम्मद, खंड विकास अधिकारी कमलजीत, उपप्रधान सुरेश गुलेरिया, पूर्व उप प्रधान वकील सिंह, सुरजीत सिंह, मास्टर बंसी लाल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, अजय कुमार, प्रधान गोपाल सिंह, प्रदीप बलोरिया, वार्ड सदस्य अंजना देवी, मनमोहन सिंह, कुलदीप शर्मा, मोहित कुमार, बुद्धि सिंह, नंद लाल आदि उपस्थित रहे।

### हैप्पी बर्थडे



देहडू (जवाली) की रुद्राक्षी शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



अपर बाजार भवारना के प्रदीप बंटा व संजू सूद को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### ज्वालामुखी पुलिस ने चिट्टे के साथ एक धरा



**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी पुलिस ने नवदीप कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी बडोली को 2 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है।

डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जस्वाल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में एसआई नाजर सिंह सहित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी जिला पुलिस देहरा का नशे के विरुद्ध छेड़ा अभियान जारी रहेगा।

# फोरलेन कंपनी के खिलाफ हो मामला दर्ज, एसपी को भेजा शिकायत पत्र

### शाहपुर में मनमाने तरीके से हो रहा निर्माण, रास्तों व कूहलों को किया बंद

**कोहली, अनंत ज्ञान**



एसडीएम करतार चंद को शिकायत सौंपते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य पार्षद।

**शाहपुर।** पठानकोट-मंडी फोरलेन परियोजना के तहत शाहपुर क्षेत्र में निर्माण कर रही कंपनी के विरुद्ध शिकायत व आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए शाहपुर के लोगों ने पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा को शिकायत पत्र भेजा है। एसडीएम शाहपुर सहित शाहपुर पुलिस को भी शिकायत पत्र की कॉपी सौंपी।

शिकायत पत्र में कहा कि पठानकोट-मंडी फोरलेन परियोजना के तहत शाहपुर क्षेत्र में निर्माण कर रही कंपनी द्वारा मनमाने तरीके बिना किसी ठोस योजना के निर्माण करते हुए आमजन के रास्तों, सिंचाई कूहलों नालों को मलवा मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। बंदल खड्ड के पानी के बहाव को रोकते हुए अस्थायी रूप से एक संकरी सी नाली का निर्माण किया गया है, जिसके चलते बारिश का सारा पानी सड़क पर बहने लगा और नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित हुआ है। 39 मील में नाले के बहाव को भी बंद कर दिया था, जिसके कारण नाले का पानी मूलचंद शर्मा के घर में पांच-पांच फुट तक चढ़ गया और मकान को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे मकान में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। शाहपुर बाजार में लगवाल स्वीट्स से लेकर बंदल खड्ड तक जाने वाली जल निकासी नाली को मलवा डालकर बंद कर दिया है, जिस कारण सारा गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया है, जिस कारण लोगों में आक्रोश फैला हुआ है। रेहलू चौक पर भी नाला अवरुद्ध होने के कारण शशांक धीमान के घर में पानी घुस गया और भारी नुकसान पहुंचा है। खनन के कारण पुलिस थाना के समीप ओमप्रकाश का मकान गिर गया है और कई अन्य मकान गिरने के कगार पर हैं।

### परौल के अभिनंदन शर्मा बन सेना में लेफ्टिनेंट



**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के ब्लॉक फतेहपुर के परौल गांव का अभिनंदन शर्मा ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर लोगों ने अभिनंदन को बधाई दी। अभिनंदन के पिता तिलक राज बीएसएफ एएसआई के पद पर तैनात हैं। अभिनंदन ने इस उपलब्धि का श्रेय दादा-दादी व चाचा संजय शर्मा, गुरुदेश शर्मा, चाची हेमलता, रमा शर्मा के साथ माता सुमन शर्मा व भाई चंदन शर्मा व तुषार शर्मा, नीलाक्ष शर्मा सहित बहन रिधिमा, मानवी सहित पूरे परिवार को दिया है।

### तनाव को दूर करने के लिए किया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में हेल्थ क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर रेंजर इकाई व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान से चल रहे योग सप्ताह का समापन हो गया। इसमें शारीरिक एवं मानसिक तनाव को दूर करने के लिए योगाभ्यास किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है तथा इसका नियमित अभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है और महाविद्यालय में इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 21 जून से 28 जून 2025 तक योग सप्ताह मनाया गया। इसके तहत महाविद्यालय में योगासन और ध्यान क्रियाएं की, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग सभी को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त हो सके। समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग मौजूद रहे।

### एयरपोर्ट के साथ मांझी खड्ड में मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, गगल।** अहमदाबाद में हुए हवाई जहाज के क्रैश देखते हुए गगल एयरपोर्ट पर लगते मांझी खड्ड में मॉकड्रिल करवाई गई। एयरपोर्ट के निर्देशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस मॉकड्रिल में पुलिस प्रशासन, एयरपोर्ट प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों व अधिकारी मॉक ड्रिल में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हकीकत में ऐसी स्थिति बनती है तो इस स्थिति को कैसे निपटा जाए, उसी को देखते हुए यह मॉक ड्रिल किया गया।

### गरली की शनाया धीमान ने लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, गरली।** लिटिल फ्लावर संस्कार हाई स्कूल की छात्रा शनाया धीमान ने 'किसमें कितना है दम' रियलिटी शो की अंडर-14 डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर हिमाचल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 26 जून को पंजाब के संगरूर में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर से लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कड़े मुकाबले में शनाया ने अपने बेजोड़ नृत्य कौशल और आत्मविश्वास से निर्णायकों को प्रभावित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। खास बात यह है कि शनाया ने कभी किसी डांस क्लास या कोचिंग से प्रशिक्षण नहीं लिया। उन्होंने जो सीखा, खुद सीखा, मन से, दिल से और जुनून से। यही जुनून मंच पर उनके प्रदर्शन में झलका और उन्होंने पहला स्थान हासिल किया।

# आरएस बाली ने किया गांधी मैदान के कार्य का निरीक्षण



नगरोटा बगवां में गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली।

**राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने शनिवार को नगरोटा बगवां के गांधी मैदान पहुंचकर सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने एक दिन पहले ही अन्य सौंदर्यीकरण योजनाओं के साथ गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण का भी भूमि पूजन किया था। इस मैदान पर 4.62 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को पूरी कर्तव्य निष्ठा से करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शहर का सौंदर्यीकरण करने के दौरान व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, उसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण में इसकी चारदीवारी, भव्य स्टेज, लाइटिंग और फूल लगाने जैसे अनेक को काम किए जाएंगे। इस मैदान को मेला मैदान के साथ फ्लाईओवर के जरिए जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान के साथ लगती सड़क को 7 मीटर चौड़ा करना का उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से बचाया जाए। उन्होंने बताया नगरोटा के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी सौंदर्य करण के अंतर्गत भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा आने वाले समय में नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र का बदला स्वरूप हम सबके समक्ष होगा। यह सभी कार्य नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की विकास गाथा के स्वयं साक्षी बनेंगे।

### भाजपा के लोग फैला रहे झूठा भ्रम

**एस गोगी, अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय को लेकर को लेकर नगर पंचायत जवाली के अध्यक्ष राजिंदर राजू, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव सुरिंदर शिंदा, ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता संसार सिंह संसारी व नगर पंचायत जवाली के पार्षद जगपाल सिंह जग्गू ने विश्रामग्रह जवाली में प्रेसवार्ता की।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ लोग नगरोटा सूरियां स्थित ब्लॉक कार्यालय को जवाली स्थानांतरित करने का झूठा भ्रम फैलाकर अपनी झूठी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यालय को शिफ्ट करने की सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, लेकिन पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने कहा है कि इस कार्यालय को नगरोटा सूरियां से किसी अन्य जगह शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा। जब से कांग्रेस सरकार बनी है, तब से नगरोटा सूरियां में अथाह विकास हुआ है।

# पालमपुर शहर के रेहड़ी-फड़ी और पथ विक्रेताओं का होगा पुन: सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**नगर** निगम आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि पालमपुर शहर के रेहड़ी-फड़ी और पथ विक्रताओं का पुन: सर्वेक्षण करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मई माह में पालमपुर नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया था, जिसमें पालमपुर नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ी-फड़ी व अन्य पथ विक्रेताओं का पुन: सर्वेक्षण करवाने के लिए चर्चा की गई थी, जो प्रदेश स्ट्रीट वेंडिंग स्कीम 2016 के अंतर्गत हर 5 वर्ष में करवाना अनिवार्य है। यह कार्य स्वयं सहायता समूहों को आवंटित किया गया है। यह समूह पहली जुलाई से 5 जुलाई तक सभी 15 वार्डों में सर्वेक्षण का कार्य सुबह 10.00 से 5.00 बजे तक करेगा। उन्होंने बताया कि पहली से पांच जुलाई जो यदि कोई पथ विक्रेता सर्वेक्षण के दौरान अपने पूरे दस्तावेज नहीं जमा करवा पाया हो तो वह नगर निगम कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकता है। इसके अतिरिक्त छह जुलाई को पुन: सभी वार्डों में छूट गए पथ विक्रताओं का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा। उन्होंने सभी रेहड़ी-फड़ी व अन्य पथ विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वह दस्तावेज सर्वेक्षण के दौरान आधार कार्ड, पुराना स्ट्रीट वेंडिंग आईडी कार्ड या अन्य कोई दस्तावेज, हल्का पटवारी, तहसीलदार से परिवार की आय स्रोत की रिपोर्ट, राशन कार्ड/संबंधित वार्ड पार्षद, नगर निगम से प्रमाणित परिवार सूची, परिवार के सदस्य की फोटो व आधार कार्ड जो वेंडर की अनुपस्थिति में मौके पर वेंडिंग कर सकता हो। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र और स्वघोषणा प्रमाण पत्र साथ रखें। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण पूर्ण होने के पश्चात टाउन वेंडिंग कमेटी पालमपुर नगर निगम की ओर से पात्र ठहराए पथ विक्रेताओं को ही चयनित स्थानों का आवंटन पत्र व पहचान पत्र दिया जाएगा।

# नप बैजनाथ में हुए कार्यों की करवाई जाए जांच : आशा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** नगर परिषद बैजनाथ-पपरोला के अध्यक्ष आशा भाटिया ने भी नगर परिषद बैजनाथ में हुए तमाम कार्यों की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच जरूरी होनी चाहिए। यह जांच 2021 से लेकर अब तक होनी चाहिए। मैंने तो खुद 19 मई, 2023 को पांच पार्षदों के साथ एसडीएम को भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इसकी आज तक कोई भी जांच आगे नहीं बढ़ पाई है।



उन्होंने मांग की कि शासन और प्रशासन जल्द से जल्द किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाए, ताकि आम जनता को असली गुनहगारों का पता चल सके। गौरतलब है कि 2 दिन पहले ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी सहित अन्य चार पार्षदों ने वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष आशा देवी तथा पूर्व में रहे नगर पंचायत

### विधायक किशोरी बोले जांच करवाई जाएगी

**बैजनाथ** के विधायक किशोरी लाल का कहना है कि अगर बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद अनियमितताएं हुई हैं, तो उनकी जांच अवश्य होकर रहेगी। वह इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान भी उठाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस के सिद्धांत पर चली हुई है तथा आगे भी यह परिपाटी जारी रहेगी।



सचिव के ऊपर मनमानी का आरोप तथा अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एसडीएम व विधायक बैजनाथ तथा वर्तमान में नगर परिषद सचिव को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें सभी विकास कार्यों व खरीदारियों की जांच की मांग की थी।

## कैंप | कृषक विकास संघों के प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# किसानों को बताए आधुनिक कृषि तकनीकों के लाभ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** जाइका की ओर से समर्थित हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) के तहत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई पालमपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कांगड़ा जिले की 8 उप परियोजनाओं से आए 26 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषक विकास संघों के महत्व, उनकी भूमिका और भविष्य में परियोजना के प्रबंधन की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।

संघों को परियोजना की विभिन्न गतिविधियों के संचालन, रखरखाव और आर्थिक प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जाएगी। डॉ. रजनीश शर्मा विषय विशेषज्ञ ने किसानों को परियोजना की प्रमुख गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लघु कृषक बागवानी सशक्तिकरण संवर्धन,



जाइका की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उत्पादन प्रबंधन एवं मूल्य प्राप्ति कार्यक्रम और जाइका सब्जी उद्यानों की अवधारणा पर भी चर्चा की, जिनका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना है।

सेवानिवृत्त जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. प्रेम लाल शर्मा ने प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना के निर्माण पश्चात उसके सभी संसाधन किसानों को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे और संघों को ही उसकी निरंतरता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने किसानों को नियमित मासिक अंशदान एकत्र करने की भी सलाह दी, ताकि रखरखाव एवं संचालन में आर्थिक बाधाएं न आएं। डॉ. पुरुषोत्तम लाल शर्मा, पीएमसी एक्सपर्ट ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के लाभ और कैसे वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाने के बारे में जानकारी दी।

### चारे के उत्पादन की तकनीकों पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उत्तर-पश्चिमी हिमालय के लिए चारे के उत्पादन तकनीकों की पुनर्कल्पना विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में चारे की कमी को दूर करने और पशुधन आधारित आजीविका को मजबूत करने के लिए रणनीतिक रूपरेखा तैयार करना था। विशेषज्ञों ने पहाड़ी किसानों की आय में पशुपालन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश में प्रतिव्यक्ति दूध उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से बेहतर है, फिर भी चारा की कमी के समय पशुओं की उत्पादकता पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। नवाचारी चारा उत्पादन तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण चारा बीज के उत्पादन, उसकी नियमित उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक समेकित योजना और कंसोर्टियम बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# गढ़ जमूला स्कूल में बताए टीबी से बचने के उपाय



गढ़ जमूला स्कूल में बैग फ्री-डे मनाया गया और कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में बैग फ्री-डे मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं और करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग के ऊपर गढ़ जमूला आईटीआई के इंस्ट्रक्टरों ने विद्यार्थियों को प्लस टू के बाद वे क्या-क्या कर सकते हैं और कहां पढ़ाई कर सकते हैं, जिसके कारण उन्हें भविष्य में फायदा हो के बारे में बताया। रमन कश्यप ने टीबी के बारे में बताया कि टीबी से कैसे बचा जा सकता है। साथ ही हरबंस लाल (प्रवक्ता अर्थशास्त्र) ने रोड सेफ्टी के ऊपर सभी विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई। इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। बाल विज्ञान मेले से विद्यार्थियों को विज्ञान के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

वहीं, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मीनू सूद ने सभी विद्यार्थियों को बैग फ्री डे पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक आनंदमय बनाने के उद्देश्य से 'बैग फ्री डे' एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षण में प्रदेश ने बनाई पहचान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हाल ही में जारी राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 21वें स्थान से सीधे 5वां स्थान हासिल कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है। इस शानदार उपलब्धि पर प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा खंड कोटखाई ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया है। प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा खंड कोटखाई के समस्त अध्यापकों ने कहा कि यह उपलब्धि निश्चित रूप से प्रदेश सरकार, विशेष रूप से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदर्शिता, नीतिगत दृढ़ता, शिक्षक समुदाय में विश्वास और विद्यालयी शिक्षा में निरंतर सुधारात्मक प्रयासों का परिणाम है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों पर विश्वास और सहयोग की भावना ने ही इस मुकाम को संभव बनाया है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा खंड कोटखाई के सभी पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को हार्दिक बधाई प्रेषित की, जिनमें मुख्य संरक्षक राजीव शर्मा, अध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नवीन भरोटा, सचिव हरीश आजाद, कोषाध्यक्ष अरुण जस्टा शामिल हैं।

### रामपुरी मेले को लेकर प्रशासन ने की तैयारियां



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जुब्बल क्षेत्र के आराध्य देवता शाड़ी बनाड़ के सम्मान में मनाए जाने वाले ऐतिहासिक जिला स्तरीय रामपुरी मेले के आयोजन को लेकर शनिवार को उपमंडलाधिकारी जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि यह मेला हर साल 16,17 व 18 जुलाई को मनाया जाता है, जिसमें जुब्बल क्षेत्र के लोग व भारी संख्या में शामिल रहते है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमंडलाधिकारी जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी ने बताया कि इस मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु जुब्बल और साथ लगते क्षेत्र से रामपुरी पहुंचते है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले के दौरान बिजली, पानी, यातायात व कानून व्यवस्था को सुचारु और गतिशील रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दे दिए गए है। इस दौरान नायब तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी जुब्बल और अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मीट बेचने वाले दुकानदार सफाई का रखें ध्यान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** नगर परिषद रोहड़ू की कार्यकारी अधिकारी प्रतिमा राय ने बताया कि रोहड़ू शहर में मीट व मटन की जो दुकानें है, उन दुकानों में मीट व मटन खुले में रखकर विक्रय किया जा रहा है। जिस कारण आम जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि आम जनता के हित में शहर के सभी मीट व मटन विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए जाते है कि वे जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अपनी दुकान में विक्रय के लिए रखे गए मीट व मटन को ढक कर रखें। वंही वे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें जिससे आम जनता को असुविधा न हों।

### प्रदेश में अगले ढाई साल भगवान भरोसे : वीर सिंह

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** आम आदमी पाटी विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू के महासचिव वीर सिंह ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी व बीजेपी दोनों सरकारों ने प्रदेश को कर्ज के बोझ के नीचे दबाने का काम किया है। दोनों पार्टियों ने प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार 1200 करोड़ का नया ऋण लेने की तैयारी कर चुकी है, जिसमें केवल 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 4200 करोड़ का कर्जा लेने का नया रिकॉर्ड स्थापित हो रहा है। प्रदेश पर कुल कर्जे का बोझ लगभग 99075 करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच जाएगा। आम आदमी पार्टी के महासचिव ने कहा कि सुक्खू सरकार व्यवस्था ठीक करने की बजाय कर्जे पर कर्जा लिए जा रही है, जो आने वाले समय में प्रदेश के लिए और भी घातक सिद्ध होने वाला है। उन्होनें कहा कि मात्र ढाई साल में ही कांग्रेस सरकार प्रदेश को चलाने में विफल रही है और अगले ढाई साल हिमाचल प्रदेश भगवान भरोसे है।

### राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना ने पकड़ी गति, युवा बनेंगे आत्मनिर्भर

# शिमला में ई-टैक्सी को मिली मंजूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना ने अब गति पकड़ ली है। शनिवार को शिमला में उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में इस योजना के तहत ई-टैक्सी से संबंधित दो पात्र आवेदनों को तत्काल अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने योजना के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत परियोजनाओं और वितरित ऋण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक शिमला जिले में योजना के तहत 13 लोगों ने आवेदन किया है, जिसमें से 11 आवेदन पोर्ट्ल के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है, जिससे बेरोजगारी को खत्म करने में मदद मिल सके।



अधिकारियों के साथ स्वरोजगार स्टार्टअप योजना पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ।

राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना युवाओं को ई-बस, इलेक्ट्रिक टैक्सी व इलेक्ट्रिकल ट्रक खरीदने के लिए सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, दंत क्लीनिक स्थापित करने, एक मेगावाट तक वाणिज्यिक सौर ऊर्जा परियोजनाएं लगाने और मत्स्य पालन की परियोजनाओं के लिए भी युवाओं को सुविधा प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत युवाओं को नया उद्योग स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता दी जाती है। बैंक परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक सावधि या समग्र ऋण के रूप में प्रदान करते हैं, जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत व्यय स्वयं वहन करना होता है।

#### प्लांट और मशीनरी के लिए सबसिडी का है प्रावधान

**प्लांट** और मशीनरी या उपकरण के लिए अधिकतम 60 लाख रुपए के निवेश पर सामान्य श्रेणी के लिए 25 प्रतिशत सबसिडी का प्रावधान है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए निवेश सबसिडी की सीमा 30 प्रतिशत है। महिला और दिव्यांग लाभार्थियों के लिए यह सीमा 35 प्रतिशत निर्धारित की गई है। विशेष रूप से, ई-टैक्सी, ई-ट्रक, ई-बस और ई-टैम्पो खरीदने वाले सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए 50 प्रतिशत की उच्च सब्सिडी निर्धारित है, जो हरित परिवहन को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता

**इस** योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी का हिमाचल प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिसमें महिला आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। शैक्षणिक योग्यता के तौर पर व्यक्ति का कम से कम 10वीं पास होना आवश्यक है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र युवाओं को इस योजना का अधिकतम लाभ दिलाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश भी दिए।

## रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट से प्रभावित किसान करेंगे प्रदर्शन



मांगों को लेकर चर्चा करते हुए हाइड्रो प्रोजेक्ट से परेशान किसान व अन्य।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल किसान सभा रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट 412 मेगावाट प्रभावित किसानों की बैठक आज किसान मजदूर भवन चाटी में हुई। बैठक में प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा 9 जुलाई को निरमंड में होने वाले प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद, किसान सभा के जिला अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर, जिला महासचिव देवकीनंद व रणजीत ठाकुर ने कहा कि रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट वर्ष 2014 से बिजली उत्पादन के रहा है व करोड़ों की बिजली एक दिन में तैयार हो रही है परंतु अभी भी बहुत सारे मुद्दे हैं जिनका समाधान आज तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के निर्माण के समय जो धूल के कारण फसल को नुकसान हुआ है अभी तक वर्ष 2010 से लेकर 2014 तक चार साल का मुआवजा प्रभावित किसानों को नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ प्रोजेक्ट बनने के बाद जो प्रभावित परिवारों को कुल उत्पादन की एक प्रतिशत राशि मिनी थी वो भी वर्ष 2017 के बाद नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है परंतु आश्वासन के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला है।

बैठक में फैसला लिया गया कि 9 जुलाई को प्रदेश सरकार को मांगों से संबंधित मांग पत्र दिया जाएगा। बैठक में दयाल भाटनू, दुर्गा नंद, परस राम, दाता राम जीशतू, संजीव, रामकिशन, दौलत राम, नूरमा देवी, ज्ञान चंद, पूनम व अन्य शामिल थे।

## वित्तीय समावेशन योजनाओं का लाभपात्रों तक पहुंचेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देशव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक, विवेक कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, यूको बैंक, शिमला ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में इस अवधि के दौरान वित्तीय समावेशन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के तहत योग्य व्यक्तियों को कवर किया जाएगा। साथ ही, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, बैंकों में जमा अप्रयुक्त धनराशि की जानकारी, सभी खाताधारकों का पुनः केवाईसी और शिकायत निवारण प्रणाली से संबंधित जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर स्थल पर संबंधित बैंक के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। जिले के उपायुक्त एवं जिला प्रबंधक द्वारा इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

### सरकार श्रमिकों के अधिकारों पर कर रही हमला : अमरजीत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, कामरेड अमरजीत कौर ने शिमला में हिमाचल प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 196वीं बैठक में भाग लिया। इस दौरान, उन्होंने सोलन जिला एटक के अनुरोध पर सोलन का दौरा किया, जहां उन्होंने मजदूरों, कर्मचारियों और महिलाओं से मुलाकात की। उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्होंने सरल भाषा में कानून तथा अन्य श्रमिक हितैषी कानूनों पर अपने विचार साझा किए।

हिमाचल एटक के प्रदेश उप महासचिव, कामरेड नानक शांडिल ने बताया कि कामरेड अमरजीत कौर ने केंद्र सरकार पर मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों के हितों की रक्षा करने वाले 44 कानूनों में बड़े बदलाव कर चार श्रम संहिताएं लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये बदलाव केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं।

## मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक : बरागटा

**अनंत ज्ञान, ठियोग**



मेले में भाग लेते सांस्कृतिक दल ठोडा के हुनरबाज।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने आज शिलारू परगना मझारठी में पंकज श्याम (पप्पी) की स्मृति में आयोजित पारंपरिक ठोडा मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

जनसमूह को संबोधित करते हुए चेतन बरागटा ने कहा कि मेले, बिशु और त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति, लोक परंपरा और देव आस्था के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने इन आयोजनों को सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक संरक्षण का माध्यम बताया।

बरागटा ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे मेले न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का भी माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से इन परंपराओं को जीवित रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर चेतन बरागटा ने ठियोग भाजपा के नेता अजय श्याम की सराहना की। उन्होंने कहा कि अजय श्याम जैसे समर्पित कार्यकर्ता क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क की मिसाल हैं, जिनके निरंतर प्रयासों से ऐसे भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहे हैं।

कार्यक्रम के समापन पर चेतन बरागटा ने आयोजक समिति, समस्त मझारठी परगना की जनता और उपस्थित जनसमूह को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# बामटा पंचायत के चार गांवों के लोगों का फूटा गुस्सा

## ग्रामीणों ने पंप हाउस का किया घेराव, विभाग ने तत्काल बदला पंप ऑपरेटर, डेढ़ माह से था जल संकट

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर से सटे बामटा पंचायत के चार गांव बामटा, खेरिया, बध्यात और बेहल कंडेला में पिछले डेढ़ माह से पानी की किल्लत ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लगभग 2 हजार की आबादी को पीने तक का पानी नसीब नहीं हो रहा। शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने खेरिया स्थित पंप हाउस का घेराव कर दिया। सुबह से ही दर्जनों ग्रामीण खैरिया में स्थित पंप हाउस में इकठ्ठा हुए और पंचायत प्रधान विक्रम ठाकुर की अगुवाई में जलशक्ति विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पानी दो, जवाब दो, जल शक्ति विभाग होश में आओ, जैसे नारों से इलाका गूंज उठा। विरोध-प्रदर्शन में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़ कर शामिल हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि एक सप्ताह से उनके घरों में पानी की एक बूंद तक नहीं आई है। वार्ड पंच मस्त राम ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से हम इस समस्या से परेशान हैं। रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। पंप हाउस में तैनात ऑपरेटर समय पर पानी नहीं छोड़ता, जिससे हालात बद से बदतर हो गए हैं। विरोध-प्रदर्शन की गंभीरता को देखते हुए जल शक्ति विभाग के अधिकारी के एसडीओ और जेई मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को काफी मशक्कत के बाद शांत किया गया। वहीं, विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही पंप ऑपरेटर को बदल दिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा नहीं आने दी जाएगी और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पंप हाउस से पानी सप्लाई का कोई निश्चित समय नहीं है। कभी दो दिन बाद, कभी तीन दिन बाद थोड़ी-बहुत पानी की आपूर्ति होती है, वह भी इतनी कम कि एक परिवार के लिए भी पर्याप्त नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग को इस विषय में अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।



एसडीओ और जेई ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत करवाया।

#### विभाग ने माना, पंप ऑपरेटर की लापरवाही से हुई समस्या

**आईपीएच** विभाग बिलासपुर सर्किल के एसडीओ प्यारे लाल ओर जेई मुश्ताक ने माना कि पंप ऑपरेटर की लापरवाही के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई। अधिकारी ने बताया कि हमें जैसे ही सूचना मिली, हमने तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पंप ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। हम अब रोजाना पानी की आपूर्ति की निगरानी करेंगे।

#### बार-बार गुहार लगाने पर भी हल नहीं की समस्या

**पंचायत** प्रधान विक्रम ठाकुर ने कहा कि हम बार-बार जल शक्ति विभाग से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकाला गया। आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा क्योंकि पानी जैसी बुनियादी जरूरत को लेकर भी उन्हें तरसना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी लोगों की सेहत और स्वच्छता दोनों पर असर डाल रही है। कई परिवारों को दूर-दराज के प्राकृतिक स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से भी सुरक्षित नहीं माने जाते। ग्रामीणों ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में भी पानी की सप्लाई सुचारु नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे और जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन करेंगे।

### सुक्खू सरकार ने स्कूल बंद कर गांव-गांव खोल दिए शराब के ठेके : मनोहर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** एएचकेपी संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बीजेपी राष्ट्रीय समर्थक मेंबर मनोहर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश की भोली-भाली जनता को रोजगार की झूठी शर्तों का झांसा देकर युवाओं को लगातार बेरोजगारी के कुएं में धकेला है और स्कूल बंद करके गांव-गांव में शराब के ठेके खोले दिए हैं। अब सुक्खू सरकार का यही नारा हो गया है, शिक्षा खत्म, नशा शुरू। भाजपा के शासनकाल में जो भी विकास हुआ था उसे भी सुक्खू सरकार ने खत्म करके लगातार बेरोजगार को बढ़वा दिया। वहीं, नशे को बेचकर सरकार चलाने वाली शायद विश्व की पहली कांग्रेस पार्टी की हिमाचल सरकार है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत कोष के धन का भी वर्तमान सरकार ने सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया, जिसका प्रमाण धरातल पर साफ नजर आ रहा है, जबकि मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हर बार स्पेशल पैकेज दिया है।



### कुश्ती में डीएवी स्कूल बिलासपुर बना विजेता



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीएवी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं संपन्न हो गई। विजेताओं को पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। डीएवी बिलासपुर ने कई खेलों में जीत दर्ज की। बास्केटबाल में अंडर-17 श्रेणी में विजेता, अंडर-19 श्रेणी में उपविजेता टीम बनी। कराटे टीम में लड़कियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। लड़कों ने 14 स्वर्ण और 1 रजत पदक, जूडो में लड़कियों ने 6 स्वर्ण और 2 रजत पदक व लड़कों ने 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक हासिल किया। बॉक्सिंग में डीएवी स्कूल घुमारवीं विजेता और डीएवी बिलासपुर उपविजेता रहा। कुश्ती में डीएवी स्कूल बिलासपुर विजेता व डीएवी स्कूल बरमाणा उपविजेता रहा। रोलर स्केटिंग में डीएवी घुमारवीं विजेता, डीएवी स्कूल उपविजेता बना। डीएवी बिलासपुर की प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन ने विजेताओं को बधाई दी।

### पेंशनर्स फेडरेशन की राज्य इकाई की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन हिमाचल प्रदेश की राज्य इकाई की बैठक राधा-कृष्ण मंदिर चैहड़ घुमारवीं में हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को सुबह 10:30 बजे होगी। प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान अमरनाथ धीमान ने कहा कि फेडरेशन के राज्य स्तरीय चुनाव के बाद संपूर्ण राज्य कार्यकारिणी की यह प्रथम बैठक होगी। उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों तथा जिला बिलासपुर के पदाधिकारीयों को इस बैठक में सादर आमंत्रित किया है। बैठक में पेंशनरों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सरकार के समक्ष मुद्दों को मनवाने के लिए भावी रणनीति भी तय की जाएगी। अमरनाथ धीमान ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला बिलासपुर के पदाधिकारीयों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि को राधा-कृष्ण मंदिर चैहड़ घुमारवीं में पहुंच जाएं, ताकि समय अनुसार विधिवत रूप से बैठक शुरू की जा सके।

### प्रदेश में कांग्रेस-भाजपा ने दिया परिवारवाद को बढ़ावा : बलदेव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने प्रेस बयान में कहा कि जिस तरह से स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने शामित के धोबटन में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 2027 के विधानसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक विरासत को अपने बेटे कर्नल संजय शांडिल को सौंपने का जो ऐलान किया है। वह यह दर्शाता है कि चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों पार्टियां परिवारवाद से अछूती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र की सरकारों में भी अगर आज तक इतिहास पिछला देखा जाए तो परिवारवाद का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि उसी कड़ी में राज्य सरकारों में परिवारवाद चरम सीमा पर है। हम हिमाचल की बात करें वर्तमान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर जो देहरा की विधायक हैं। वहीं, शिमला से स्व. पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह जो वर्तमान में कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष हैं और उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह जो पीडब्ल्यूडी में वर्तमान में मंत्री हैं। भाजपा की बात करें पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और उनके बेटे अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री, छोटे बेटे अरुण धूमल बीसीसीआई में सचिव पद पर हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह राजनीति में यदि पिता से विरासत में सीधे पुत्र संभालता है तो उसी को वंशवाद ही कहा जाएगा। हालांकि राजनेता तर्क देते हैं कि उनके परिवार के लोग अपने बूते पर अपनी जगह राजनीति में बनाते हैं। फिलहाल ऐसा लगता है आने वाले समय में भी राजनीति से वंशवाद को अलग करना संभव नहीं दिखाई देता है। आम आदमी पार्टी की विचारधारा कट्टर ईमानदारी, कट्टर देश भक्ति और इंसानियत पर आधारित है। जो देश में एक वैकल्पिक राजनीति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

**मीटिंग** डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# जिले में स्वच्छता अभियान चलाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय बिलासपुर में शनिवार को एनजीटी मामलों से संबंधित जिला स्तरीय विशेष टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। जिले में कचरा प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

नगर परिषद बिलासपुर से प्रतिदिन लगभग 4.7 टन, नगर परिषद घुमारवीं से 2.7 टन, नगर पंचायत तलाई से 2.0 टन और नगर परिषद नैना देवी से लगभग 400 किलोग्राम ठोस कचरा उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा जिले के चार उपमंडलों, चार विकास खंडों और सात तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन लगभग 290 किलोग्राम कचरे का उत्पादन हो रहा है। डीसी ने निर्देश दिए कि इन सभी क्षेत्रों में ठोस कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण की विशेष योजनाएं तैयार कर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। सभी नगर परिषद, नगर पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी प्रत्येक माह की 14 तारीख को जिलेभर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाना सुनिश्चित करें।



एनजीटी मामलों से संबंधित जिला स्तरीय विशेष टास्क फोर्स की बैठक हुई।

#### कहा- कूड़ा फेंके जाने वाले स्थलों की पहचान कर लगाए जाएं सीसीटीवी

शहरी क्षेत्रों तथा उनके आसपास अनाधिकृत रूप से कूड़ा फेंके जाने वाले स्थलों की पहचान कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। डीसी ने सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान जारी करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में चलने वाली सभी निजी और सरकारी बसों तथा टैक्सियों में कचरा पात्र होना अनिवार्य है। इसके लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाए। नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठोस कचरे को स्रोत पर ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए और उसका निपटान वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिल सके।

## बिलासपुर में 1695 अभ्यर्थी आज देंगे एचएएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में 29 जून को आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले से कुल 1695 अभ्यर्थी इस परीक्षा में भाग लेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर के चार परीक्षा केंद्रों राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री एमए राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (मुख्य केंद्र), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल रौड़ा सेक्टर-2 में कुल 1168 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा घुमारवीं उपमंडल के दो परीक्षा केंद्र राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में 527 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने परीक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा के दिन प्रिंटेड प्रवेश पत्र अवश्य साथ लाएं तथा समय सीमा के भीतर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लें। प्रातःकालीन सत्र में 9:30 बजे के बाद और अपराह्न सत्र में 2:00 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो परीक्षार्थी दूरदराज के क्षेत्रों से आ रहे हैं, वे अपनी यात्रा का समय और साधन पूर्व में ही सुनिश्चित कर लें। किसी भी प्रकार की देरी परीक्षा केंद्र पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए एचआरटीसी को निर्देश दिए हैं कि सभी चालकों को इस परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। निजी बस संचालकों को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। एसडीएम बिलासपुर सदर को सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 बीएनएसएस लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव के मुख्य रास्तों पर चलाया सफाई अभियान




**बबलू, अनंत ज्ञान, भटियात।** अंजलि लाल वशिष्ठ व परामर्श समिति के दिशा-निर्देशों अनुसार प्रोग्राम ऑफिसर रोशन लाल व शिवानी ठाकुर के नेतृत्व में आधे दिन के कैंप का आयोजन किया गया तथा गोद लिए गांव भटोली में श्रमदान करने का निर्णय लिया गया, जिसमें गोद लिए गांव भटोली को क्कीरा बाजार से जोड़ने वाले मुख्य रास्ते, रास्ते की नालियों, रास्ते के दोनों तरफ की झाड़ियां को साफ किया गया तथा साथ में गांव की पानी की बावड़ी को भी साफ किया गया। इसके साथ चलने में रुकावट पैदा कर रहे रास्ते में पड़े पत्थरों और मिट्टी को भी हटाया गया। रास्ते में पड़ने वाले राजकीय मिडिल कन्या विद्यालय ककीरा के परिसर के आसपास की झाड़ियों और रास्ते को भी साफ किया गया। वापसी पर शिव मंदिर परिसर को साफ किया गया तथा बच्चों को रिफ्रेशमेंट के तौर पर बिस्कुट और जूस भी वितरित किए गए। इस अवसर पर साथी अध्यापकों का भी पूरा सहयोग मिला तथा चमन लाल व रूपा पठानिया का पूरे कैंप में सक्रिय योगदान रहा।

### चंबा-बतोट जाने वाली बस बीच रास्ते में हांफी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रोजाना सुबह 8 बजे बतोट से चंबा के लिए चलने वाली यह बस शनिवार को महज एक किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद खपटा नाले के पास अचानक खराब हो गई। बस चालक के अनुसार, बस की एक महत्वपूर्ण पाइप फट गई थी, जिससे इंजन ने काम करना बंद कर दिया। बस में सवार यात्रियों को गर्मी और असुविधा के बीच सड़क किनारे इंतजार करना पड़ा। जब परिवहन विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बस को ठीक करने के लिए मैकेनिक भेज दिया गया है और मरम्मत का कार्य जारी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बस अगली सुबह तक दोबारा संचालन में आ सकेगी या नहीं। गौरतलब है कि एचआरटीसी बसों के बार-बार खराब होने की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं, जिससे आम जनता में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। दूरदराज क्षेत्रों में एचआरटीसी ही एकमात्र भरोसेमंद परिवहन साधन है, और ऐसी परिस्थितियों में सेवाओं का बार-बार बाधित होना न केवल यात्रियों की दिनचर्या पर असर डाल रहा है बल्कि निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है।



### मणिमहेश पवित्र यात्रा पर चलेगा सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ईको डेवलपमेंट कमेटी भरमौर द्वारा मणिमहेश पवित्र यात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान की शुरुआत हो गई है। स्वच्छता का संकल्प, पवित्र धाम की सेवा नाम के इस अभियान की शुरुआत शनिवार से शुरू कर दी गई है जिसे सुबह ठीक नौ बजे हड़सर से इस टीम को वन विभाग के उप वनपाल जितेंद्र सिंह की अगुवाई में रवाना किया गया। भरमौर प्रशासन द्वारा चयनित ये टीम हड़सर से लेकर डल झील तक राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों एवं निर्देशों नुसार कार्य करेगी। भरमौर प्रशाशन ने इस पुनीत कार्य में भरमौरवासियों सहित सभी समाजसेवियों और श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि आगे आकर इस अभियान में भाग लें और मणिमहेश यात्रा को स्वच्छ, सुंदर और अनुकरणीय बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पवित्र यात्रा में पवित्र योगदान, यही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और हर यात्री की जिम्मेदारी बनती है कि स्वच्छ मणिमहेश यात्रा हो।

### 10 जुलाई तक करवाएं बिजली मीटर की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, उपमंडल कार्यालय चंबा नं. 1 द्वारा सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक अहम सूचना जारी की गई है। विभाग ने साफ शब्दों में कहा है कि जो भी उपभोक्ता 10 जुलाई 2025 तक अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी प्रक्रिया कार्यालय में आकर पूरी नहीं करते हैं, उन्हें भविष्य में प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली बिजली सबसिडी से वंचित किया जा सकता है। यह ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य है और सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे तय समयसीमा के भीतर अपने निकटतम विद्युत उपमंडल कार्यालय पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी पहचान सत्यापित करवाएं। सहायक अभियंता ई. तेजू राम, विद्युत उपमंडल-1, चंबा ने जानकारी देते हुए कहा, प्रदेश सरकार की सबसिडी योजना का लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जिन्होंने ई-केवाईसी प्रक्रिया को समय रहते पूरा किया है। विभाग पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### भांग के पौधे उखाड़कर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के दरंग विधानसभा क्षेत्र स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवरी में 'एक दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर' के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यालय के 45 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए लगभग 20,000 भांग के पौधों को उखाड़कर समाज को एक सशक्त संदेश दिया कि नशा नहीं, स्वच्छ और स्वस्थ जीवन ही युवाओं का भविष्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्रपाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र, व्याख्याता (वाणिज्य) ने अभियान का नेतृत्व किया और कु. कमलेश शर्मा (व्याख्याता, वाणिज्य) ने भी छात्रों को प्रेरित कर अभियान को सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अभियान केवल भांग के पौधे हटाने तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है।

#### धार स्कूल की जर्जर हालत पर भड़की स्कूल प्रबंधन समिति, प्रशासन से मांगा जवाब

# 61 बच्चे एक कमरे में पढ़ाई करने को मजबूर

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिले के शिक्षा खंड चंबा के धार गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बदहाली की मार झेल रही है। स्कूल भवन की दीवारों में दरारें और छतों से टपकता पानी अब बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी खतरा बन चुका है। हालत यह है कि पूरे 61 बच्चे एक ही कमरे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

इस गंभीर स्थिति को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति ने उपमंडल अधिकारी चंबा को पत्र सौंपते हुए दोबारा संयुक्त निरीक्षण (ज्वाइंट इंस्पेक्शन) करवाने की मांग उठाई है। समिति ने कहा कि पिछले साल जुलाई में भारी बारिश के कारण स्कूल के दो कमरों और बरामदे में गहरी दरारें आ गई थीं। प्रशासन ने 18 सितंबर 2024 को निरीक्षण की तारीख तय की थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग के न आने से निरीक्षण अधूरा रह गया। प्रबंधन समिति का कहना है कि लगभग एक साल बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे छात्रों के जीवन और शिक्षा दोनों पर संकट गहराता जा रहा है। अगर समय रहते ज्वाइंट इंस्पेक्शन नहीं हुआ तो किसी भी हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा, समिति ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी।



जर्जर हालत में भवन, जहां बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं।

#### जल्द किया जाए भवन का निर्माण : ग्रामीण

**स्थानीय** अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार एक ओर 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' की बात करती है और दूसरी ओर बच्चों को खतरनाक कमरों में बैठाकर शिक्षा दिलवा रही है। अभिभावकों की यही मांग है कि जल्द से जल्द निरीक्षण कर भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए।

### बाथरी गांव में युवती ने की आत्महत्या

**तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत आने वाले गांव बाथरी से एक युवती ने आत्महत्या कर ली है। युवती अपनी बड़ी बहन के साथ एक किराए के मकान में रह रही थी। जानकारी के अनुसार घटना का पता उस समय लगा जब उसकी बड़ी बहन पानी पीने के लिए कमरे में गई। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा खोला गया तो लड़की को फंदे से लटका पाया गया। यह देखकर उसकी बहन ने शोर मचाया और आसपास के लोगों को बुलाया।

सूचना मिलते ही डलहौजी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस द्वारा कमरे से कुछ निजी दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त किया कर लिया गया है। युवती की पहचान 18 वर्षीय अर्वतिका सुपुत्री नरेंद्र सिंह गांव टिकरी तहसील भटियात जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच करी है और आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस सारे मामले पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा दी गई है।

## एनएचपीसी और आईओसीएल ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के दौरान रजत गुप्ता व प्रवीण और साथ में अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एनएचपीसी लिमिटेड, जो भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम है, ने पंप स्टोरेज और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संयुक्त विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 27 जून 2025 को फरीदाबाद स्थित एनएचपीसी कॉर्पोरेट कार्यालय में संपन्न हुआ।

इस समझौते का उद्देश्य भारत और विदेशों में संयुक्त उद्यम मोड के तहत पंप स्टोरेज, जलविद्युत और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास तथा इन क्षेत्रों में नए अवसरों की खोज के लिए दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

एनएचपीसी की ओर से इस समझौता ज्ञापन पर कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) रजत गुप्ता ने हस्ताक्षर किए, जबकि आईओसीएल की ओर से कार्यपालक निदेशक (एसडी) प्रवीण डोंगरे ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके चौधरी, निदेशक (वित्त) आरपी गोयल, निदेशक (तकनीकी) सुप्रकाश अधिकारी, महाप्रबंधक (एसबीडी एंडसी), तथा आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एंड बिजनेस डेवलपमेंट) सुमन कुमार और मुख्य महाप्रबंधक (एसडी) मनोज नंदा भी उपस्थित रहे।

यह साझेदारी दोनों कंपनियों के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे देश की हरित ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी और टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## हिमाचल सरकार पूरी तरह से कर्जे में डूबी : शशिकांत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



आम आदमी पार्टी, चंबा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर वित्तीय आरोप लगाए हैं। जिला सचिव शशिकांत ने बयान जारी करते हुए कहा कि निरंतर कांग्रेस और बीजेपी दोनों सरकारों ने प्रदेश को कर्ज के बोझ के नीचे दबाने का काम किया है और आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है।

शशिकांत के अनुसार, हिमाचल प्रदेश सरकार 1200 करोड़ का नया ऋण लेने की तैयारी कर रही है, जिससे केवल 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 4200 करोड़ का कर्जा लेने का नया रिकॉर्ड स्थापित हो रहा है और प्रदेश पर कुल कर्जे का बोझ लगभग 99075 करोड़ से अधिक हो जाएगा। भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति तथा वित्तीय कुप्रबंधन ने प्रदेश को कंगाली की स्थिति में पहुंचा दिया है। एक वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, 100 में से केवल 24 रुपए ही विकास कार्यों के लिए उपलब्ध हो पाते हैं। शशिकांत ने आरोप लगाया कि आत्मनिर्भरता की बात करने वाली कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को कर्ज निर्भर बनाने की दिशा में धकेल दिया है।

### रामायण पाठ से घर में रहता है भक्ति का माहौल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** श्रीराम कथा के तीसरे दिन चुवाड़ी में आचार्य संदीप विशिष्ठ जी ने रामचरितमानस के प्रसंग, भगवान राम के जन्म के कारण, भगवान शिव के मुख से पार्वती माता के संवाद की कथा को सुनाते हुए सभी से रामायण पाठ का अनुरोध किया। वहीं रामायण के पाठन व गायन, श्रवण से निवेदन किया कि हर घर में महौल को भक्तिभाव से ओतप्रोत करते रहे, जिसके सुमिरन, श्रवण से आगामी पीढ़ियों मे भी भक्तिभाव प्रकट हो। मंगल भवन अमंगल हारी, उमा सहित हिय जपत पुरारि, भजन-कीर्तन से मन प्रफुल्लित करते हुए सभी से रामायण के आदर्शों की पालना करने का तथा अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## 'प्लास्टिक मुक्त खजियार अभियान' के तहत की सफाई




**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत खजियार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्यातिथि के रूप में देशराज शर्मा (निदेशक, कृषि बैंक) उपस्थित रहे, साथ में कार्यक्रम के संयोजक मंगल सिंह उपस्थित रहे।

इस दौरान नोबल कम्युनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'प्लास्टिक मुक्त खजियार' अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत खजियार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 40 कूड़ादान लोगों को वितरित किए। इस अभियान के दौरान स्कूल के बच्चों सहित अन्य लोगों ने सफाई अभियान भी चलाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज इंदौरा, सत महाजन चैरिटेबल ट्रस्ट नूरपुर, होटल जोत पास, एमजे रिसॉर्ट, कंदरौड़ी, राघव स्टोन क्रशर ने सहयोग किया।

## एनएच की हालत खराब, प्रशासन बेखबर

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे 154 ए पर गड्ढों की भरमार होने के चलते यहां पर वाहन चालकों का चलन बहुत ही मुश्किल हो गया है।

बग्गा से लेकर खड़ामुख तक जगह-जगह सड़क कच्ची व दो-दो फुट तक सड़क में गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं, जिसके चलते यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। शुक्रवार को भी यहां पर बड़ी गाड़ी का चैंबर टूट जाने के कारण सारा तेल बीच रास्ते में ही निकल गया। यही नहीं यहां पर दोपहियां वाहनों का चलना बहुत ही मुश्किल हो गया है। हालांकि सरकार की ओर से इस सड़क की मरम्मत का जिम्मा एक निजी कंपनी को दिया है, लेकिन निजी कंपनी द्वारा भरमौर से सिर्फ तरकोल ही बिछाया जा रहा है और इन गड्ढों को भरने का बिल्कुल भी काम नहीं किया जा रहा है जिसके पैसे बचाएं जा रहे हैं। हालत यह है कि यहां पर छोटी व बड़ी गाड़ियां बड़ी मुश्किल से जा रही है। विभाग द्वारा दलील दी जा रही है कि भरमौर से नीचे की तरफ को तरकोल बिछाई जा रही है और जल्द ही समस्या हल हो जाएगी, लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर तारकोल बिछाने में एक महीने का समय लग जाए तो क्या 1 महीने में इन गड्ढे में बड़ा हादसा हो जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी। बहरहाल भरमौर में इन दिनों पर्यटन सीजन जोरों पर है लेकिन 30 किलोमीटर तक सड़क की दुर्दशा पर्यटकों को दोबारा यहां न आने को लेकर जैसे मानो कह रही हो।



खस्ताहालत सड़क का दृश्य।

स्थानीय निवासियों में अजय कुमार, मनु शर्मा, संजय कुमार, देवेंद्र, सुमन ठाकुर, जगदीश, रानी शर्मा, राजेश कुमार, अमित कुमार का कहना है कि विभाग द्वारा यहां पर मात्र लीपापोती का काम ही किया जा रहा है।

## दंगल मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत भांजराडू में पारंपरिक 14 आषाढ़ दंगल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी यह ऐतिहासिक दंगल मेले का आयोजन चुराह मंच ग्राउंड में हुआ, जहां देसी कुश्ती की परंपरा और स्थानीय संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मेले में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत अधिकारी ने विशेष रूप से शिरकत की और आयोजन समिति की सराहना करते हुए ऐसे पारंपरिक मेलों को सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। दंगल में स्थानीय पहलवानों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से आए नामी पहलवानों ने भी हिस्सा लिया और दर्शकों को दमदार मुकाबलों से रोमांचित कर दिया।



भांजराडू पंचायत में दंगल मेले में दमदार मुकाबला करते हुए पहलवान।

'27 की छींज' के नाम से मशहूर यह दंगल क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। आयोजन की विशेष बात यह रही कि ग्राम पंचायत भांजराडू के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

मेले के दौरान ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था, वहीं युवाओं ने पारंपरिक खेलों में गहरी रुचि दिखाते हुए कुश्ती जैसी खेल विधा को जीवंत बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। स्थानीय लोगों ने बाहरी पहलवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई।

### सूडोकु नवताल- 7475

**★★★ मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7474 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## बैंकिंग सेवाओं में खेम सिंह को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डिजिटल इंडिया कॉमन सर्विस वर्कशॉप के तहत आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में चंबा जिले के धरवाला क्षेत्र के कॉमन सर्विस सेंटर धारक खेम सिंह को सम्मानित किया गया।

खेम सिंह, जो गांव व डाकघर चूड़ी के निवासी हैं और स्वर्गीय कैलाश चंद के पुत्र हैं, को यह सम्मान ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं को सुलभ और प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने खेम सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ तकनीकी दक्षता से बैंकिंग सेवाएं लोगों तक पहुंचाईं, बल्कि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है।



खेम सिंह को सम्मानित करते असिस्टेंट कमिश्नर चंबा पृथी पाल सिंह।

ग्रामीणों को समय पर बैंकिंग, पेंशन, बीमा और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध करवाना खेम सिंह की विशेष उपलब्धि रही है। सम्मान के इस पल पर खेम सिंह ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए गर्व की बात है। मेरा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शहरों जैसी डिजिटल और बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## पूर्व विधायक जिया लाल कपूर ने छवि खराब करने पर की शिकायत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के पूर्व विधायक जिया लाल कपूर ने जिला पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिख कर शिकायत की है कि किसी शिवू पंडित के नाम से बने फेसबुक अकाउंट के द्वारा सोशल मीडिया पर मेरी छवि को खराब करने वाले संदेश भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त शिबू पंडित द्वारा गलत संदेश पोस्ट किए जा रहे हैं। जिससे मेरे सामाजिक मान सम्मान को हानि हो रही है। उन्होंने कहा है कि पिछले 2017 से लेकर 2022 तक वह बतौर विधायक विधानसभा क्षेत्र भरमौर रहे है लिहाजा इससे उनकी छवि को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

उन्होंने एसपी चंबा से मांग की है उक्त व्यक्ति खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि भविष्य में किसी व्यक्ति की छवि को नुकसान न पहुंचाए।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

29 जून, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : आषाढ़, **तिथि** चतुर्थी (09:15): **नक्षत्र** आश्लेषा (06:34), **पक्षः** शुक्ल, योग : वज्र (17:59) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:50), **राहुकाल** (04:30-6:00)।

### विशेष दिन

- 29 जून : मंगला चतुर्थी आज ।
- 29 जून 2025 : स्कंध पंचमी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** सुख-आनंद कारक समय है। भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**वृषभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा।

**मिथुनः** नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कर्कः** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुलाः** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनुः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकरः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी।

**कुंभ** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मीन** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**राजनीति**

### कांग्रेस पार्टी खामोश तो वहीं भाजपा गांवों का दौरा कर सियासी पिच कर रही मजबूत

# भरमौर में राजनीतिक पार्टियों में खूब मचा घमासान

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के ठंडे विधानसभा क्षेत्र भरमौर में इन दिनों खूब घमासान मचा हुआ है। वर्तमान सत्ता सिंह कांग्रेस पार्टी यहां पर मृत दिखाई दे रही है तो वहीं पर भाजपा के दो अलग-अलग नेता रोज विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों का दौरा करके अपनी सियासी पिच को मजबूती देने में लगे हुए हैं।

भाजपा जहां हर रोज अपने संगठन के जरिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय दिख रही है तो वहीं पर कांग्रेस अभी भी इसी पशोपेश में है कि चले तो चले पर चले किसके साथ। सत्ता का सुख यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कोसों दूर दिख रहा है। एक छोटे-मोटे रोजगार व काम के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता दर बदर भटक रहा है।

वहीं भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक पिछले कई महीने से लगातार गांव के गांव जाकर लोगों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर भविष्य की राजनीति को मजबूत गांठ दे रहे हैं तो वहीं पर पूर्व विधायक जियालाल कपूर भी लोगों के दुख सुख में शामिल होकर भविष्य में अपनी ताल ठोकने का दावा भी पेश कर रहे हैं। पूर्व में अपने द्वारा करवाए विकास कार्य को दिखाकर व गिनाकर एक बार फिर से नुमाइंदगी करने की उम्मीद उनके अंदर भी हिलोरें मार रही है।

### भाजपा के अंदर भी संगठन व बड़े नेताओं के बीच देखी जा रही रार!

**भाजपा** के अंदर भी संगठन व बड़े नेताओं के बीच रार सामने देखी जा रही है। भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लिहाजा इसके चलते एक नई गुट बंदी व जुगलबंदी भी बनती हुई दिख रही है। हालांकि भाजपा हाई कमान द्वारा लगातार बड़े नेताओं व संगठन के लोगों को भेज कर इस उबलती स्थिति को ठंडा करने की भरपूर कोशिश की जा रही है। जिसके कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि विधायक द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों के पौराणिक काम में शामिल होकर अपने आप को शामिल करके यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि वह हर वक्त आम लोगों के बीच में ही है। युवाओं के बीच में उनकी अच्छी खासी पैठ भी मानी जा रही है।

### कांग्रेस के बड़े नेताओं की भरमौर से दूरी

**सियासी** जानकारी की माने तो वर्तमान में भरमौर में कांग्रेस मृत अवस्था में चली गई है। जिसे जल्द संजीवनी नहीं मिली तो भविष्य संकट में है। यहां पर कांग्रेस का हर बड़ा नेता अपने आप को बड़ा साबित करने में ही लगा हुआ है। लिहाजा आम कार्यकर्ताओं से दूरी कांग्रेस पार्टी को अर्स से फर्श की ओर ले जा रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं की भरमौर से लगातार दूरी भी जले में नमक का काम कर रही है।

सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि गुणवान व्यक्ति बनने की कोशिश करो। –अल्बर्ट आइंस्टीन

## संपादकीय

# सड़क सुरक्षा जरूरी

भारत में सड़क हादसे लंबे समय से एक गंभीर समस्या बने हुए हैं। हर साल लाखों लोग इन दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों की होती है। खासकर युवा वर्ग में बाइक और स्कूटर का क्रेज ज्यादा है, लेकिन इसके साथ ही लापरवाही, तेज रफ्तारी, खराब सड़कों और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी कई बार जानलेवा साबित होती है। अगर हम सड़क हादसों के कारणों पर नजर डालें तो ये महज संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित चूक और लापरवाहियों का परिणाम हैं। एक ओर तो ड्राइवरों की लापरवाही, रैश ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी इसके प्रमुख कारण हैं। वहीं दूसरी ओर, सड़कों की खराब हालत, अंधे मोड़, स्पीड ब्रेकरों का अभाव, खराब साइन बोर्ड और वाहनों की समय पर मेंटेनेंस न करवाना भी हादसों की संभावना बढ़ाते हैं। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों की स्थिति और भी दयनीय है। एक छोटी सी चूक या सड़क पर हलकी सी फिसलन भी जानलेवा साबित हो सकती है। दोपहिया वाहनों में चौपहिया वाहनों के मुकाबले सुरक्षा इंतजाम बहुत कम होते हैं। ऐसे में तकनीकी सुधार ही सबसे बड़ा सहारा बन सकता है। सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने दोपहिया वाहनों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत भारत में बिकने वाले सभी नए दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) अनिवार्य कर दिया जाएगा, चाहे उनकी इंजन क्षमता कुछ भी हो। सिर्फ इतना ही नहीं, हर नई बाइक या स्कूटर खरीदने पर डीलर को दो बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट देना अनिवार्य होगा। एक वाहन चालक के लिए और दूसरा पीछे बैठने वाले के लिए। यह कदम बहुत ही व्यावहारिक और जरूरी है, क्योंकि देश में हेलमेट न पहनने की प्रवृत्ति आम है, खासकर पीछे बैठने वालों के बीच। वर्तमान में एबीएस सिस्टम केवल उन बाइकों में अनिवार्य है, जिनकी इंजन क्षमता 125 सीसी से अधिक है। इससे छोटे वाहन, जैसे कि 100 सीसी या 110 सीसी की लोकप्रिय मोटरसाइकिल और स्कूटर, इस सुरक्षा तकनीक से वंचित रहते थे। इन वाहनों में अब तक केवल कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम (सीबीएस) लगाया जाता था, जो ब्रेकिंग में थोड़ी मदद तो करता है, लेकिन एबीएस के मुकाबले काफी पीछे है। एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) एक अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा तकनीक है। इसका मुख्य कार्य अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में पहियों को लॉक होने से बचाना है। जब वाहन के पहिए लॉक हो जाते हैं तो स्किडिंग (फिसलने) की स्थिति उत्पन्न होती है। इस स्थिति में वाहन चालक का नियंत्रण वाहन से हट जाता है, और हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।


एबीएस ब्रेकिंग फोर्स को पहियों की ग्रिप के अनुसार स्वत: एडजस्ट करता है। खासतौर पर गीली सड़क, कंकड़-पत्थर वाले रास्ते या अचानक सामने आई रुकावट पर वाहन को सुरक्षित रोकने में यह प्रणाली कारगर साबित होती है। इस तकनीक के जरिए दुर्घटनाओं में भारी कमी लाई जा सकती है। यूरोपीय देशों, जापान और अमेरिका में पहले ही यह सिस्टम अनिवार्य है और वहां सड़क हादसों में लगातार कमी आई है। भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली मोटरसाइकिलें 100 सीसी से लेकर 125 सीसी तक की होती हैं। इन्हें मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग प्राथमिकता देते हैं। अभी तक इन सस्ते वाहनों में एबीएस उपलब्ध नहीं था। यह सोच कर कि छोटे वाहनों की रफ्तार कम होती है, सुरक्षा तकनीक को नजरअंदाज किया जाता रहा। सरकार का यह निर्णय सुरक्षा को विशेष वर्ग तक सीमित न रखते हुए सभी नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास है। डीलरशिप से हर वाहन के साथ दो बीआईएस प्रमाणित हेलमेट देना अनिवार्य करने का फैसला भी स्वागत योग्य है। अभी तक अधिकतर लोग वाहन खरीदते समय हेलमेट को नजरअंदाज कर देते थे या सस्ते, घटिया गुणवत्ता वाले लोकल हेलमेट ले लेते थे। इससे हादसों में सिर की चोटें जानलेवा बन जाती थीं। पीछे बैठने वाले यात्री के लिए हेलमेट की अनिवार्यता का प्रावधान सामाजिक मानसिकता को बदलने में मदद करेगा। यह न सिर्फ नियम का पालन करने की दिशा में सहायक होगा, बल्कि परिवारों को सुरक्षा का अतिरिक्त कवच भी प्रदान करेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नियम जनवरी 2026 से लागू होगा। इसका अर्थ है कि वाहन निर्माता कंपनियों के पास अपनी तकनीक और उत्पादन प्रणाली को बदलने के लिए पर्याप्त समय होगा। साथ ही उपभोक्ताओं को भी इसके बारे में जागरूक करने का अवसर मिलेगा।

हालांकि, इस फैसले के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। एबीएस तकनीक से वाहनों की लागत थोड़ी बढ़ेगी। सवाल यह है कि क्या मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के लोग इसे वहन कर पाएंगे? दूसरी ओर, हेलमेट वितरण की निगरानी भी एक बड़ी चुनौती होगी। डीलरशिप स्तर पर यह सुनिश्चित करना कि सही गुणवत्ता वाले हेलमेट ग्राहकों को दिए जा रहे हैं, इसके लिए कड़ी मॉनिटरिंग जरूरी है। सड़क सुरक्षा के लिहाज से यह कदम बेहद अहम है। यदि सरकार, वाहन निर्माता, डीलर और आम नागरिक मिलकर ईमानदारी से इस पहल को अपनाएं, तो सड़कें निश्चित रूप से ज्यादा सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बन सकती हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद

**प्रशांत चंद्र महालनोबिस** प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद थे। उन्हें दूसरी पंचवर्षीय योजना के अपने मसौदे के कारण जाना जाता है। वह भारत की आजादी के पश्चात नवगठित मंत्रिमंडल के सांख्यिकी सलाहकार बने थे।



पीसी महालनोबिस
जन्म : 29 जून, 1893
मृत्यु : 28 जून, 1972

औद्योगिक उत्पादन की तीव्र बढ़ौतरी के जरिए बेरोजगारी समाप्त करने के सरकार के प्रमुख उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने योजनाएं बनाईं। उनका जन्म कोलकाता में हुआ था। उन्होंने नेल्सन अन्नाडेल संस्थान द्वारा कोलकाता के ऐंग्लो इंडियंस के बारे में एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया। इस विश्लेषण का जो परिणाम आया, वह भारत में सांख्यिकी का पहला शोध पत्र कहा जा सकता है। प्रो. महालनोबिस का सबसे बड़ा योगदान उनके द्वारा शुरू किया गया 'सैंपल सर्वे' है, जिसके आधार पर आज बड़ी-बड़ी नीतियां और योजनाएं बनाई जा रही हैं। उनका जन्मदिन 'सांख्यिकी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। ■



कविता

## नई रिवायत

अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर (हिप्र)

*बरसात तो बस दो महीने की, नई रिवायत क्यों चलाते हो,*
*बहने दो जैसे पहले बहता था, नए चल्ले क्यों निकालते हो,*
*पानी तो पानी है, उसे तो नीचे की ओर बहना है,*
*थोड़े से अपने स्वार्थ के लिए,*
*आत्मीय रिश्ते क्यों बिगाड़ते हो,*
*अपने फायदे के लिए वे,*
*औरों का नुकसान करते हैं,*
*भोले-भाले सच्चे पक्के बन,*
*झूठ फरेब क्यों छुपाते हो,*
*औरों की दुख तकलीफ में,*
*अकसर वे खूब मुस्कराते हैं,*
*आए जब अपनी बारी तो,*
*हाय तौबा क्यों मचाते हो,*
*खुण-खुण ओड़े बन्ने,*
*आगे ही आगे बढ़ते रहते हैं,*
*रोके टोके गर कोई,*
*औरों को दोषी क्यों ठहराते हो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता के लिए दिया बलिदान

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था, इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग करके देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वह एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध थे, इसलिए डॉ. मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन खड़ा किया था। भारत के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी, आज यदि हम जम्मू-कश्मीर में बिना परमिट के जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो इसके पीछे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान है।




लेखक : दुर्गादास उइके
केंद्रीय राज्य मंत्री

डॉ. साहब ने कहा था कि राष्ट्रीय एकता की धरातल पर ही सुनहरे भविष्य के नींव रखी जा सकती है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला, जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों व स्थायी समाधानों पर जोर दिया और उनके लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी डॉ. मुखर्जी की ही दूरदर्शिता परिणाम है। डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किए। वे शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के भी बहुत बड़े पक्षधर थे। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश के एकता और अखंडता के लिए उनका त्याग, समर्पण और बलिदान हम देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मानवता के उपासक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद, जनसंघ संस्थापक व हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी ने कहा था हम उन्नति करेंगे, हम एक होंगे, हम एक ऐसे देश में रहेंगे, जिसका भाग्य केवल हमारे बच्चों के हाथ में होगा, जहां एक स्वतंत्र और हिंदुस्तान का झंडा हमेशा शांति, प्रगति और आजादी की प्रतिष्ठा की घोषणा करेगा।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक बार कहा था जो भी कार्य आरंभ करें, उसे गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट न हों, जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ न दे दें। जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है यह नारा जो सच हुआ। आज कश्मीर शांत और अखंड भारत का हिस्सा है। धारा 370 अब कड़वा अतीत बन गई है और 35सी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। हमारे पथ प्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था, वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति और ताकत है, किंतु वह राष्ट्र स्वार्थ हेतु उनका दुरुपयोग नहीं करता है। उस काल में जम्मू-कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले पूज्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही थे। 1947 के बाद सत्ता में आई कांग्रेस के द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीयता तथा आयातित पश्चिमी विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत, भारतीय तथा भारतीयता के शाश्वत विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकास देश को देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही हमारे अग्रदूत, हमारे पथ प्रदर्शक थे। आज की भारतीय जनता पार्टी का परिदृश्य, स्वरूप, आधारशिला, आधार स्तंभ, प्रकाश पुंज डॉ. मुखर्जी ही है। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना की जो बाद में 1980 को भारतीय जनता पार्टी का आधार बना। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया, किंतु कांग्रेस की गलत नीतियों तुष्टीकरण से लेकर भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्य के विरुद्ध कार्य करने वाली राष्ट्रीय विरोधी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था एवं संसद में एक मजबूत विपक्ष के रूप में कार्य किया तथा सरकार की गलत नीतियों पर सवाल उठाने तथा संसद में जनता की आवाज बनकर भारत का प्रतिनिधित्व एक सांसद के रूप में किया।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय के लिए काम किया, बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए काम किया और उनके अधिकारों के रक्षा के लिए आवाज उठाई। डॉ. मुखर्जी जी का जीवन वृत्त, 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ, उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी



प्रतिभा के धनी थे। वे देश के प्रख्यात शिक्षाविद के रूप में प्रसिद्ध थे, डॉ. मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक पास किया तथा 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की, 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित की तथा वे विदेश चले गए और 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने यशस्वी पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर ली थीं। 33 वर्ष की अल्पायु में ही वह कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। एक विचारक, चिंतक, शिक्षाविद, प्रख्यात वक्ता के रूप में उनकी ख्याति निरंतर देश में बढ़ती चली गई।

राजनीतिक जीवन, आदमी भाइयों बहनों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय अलग जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद से कृषक प्रजापति से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया। इस सरकार में वह वित्त मंत्री बने। इसी समय में सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिंदू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं की उपेक्षा न हो, जनसंघ की स्थापना, उसे समय डॉ. मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठाकर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन कराया और आधा बंगाल और आधा पंजाब खंडित भारत के लिए बचा लिया। गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वह भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए। उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

संविधान सभा और प्रांतीय संसद के सदस्य और केंद्रीय मंत्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया, किंतु उनके राष्ट्रवादी चिंतन के चलते अन्य नेताओं से मध्य बराबर बने रहे, फ्लैट राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपने सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने एक नई पार्टी बनाई, जो उसे समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। अक्तूबर 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ। अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन में मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेलों में डाल दिया था। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं, इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वह मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हम में कोई अंतर नहीं है। हम एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है, किंतु उस वक्त का जो कांग्रेसी नेतृत्व था, उसकी वजह से 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और राष्ट्र का विभाजन हुआ।

ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और षड्यंत्र को कांग्रेस के नेताओं ने अखंड भारत संबंधी अपने वादों को तात्पर रखकर स्वीकार कर लिया था और भारत का विभाजन हुआ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विभाजन के प्रखर विरोधी थे। वह तुष्टिकरण के प्रखर विरोधी थे, दो निशान दो विधान दो प्रधान के विरोधी थे।

वह राष्ट्र प्रथम का नारा देते हुए जम्मू-कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है, के प्रबल समर्थक थे, राष्ट्र की एकता अखंडता और सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। नेहरू की सरकार से असंतुष्ट होकर उद्योग मंत्री से त्यागपत्र दिया और उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना की। 30 वर्षों के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ। अंत्योदय एवं राष्ट्र की एकता अखंडता को सुदृढ़ करने की दिशा में हम सब आगे बढ़े हैं। 2014 से अधिकतम 2025 का विकसित भारत का चित्र आपके सामने है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना गलत

नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया था कि ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है। अप्रैल 2025 में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे में बोस्टन की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का उल्लेख कर चुनाव पर बड़े सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है।



लेखक : डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राहुल गांधी ने 'मैच-फिक्सिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा, जो कई अखबारों में छपा। उन्होंने भाजपा पर सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है, जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठसाया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वह आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित करता है, जिसे संसद, राष्ट्रपति, विधानसभा और सभी निर्वाचित निकायों के चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने का दायित्व दिया गया है। यह संस्था न तो कार्यपालिका के अधीन है और न ही किसी राजनीतिक दबाव में काम करती है। भारतीय निर्वाचन आयोग केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं, बल्कि विवाद-निराकरण और मतदाता-विश्वास निर्माण की भी जिम्मेदारी निभाता है। आयोग मतदान प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए कई स्तर पर काम करता है।

राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कुछ भी बयान देते हैं, पर तर्क और तथ्य की कमी होती है। इससे समाज में भ्रम फैलता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर पड़ती है। विदेशी धरती पर जाकर वह देश का अपमान, मोदी सरकार की आलोचना और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का कोई अवसर चूकते नहीं हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में




कहा कि 'भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा (ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है।' उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है। खासकर तब जब भारत में लगातार चुनाव होते रहे हैं और सरकारें बदलती रही हैं। बीते 10-11 वर्षों में देश में कई ऐसी सरकारें बनी हैं, जिसमें भाजपा को हराने के बाद कांग्रेस को मौका मिला है। मतलब, अगर नतीजे राहुल और उनकी पार्टी के लिए अच्छे रहें तो लोकतंत्र ठीक है और नहीं तो वह ब्रोकेन हो जाता है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से लिखित में तथ्यों की मांग की और चर्चा के लिए भी आमंत्रित किया है और अब यह दायित्व बनता है कि आरोप लगाने वाले नेता उन्हें उचित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत करें। हालांकि राहुल गांधी के पूर्व रिकार्ड के हिसाब से ऐसा लग नहीं रहा है कि वह चुनाव आयोग के सामने जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अन्य नेताओं को रखा हुआ है।

राहुल गांधी का काम सिर्फ आरोप लगाना है। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कांग्रेस पार्टी को एक विस्तृत जवाब दिया था, जिसकी प्रति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि राहुल गांधी इस अध्याय का पटाक्षेप नहीं चाहते हैं। उनकी पार्टी इस मामले को जिंदा रखना चाहती है ताकि आगे के चुनाव नतीजों को सुविधा के हिसाब से संदिग्ध बनाया जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**बद्दी,** बरोटीवाला और नालागढ़ में लगातार दवाइयों के सैंपल फेल होने की खबरें आ रही हैं। यह सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। इन सैंपल फेल दवाइयों में पेट के कीड़े मारने वाली दवाइयों से लेकर संक्रमण रोकने वाली एंटीबायोटिक्स तक शामिल हैं। कल्पना कीजिए कि यदि ये दवाइयां किसी गंभीर बीमारी के इलाज में इस्तेमाल हो रही हों तो इसका अंजाम क्या हो सकता है? यह सीधे तौर पर हत्या के प्रयास जैसा है। राज्य सरकार और ड्रग कंट्रोल विभाग केवल नोटिस जारी कर, कंपनियों से जवाब मांगकर और स्टॉक वापसी करवाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते हैं। किसी कंपनी का लाइसेंस रद्द नहीं होता, किसी को जेल नहीं भेजा जाता और न ही दोषी बेनकाब होते हैं। यह ढीलापन ही है जो ड्रग माफिया को प्रोत्साहित कर रहा है।

**–अभय धर, कुल्लू (हिप्र)**

# अच्छे कर्म जीवन को स्वर्ग व बुरे कर्म जीवन को नर्क बना देते हैं

अरस्तु ने कहा था कि जो सबका मित्र होता है, वह किसी का मित्र नहीं होता। वर्तमान परिपेक्षय में यह बात चरितार्थ हो रही है। कुछ लोग सबके साथ मित्रता रखते हैं, लेकिन वे किसी के भी सच्चे मित्र नहीं हैं। वे सबको बेबकूफ बनाते हैं लेकिन ऐसा ज्यादा दिन नहीं चलता है। एक दिन ऐसे लोगों का पर्दाफाश हो जाता है। ऐसे लोग गिरगिट की प्रजाति के होते हैं। ये इधर की बातें उधर करते हैं। गलतफहमियां पैदा करते हैं। ऐसे लोग मौकापरस्त होते हैं, जिनका विश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे लोगों का कोई दीनमान नहीं होता है। यह अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी की भी बलि दे सकते हैं। ऐसे दोहरी मानसिकता वाले लोगों से समय रहते किनारा कर लेना चाहिए क्योंकि ये बहुत ही घातक होते हैं। ये दोस्तों में दरार डालते हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
मंडी, हिमाचल प्रदेश

दोस्ती बराबर की न हो तो वह टूट जाती है। एक विचारक ने कहा था कि दोस्ती बराबर की ही होनी चाहिए। आजकल दोस्ती हैसियत देखकर की जाती है जैसे कि उसका जीवन स्तर कितना ऊंचा है, स्टेटस क्या है, क्या जॉब करता है, क्या उसके पास गाड़ी है या आलीशान बंगला है। आजकल यही दोस्ती का पैमाना है। गरीब अमीर की दोस्ती बहुत कम होती है क्योंकि अमीर अपने पैसे की धौंस जमाते है और गरीबों को दबाते हैं और उन्हें इग्नोर करते हैं और नीचा दिखाते हैं। कहते हैं सच्चे व पक्के दोस्त नसीब वालों को ही मिलते हैं। आज सच्चे मित्र का मिलना बहुत ही कठिन है। वास्तव में सच्चा मित्र वही होता है, जो हमेशा हर दुख-सुख व मुसीबत में हमारे साथ खड़ा रहे।

सुख-दुख जीवन की धूप छांव होते हैं और जीवन में इनका आना-जाना एक सतत् प्रक्रिया है। जीवन मे एक ही मित्र काफी होता है, जो हर संकट मे कंधे से कंधा मिलाकर चले और कहे दोस्त कोई बात नहीं मैं हूं न, घबराओ मत। अंतिम सांस तक आपका साथ निभाउंगा। आधुनिक इंटरनेट युग में ऐसे दोस्त लगभग विलुप्त हो चुके हैं। आज मतलबी दोस्त हो गए हैं। मतलब खत्म होने के बाद दोस्ती खत्म कर देते हैं। दोस्ती निस्वार्थ होनी चाहिए जिसमें स्वार्थ नहीं होना चाहिए। अक्सर देखा गया है कि आज मतलबी दोस्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे उदाहारण बहुत हैं कि जो लोग कभी सच्चे दोस्त थे, आज अच्छी जॉब पर लग गए तो अपने दोस्तों को भूल गए और पहचानने से इंकार करते हैं, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो अपनी औकात भूल जाते हैं वक्त उनको तहस-नहस कर देता है। नए-नए दोस्त जब बन जाते हैं तो पुराने दोस्त भुला दिए जाते हैं।



एक शायर ने कहा था कि जिंदगी में हर चीज अच्छी होती है, लेकिन दोस्त पुराने ही अच्छे होते हैं, जो आपकी हर परिस्थिति से वाकिफ होते हैं। नए दोस्त सिर्फ नौ दिन चलते हैं, जबकि पुराने ताउम्र चलते हैं। आज कुछ लोग जो अमीर बन गए, पुराने दोस्तों को अनदेखा करते हैं, शायद अपना समय भूल गए हैं। गरीब के साथ रिश्ता छुपाते हैं। गरीब का स्वाभिमान बहुत बड़ा होता है, वह किसी को इग्नोर नहीं करता। दिन-रात बिना स्वार्थ के तत्पर रहता है लेकिन लोग उसका आदर नहीं करते। गरीब आदमी बेइमान नहीं होता, नमक से रोटी खा लेता है, लेकिन किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता। भाग्य अपना-अपना है। कोई झोपड़ी में खुश है तो कोई महलों में भी रोता है। भाग्य किसी की बपोती नहीं होती। कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है, इसलिए अच्छे कर्म करते रहिए। अपना-अपना भाग्य होता है, जैसा कर्म करोगे, वैसा ही फल मिलेगा। कर्म प्रधान होता है, इसलिए कर्म करते रहिए। भाग्य एक पल में किसी को कंगाल बना दे यह किसी को पता नहीं होता। दो जून की रोटी को तरसने वाले आज अपना समय भूल चुके हैं। अच्छे कर्म जीवन को स्वर्ग बना देते हैं और बुरे कर्म जीवन को नर्क बना देते हैं। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान हैं, जिसके वे काबिल नहीं होते, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है, जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता।

एक कहावत है कि घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, जबकि बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को ऊपर उठाया जाता है, भेदभाव किया जाता है। प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग हैं, जिन्हें दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत, मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है, तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं।

यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा हैं, मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। जीवन और मृत्यु में सिर्फ चंद सांसों का फासला है। जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझते हैं। इसलिए, सच्चाई के रास्ते पर चलते रहिए, क्योंकि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। सच कभी नहीं हारता। सच्चा मित्र वही होता है, जो कभी भेदभाव नहीं करता। मित्र गलत भी हो तब भी साथ नहीं छोड़ता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# 'पोषाम पा भाई पोषाम पा' से लेकर 'हैशटैग' का सफर

पहले समय में गांवों में मध्यमवर्गीय परिवारों में बच्चों के जन्म को अधिक उत्सव के रूप में नहीं मनाया जाता था। इसका मुख्य कारण सीमित आय और अधिक संतानों की जिम्मेदारी थी, लेकिन आज के समय में अधिकांश परिवारों में एक या दो ही संतान होती हैं और बच्चे की परवरिश में आधुनिक तरीके अपनाए जा रहे हैं।



लेखक : राजेंद्र कुमार
प्रवक्ता हिंदी, जोगिंद्रनगर (हिप्र)

बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा शुरू होने से पहले उन्हें घर में ही पांच वर्ष तक स्नेह और देखरेख में रखा जाता था, लेकिन अब उन्हें बहुत कम उम्र में स्कूल भेज दिया जाता है। पहले गांवों के स्कूलों में पढ़ाई के पारंपरिक तरीके होते थे जैसे कि पट्टी, कलम-दवात, स्लेट आदि का उपयोग होता था, लेकिन अब ये सब बदलकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट कक्षाओं में बदल चुका है।

शिक्षकों से डरने के बजाए आज बच्चे उनसे मित्रवत व्यवहार करते हैं। पहले की पढ़ाई में अनुशासन और अभ्यास पर बल दिया जाता था, जबकि आज शिक्षा का स्वरूप अधिक डिजिटल हो गया है। खेलों की बात करें तो पहले बच्चे 'पिट्ठू' 'गिल्ली-डंडा', 'लुका-छिपाई', 'पोषाम पा' जैसे पारंपरिक खेल खेलते थे, जिनसे उनका शारीरिक विकास भी होता था।



आज के समय में मोबाइल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वीडियो गेम और हैशटैग (#) इनकी जगह ले चुके हैं। बच्चे अब बाहर खेलना छोड़कर डिजिटल उपकरणों में समय बिताते हैं, जिससे शारीरिक गतिविधियों की कमी हो गई है। पहले बच्चे खेतों और घर के कामों में हाथ बंटाते थे, जिससे उनमें परिश्रम की भावना और सामाजिक जुड़ाव विकसित होता था। वहीं, अब इन गतिविधियों से बच्चों को दूर रखा जा रहा है। पहले घर का दूध, घी, मक्कन, दालें स्वयं बनाई जाती थीं, लेकिन अब इनका सब बाजार से लाकर उपयोग किया जा रहा है। परिवार की संरचना में भी बदलाव आया है। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जिनमें सभी सदस्य मिलकर रहते थे। दुख-सुख बांटते थे और बच्चों में भी अच्छे संस्कार विकसित होते थे। अब अधिकांश परिवार एकल हो गए हैं और बच्चों को बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

आज के बच्चों की दिशा और दशा में भारी बदलाव आया है। तकनीक और सुविधा के इस युग में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक, मानसिक और शारीरिक नुकसान भी हो रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को संतुलित विकास देने के लिए हमें इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार करना होगा, तथा बच्चों का बचपन पुराने समय अनुसार ही ढालना चाहिए, ताकि उनका सही तरीके से शारीरिक विकास हो पाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 30 को विभिन्न जगहों पर बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-दो, मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि 30 जून को विद्युत अनुभाग रंधाड़ा में उच्चतम आवेग की लाइनों के आस-पास पेड़ों की कांट-छांट का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत 30 जून को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक गजनोहा, लोहारड़ी, नटनेड़, रंधाड़ा, तांदी अलाथू, हनुमान रोड, रत्ती पुल, घेरा, गडल, जोला, पतरौण, बनायट, कोठीगैहरी तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने की सूरत में कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### नशे की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नशे की सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाने और मास्टर ट्रेनरों की एक सशक्त टीम तैयार करने के उद्देश्य से टिहरा रेस्ट हाउस में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति तथा धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य सरकार द्वारा चयनित स्वयंसेवी संस्था गुंजन स्रोत के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर समिति के संस्थापक भूपेंद्र सिंह, सचिव सुनीता विष्ट, सेवा निवृत्त कॉलेज प्राचार्या वीणा राठौर, भोलादत्त कश्यप, परजा राम, राजीव आर्य, यश पठानिया, के.के. ठाकुर, अश्वनी राठौर और संजीव ठाकुर सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### गुरु रविदास महासभा के गोपाल बने अध्यक्ष

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** श्री गुरु रविदास महासभा नाचन का गठन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षाओं का जन-जन तक प्रचार करना और समाज में समता, भाईचारे व सेवा भावना को प्रोत्साहित करना है। महासभा की नई कार्यकारिणी में गोपाल नाण्डी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। लछु राम (सड़कण) को मुख्य संरक्षक तथा झाबे राम (तरौन) को संरक्षक नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष देव राज (तरौन), उपाध्यक्ष वनीता एवं कपूर चंद (दान), महासचिव नवीन (गवाड़), सह सचिव भारती (तरौन) तथा कोषाध्यक्ष मोहन लाल शामिल हैं। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष तारा चंद भाटिया और जिला अध्यक्ष मीना बग्गा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चामुंडा हाटेश्वरी मंदिर में 1 को होगा जागरण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत भनबाड़ स्थित द्रोडाधार माहाकाली चामुंडा हाटेश्वरी माता मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जुलाई को विशाल जागरण और 2 जुलाई को माता का भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। यह जानकारी मंदिर कमेटी के सदस्य एवं मंदिर के पुजारी देवी सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। स्थानीय लोग, कमेटी सदस्य और श्रद्धालु आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी दूर-दराज से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### पेंशनर जीवन प्रमाण पत्र का करवाएं सत्यापन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला कोषाधिकारी मंडी परीक्षित मिन्हास ने बताया कि जिला कोषागार कार्यालय मंडी के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहे पैंशनर 30 सितंबर तक अपने जीवन प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सत्यापन का कार्य पहली जुलाई से 30 सितंबर तक किया जाएगा। उन्होंने जिला मंडी के समस्त पेंशनरों से आग्रह किया कि वह निर्धारित समय अवधि में अपने समीप के उप कोषागार तथा मंडी शहर के समीप के पेंशनर जिला कोषागार कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में स्वयं आकर जीवन प्रमाण पत्र का सत्यापन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशनर पीपीओ, पैन कार्ड तथा बैंक पास बुक आदि दस्तावेजों को अपने साथ अवश्य लाएं। जिला कोषाधिकारी ने बताया कि जो पेंशनर स्वयं आने में असमर्थ हों, वे अपने जीवन प्रमाण पत्र को राजपत्रित अधिकारी, बैंक प्रबंधक, ग्रामीण राजस्व अधिकारी व पंचायत सचिव से सत्यापन के उपरांत पैन कार्ड की प्रति के साथ जिला कोषागार या उप कोषागार में जमा करवाएं।

### मौवीसेरी स्कूल में तमन्ना हेड गर्ल और नवनीत बना हेड ब्वॉय

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवीसेरी में आज एक अनुकरणीय पहल के तहत हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के चुनाव का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी प्रक्रिया को भारतीय चुनाव आयोग की तर्ज़ पर लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न किया गया। इस अभ्यास का



उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना, ज़िम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना रहा। प्रधानाचार्या पूनम महाजन द्वारा सबसे पहले चुनाव की अधिसूचना जारी की गई, जिसके तुरंत बाद आचार संहिता लागू कर दी गई। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवारों से तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर, 10 रुपए की सिक्योरिटी फीस और 'न नशा करूंगा, न नशा करने दूंगा' की शपथ ली गई। परिणामों में तमन्ना कुमारी को 105 और कविता चौहान को 89 मत मिले। हेड बॉय चुनाव में नवनीत ठाकुर को 64 मत मिले। तमन्ना कुमारी और नवनीत ठाकुर के चयन से उम्मीद है कि वे विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना को सशक्त करेंगे।

### बैग फ्री डे पर बच्चों ने दिखाई बहुआयामी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में शनिवार को 'बैग फ्री डे' के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भाषण, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, नारा लेखन, वेस्ट मटेरियल से सजावट प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में शास्त्री सदन ने प्रथम, लक्ष्मी सदन ने द्वितीय तथा सरोजनी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में सुभाष सदन प्रथम, शास्त्री सदन द्वितीय और लक्ष्मी सदन तृतीय स्थान पर रहा। चित्रकला में आर्यन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सोमानिका व कृतिका को द्वितीय और आरूषी तथा शिक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नारा लेखन प्रतियोगिता में ऐंजल प्रथम, तनिशा द्वितीय तथा मानवी और अनन्या तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्या राजकुमारी ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

### देव अजियापाल आज होंगे पलाचक के लिए रवाना

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के आराध्य देव तथा घाटीवासियों की अटूट आस्था के प्रतीक महादेव के रौद्र रूप देव अजियापाल आगामी 29 जून, रविवार को परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ ग्राम पंचायत बड़ा ग्रां के गांव नलहौता स्थित अस्थायी भंडार से अपने मूल स्थल पलाचक के लिए रवाना होंगे। यह देव यात्रा लगभग पंद्रह किलोमीटर लंबी होगी जो बड़ा भंगाल के रास्ते से होकर गुजरेगी। देव अजियापाल के पलाचक पहुंचने पर 29 जून की शाम देव के मुख्य गुर द्वारा देव खेल का आयोजन किया जाएगा। 30 जून की सुबह मुख्य गुर पहाड़ चंद विशेष पूजा अर्चना करेंगे। साथ ही पलाचक में स्थित देव अजियापाल की माता, पास में विराजमान वन राजा, जोगनी माता और अन्य देवी-देवताओं की पूजा की जाएगी।

## रोजाना मार्ग से गुजरती हैं सवारियों से भरी दर्जनों बसें व सैंकड़ों वाहन, पहले भी हुआ है नुकसान

# बाड़ी में दरकती पहाड़ी मचा सकती है कहर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** शहर के साथ लगते नगर निगम वार्ड दो में आने वाले गांव बाड़ी जो मंडी सदर इलाके के एक बड़े हिस्से का प्रवेश द्वार भी है, में मुख्य मार्ग पर दरक रही पहाड़ी को एक साल बीत जाने पर भी कोई समाधान नहीं हो पाया है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी 2 के तहत यह आता है और यहां से रोजाना दर्जनों सरकारी व निजी बसें सवारियों से भर कर गुजरती हैं। इसके अलावा दिन में सैंकड़ों वाहन भी इस रास्ते से गुजरते हैं। यह घनी आबादी वाला क्षेत्र तो है ही एक तरह से मंडी सदर इलाके की दर्जनों पंचायतों का प्रवेश द्वार भी है।

रघुनाथ का पधर से कुछ आगे गांव बाड़ी में जहां सड़क तंग भी है और नीचे सीधे ब्यास नदी बहती है, उससे इस सड़क को थामने के लिए पत्थरों का कच्चा डंगा लोक निर्माण विभाग ने लगा रखा है। बीते साल यह डंगा धंस गया था और साथ में सड़क भी धंसने लगी थी। उसी वक्त से खतरा बना हुआ है।



क्षतिग्रस्त सड़क, डंगा व तंग मार्ग से गुजरते वाहन, जहां कभी भी हादसा हो सकता है।

### सड़क धंसने से वाहन सीधा ब्यास नदी में समाने का खतरा, डीसी से की जल्द निरीक्षण करने की मांग

**इस** बारे में इलाके की ग्राम पंचायतों सदोह, बीर, तरनोह व गुमाणु के प्रधानों में दुनी चंद, अनामिका, शशि आदि द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन उपायुक्त मंडी को सौंपा गया जिसमें बताया कि इन पंचायतों के हजारों बाशिंदे रोजाना इस मार्ग से वाहनों के माध्यम से गुजरते हैं। हर वक्त खतरा बना रहता है कि कब सड़क धंस जाए और वाहन सीधा ब्यास नदी में जाकर समा जाए। उपायुक्त से मांग की गई है कि किसी बड़े खतरे को आमंत्रण दे रहे इस स्थल का तुरंत प्रभाव से प्रशासनिक, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करवाया जाए तथा इससे पहले कि भारी बरसात में यह डंगा ब्यास नदी में समा कर कोई बड़ा हादसा कर डाले इसे सही किया जाए। इस ज्ञापन के साथ इन पंचायत प्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण व अधिशाषी अभियंता की रिपोर्ट भी संलग्न की है।

### विभाग और प्रशासन हादसे का कर रहा इंतजार

**पार्षद** सुमन ठाकुर ने बताया कि यह जगह बेहद जोखिमभरी हो चुकी है। कभी भी सड़क धंस कर तबाही मचा सकती है। किसी वाहन को भी अपनी चपेट में ले सकती है। जानी नुकसान हो सकता है। उनका कहना है कि स्थानीय विधायक अनिल शर्मा का अपना घर भी साथ में ही है। इस बारे में विधायक स्वयं कई बार विभाग से आग्रह कर चुके हैं। एक साल से यही आश्वासन मिल रहा है कि जल्द ही इस जगह को दरूस्त कर दिया जाएगा मगर हुआ कुछ नहीं। उनका कहना है कि कहीं विभाग व प्रशासन किसी बड़े नुकसान का इंतजार तो नहीं कर रहा है। बरसात दूसरे साल भी आ गई मगर इस खतरे को टालने का कोई प्रयास नहीं हुआ। उन्होंने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग व नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि बाड़ी की इस सड़क व डंगे को तुरंत प्रभाव से सही किया जाए।

## बाढ़ से बचाव के लिए जनता को रहना होगा सतर्क : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विगत वर्ष 2023 में हुई भारी वर्षा के चलते ब्यास नदी के किनारे बसे क्षेत्रों में उत्पन्न हुई जलभराव और बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व नगर निगम ने सतर्कता के व्यापक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

**महापौर ने लिया आपदा प्रबंधन का जायजा**

इसी कड़ी में महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने पुरानी मंडी और इंदिरा आवास कॉलोनी का दौरा किया तथा वहां के निवासियों को संभावित बाढ़ एवं जलभराव से बचाव हेतु आवश्यक सतर्कता बरतने की सलाह दी।

महापौर ने कहा कि वर्ष 2023 की बारिश ने इस क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया था, जिससे आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस वर्ष कोई चूक न हो, इसके लिए जनता को सजग रहना होगा।

उन्होंने निवासियों से जल स्तर पर लगातार निगरानी रखने, प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा अनावश्यक घबराहट से बचते हुए सूझबूझ से काम लेने का आव्हान किया।

### नालों और नालियों की जल्द की जाए सफाई

**वीरेंद्र** शर्मा ने वार्ड नंबर 2 स्थित पुरानी मंडी क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पहले सभी नालों और नालियों की सफाई कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल निकासी में बाधा डालने वाले कूड़े-कचरे, प्लास्टिक की बोतलें, मिट्टी और मलबा आदि को हटाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

### जरूरी तैयारियों को किया जाएगा पूरा

**महापौर** ने आमजन से भी अपील की कि वे नालियों में कूड़ा, प्लास्टिक की थैलियां या बोतलें न फेंकें, ताकि नगर स्वच्छ और सुरक्षित रह सके। नगर निगम आगामी सप्ताहों में लगातार निरीक्षण जारी रखेगा और बारिश से पहले सभी जरूरी तैयारियों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बगला में प्रवीण बने प्रधान



हिम वैली पब्लिक स्कूल में नवगठित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिम वैली पब्लिक स्कूल बगला में अभिभावक अध्यापक बैठक में एसएमसी का गठन किया गया। अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के मुख्य सलाहकार खेम सिंह ठाकुर सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी ने की।

प्रधान पद पर प्रवीण कुमार, उपप्रधान द्रौमती देवी, कोषाध्यक्ष इंदु कुमारी तथा सदस्य आशा कुमारी, सीता देवी, रीना, रेनू मीना, पूजा, इशू को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ तथा प्रिंसिपल अनीता शर्मा व स्कूल मैनेजिंग ट्रस्टी दिनेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**उपप्रधान द्रौमती देवी और कोषाध्यक्ष बनी इंदु कुमारी**

## शहरवासियों को उपलब्ध करवाया जाए शुद्ध पेयजल : सोहन लाल

**उमेश, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहर में उत्पन्न पेयजल संकट को लेकर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों संग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी लिफ्ट करने के स्थान का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचने पर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने सोहन लाल ठाकुर को बताया कि कुल्लू क्षेत्र में दो दिन पहले बादल फटने से बीएसएल जलाशय में भारी मात्रा में कीचड़ पहुंच गया था। इससे प्लांट में आने वाले पानी का पीपीएम स्तर 3000 तक पहुंच गया, जिसे फिल्टर करना संभव नहीं था। इसी कारण शहर में दो दिन तक



पेयजल संकट पर सोहन लाल ठाकुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा लेते हुए।

**पेयजल संकट पर सोहन लाल ठाकुर ने लिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा**

आंशिक जलापूर्ति रही। हालात अब सामान्य हो रहे है और प्लांट में फिल्ट्रेशन प्रकिया भी शुरू कर दी गई है, विभाग शहरवासियों को नियमित रूप से जलापूर्ति करने के लिए वचनबद्ध है। सोहन लाल ठाकुर ने अधिकारियों से पूरी स्थिति की जानकारी ली और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी को शुद्ध करने की प्रक्रिया को विस्तार से जानते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरवासियों को नियमित व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

**जलशक्ति विभाग को दिए स्वच्छ व नियमित जल आपूर्ति के निर्देश**

उन्होंने अधिकारियों को पानी की मौजूदा फिल्ट्रेशन प्रणाली को अल्ट्रा फिल्ट्रेशन तकनीक से उन्नत करने की बात भी कही, ताकि भविष्य में ऐसे हालात से बेहतर ढंग से निपटा जा सके।

वहीं पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि शहरवासियों की पेयजल संबंधी शिकायतों को लेकर उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी लिफ्ट करने के स्थान का मौका कर अधिकारियों को शहरवासियों को स्वच्छ व नियमित जलापूर्ति करने के निर्देश दिए है।

## बरसात के मौसम में नदी-नालों से दूर रहें : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग नदी-नालों व खड्डों से दूरी बनाए रखें ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण नदी-नालों व खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ने की संभावना बनी रहती है और ऐसे में वे नदी-नालों व खड्डों से दूर रहें।

एसडीएम ने लोगों से अपने मवेशियों को भी नदी-नालों व खड्डों से दूर रखने का आह्वान किया है ताकि एकाएक जलस्तर बढ़ने से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो सके। इसके अतिरिक्त बच्चों को भी नदी-नालों के समीप न जाने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जरूरी होने पर ही यात्रा करें।

**घरों के आसपास साफ सफाई का रखें ध्यान**

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट के आस्थाई शेड यदि किसी नदी- नाले के किनारे हैं तो उन्हें तुरंत खाली करवाएं, अन्यथा किसी भी दुर्घटना होने पर सबंधित विभाग, ठेकेदार या निजी कंपनी के खिलाफ आपदा अधिनियम के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलशक्ति, लोक निर्माण विभाग तथा बिजली बोर्ड को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं ताकि बरसात के कारण लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान कई तरह की बीमारियों के पनपने की संभावना भी बनी रहती है, ऐसे में लोग सड़े-गले फल व सब्जियां खाने से भी परहेज करें तथा अपने घरों के आसपास भी समुचित साफ-सफाई बनाए रखें।

## कैंप में 500 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** जवाहर नवोदय विद्यालय पडोह में बुधवार से 2 एचपी बीएन एनसीसी मंडी, एटीसी -199 का एनसीसी कैंप स्थानीय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बीएसएम ने बताया कि शनिवार को एनसीसी कैंप में संजीवन मल्टी स्पेशलिटी डैंटल क्लीनिक सैंटर से एमडीएम डाक्टर कृति एवं इनकी टीम ने सेवाएं दी, जिसमें इन्होंने 500 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। कर्नल सुनिल भट्ट ने बताया कि यह एनसीसी कैंप जहां हमारे कैडेट्स को प्रशिक्षित करेगा, वहीं लोगों को भी लाभान्वित कर रहा है।

## सरकाघाट-जोगिंद्रनगर-पालमपुर बस रूट बंद होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट डिपो की ओर से संचालित सरकाघाट पालमपुर बस रूट चार महीने से बंद है। यह बस सुबह 6 बजे सरकाघाट से चलती है और 9 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचती है, लेकिन बस रूट बंद होने के कारण हुक्कल, लोगणी, धर्मपुर, कांडपतन नेरी के साथ धार्मिक स्थल चतुर्भुजा माता मंदिर जाने वाले लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि चार महीने से बस बंद होने से जोगिंद्रनगर की ओर जाने के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकाघाट धर्मपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि जोगिंद्रनगर-पालमपुर जाने के लिए एक मात्र बस सेवा से वंचित रहना पड़ रहा हैं। सरकाघाट के क्षेत्रीय प्रबंधक मेंहर चंद्र ने कहा कि सरकाघाट डिपो में ड्राइवर की भारी कमी चल रही है, जिससे क्षेत्र में पांच रूट पूरी तरह से बंद हैं। सरकाघाट डिपो में लगभग 40 ड्राइवरों की कमी है, जिससे कई रूट प्रभावित हो रहे हैं। ड्राइवर मिलते ही सरकाघाट-जोगिंद्रनगर -पालमपुर बस रूट को फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

## परिवारवाद पर आम आदमी पार्टी ने जताई कड़ी आपत्ति

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता अश्विनी शर्मा ने प्रदेश की राजनीति में गहराते परिवारवाद पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल प्रदेश में परिवारवाद को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरी चोट पहुंच रही है।

उन्होंने धनीराम शांडिल द्वारा अपने बेटे को राजनीतिक विरासत सौंपने की सार्वजनिक घोषणा को वंशवाद का ताजा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर, वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह व पुत्र विक्रमादित्य सिंह, जीएस बाली के पुत्र रघुवीर बाली, बुटेल परिवार की तीन पीढ़ियां, सुजान सिंह पठानिया के पुत्र भवानी जैसे कई उदाहरण हिमाचल में वंशवाद के प्रमाण हैं।

शर्मा ने कहा कि वंशवाद के चलते कर्मठ, ईमानदार, शिक्षित और समाजसेवा के इच्छुक आम व्यक्ति को राजनीति में प्रवेश का अवसर नहीं मिलता। आम आदमी पार्टी ऐसी राजनीति का विरोध करती है और साफ-सुथरी, जनहितैषी राजनीति की पक्षधर है।

## एनएच निर्माण कंपनी हेल्पलाइन नंबर करे जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जालंधर-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग-70 के निर्माण में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) का कार्य कर रही कंपनी व संबंधित एजेंसियों को हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इससे निर्माण कार्य से प्रभावित लोगों को आपातकालीन स्थिति में अपनी समस्या का त्वरित हल पाने में आसानी होगी और प्रशासनिक स्तर पर भी और बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में धर्मपुर से विधायक चंद्रशेखर व सरकाघाट से विधायक दलीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। बैठक में प्रत्येक जन समस्या एवं व्यक्तिगत मामलों पर एक-एक करके विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि इस राष्ट्रीय उच्चमार्ग के तीनों पैकेज के लिए निर्माण कंपनी व संबंधित एजेंसियां बरसात की आपातकालीन स्थितियों के लिए अधिकारियों के दूरभाष नंबर जारी करें। बैठक में मंडी से हमीरपुर तक 109 किलोमीटर लम्बे डबललेन सड़क के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करते हुए कार्य से जुड़ी अड़चनों को दूर करें।

### निजी और सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की बने रिपोर्ट

**सड़क** निर्माण में लोगों का हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी आवश्यक पग उठाने को कहा गया। एसडीएम को सड़क निर्माण कार्य से निजी व सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्य से जुड़ी कम्पनियों को निर्देश दिए गए कि 30 सितंबर तक इस मार्ग में निर्मित होने वाली पुलियों, डंगों आदि कार्य पूरा करें। चंद्रशेखर ने बताया कि सड़क निर्माण से विभिन्न पेयजल तथा संपर्क सड़कों को अधिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई हो।

## आज खोले जाएंगे लारजी बांध के गेट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, थलौट ने सूचित किया है कि लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद की निकासी के लिए 29 जून, सुबह 6 बजे से 30 जून सुबह 6 बजे तक बांध से पानी छोड़ा जाएगा।

**नदी के समीप न जाएं लोग**

उन्होंने लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे पर रहने वाले सभी लोगों को इस अवधि के दौरान नदी के किनारे न जाने का आग्रह किया है।

**समस्या** — बारिश के बाद अस्थायी रास्ता भी बहा, पुल निर्माण की उठी मांग

# घिरड़ा खड्ड बनी ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

ग्राम पंचायत मुराह और गुराण को जोड़ने वाली घिरड़ा खड्ड एक बार फिर ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या का कारण बन गई है। वर्ष 2023 की आपदा में इस खड्ड पर बने 7 कलवट बह गए थे, जिसके बाद से न तो उनकी मरम्मत की गई और न ही कोई नया पुल बनाया गया।

हाल ही में हुई भारी बारिश के चलते खड्ड का पानी सड़क के ऊपर आ गया, जिससे अस्थायी मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे न केवल आम लोगों का आना-जाना ठप हो गया है, बल्कि स्कूली बच्चों, आईटीआई और कॉलेज



जान जोखिम में डालकर घिरड़ा खड्ड पार करते हुए ग्रामीण।

छात्रों तथा कर्मचारियों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गांव के निवासी गुलाब, तथा अभिभावक खूब राम, कृष्ण कुमार, चित्र सिंह, हेम सिंह, दामोदर दास, जोगिंद्र सिंह, नेत्र शर्मा, केवल किशोर, लाल सिंह, पीर सिंह, चंदू लाल सहित कई लोगों ने प्रशासन से समाधान की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

### स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं बच्चे

**स्कूल** प्रधानाचार्य सोहन सिंह ने बताया कि पिछले दिन कोई भी छात्र स्कूल नहीं पहुंच पाया। बच्चों को जान जोखिम में डालकर खड्ड पार करनी पड़ रही है, कई अभिभावक अपने बच्चों को पीठ पर उठाकर पार करवा रहे हैं। यहां तक कि एचआरटीसी की बस भी दो दिनों से खड्ड के इस पार फंसी हुई है। एसएमसी की बैठक बुलाई गई है, जिसमें यह मांग रखी गई है कि जब तक स्थायी पुल का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक यहां पुनः कलवट लगाए जाएं।

## मिशन वात्सल्य असहाय बच्चों की लाइफलाइन : एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आपदा प्रबंधन और मिशन वात्सलय पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला में दूसरे दिन जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि मिशन वात्सल्य असहाय बच्चों की लाइफ लाइन है।

उन्होंने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, नशे के कुप्रभावों और आपदा में बच्चों की सुरक्षा 'घर से स्कूल और स्कूल से घर' मॉडल पर लम्बी बातचीत की। संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी, प्रोबेशन ऑफिसर रमा कुमारी और काउंसलर हर्षलता ने प्रतिभागियों को मिशन वात्सल्य के विभिन्न घटकों बाल न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बालविवाह, भिक्षावृत्ति, बाल मजदूरी, यौन शोषण और तस्करी, बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएं और परामर्श के महत्व आदि विषयों की जानकारी सांझा की। कार्यशाला का समापन बाल कल्याण समिति के चेयरमैन नीरज शर्मा ने किया।

**कल्याणकारी योजनाओं पर दी जानकारी**

## वैभव ने सीएपीएफ परीक्षा में प्राप्त किया 21वां रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, मंडी का परिसर आज गर्व और प्रेरणा से भर उठा जब स्कूल के प्रतिभाशाली पूर्व छात्र वैभव ठाकुर का स्वागत और सम्मान किया गया। हाल ही में वैभव ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया रैंक 21 हासिल की है। अब वे एक ग्रुप-ए राजपत्रित अधिकारी के रूप में राष्ट्र सेवा के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं।



**डीएवी मंडी के पूर्व छात्र ने बढ़ाया स्कूल का मान**

विद्यालय द्वारा कक्षा दसवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें वैभव ने अपने स्कूली दिनों से लेकर अधिकारी बनने तक के प्रेरणादायक सफर को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, निरंतरता और आत्मअनुशासन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक सुझाव दिए।

प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने वैभव का पुष्पगुच्छ और सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा, वैभव ठाकुर डीएवी के उन मूल्यों का जीवंत उदाहरण हैं जो मेहनत, ईमानदारी और उत्कृष्टता को सर्वोपरि मानते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा की शक्ति में विश्वास रखने और बड़े लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान वैभव ने छात्रों के प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर दिया और अपनी सफलता के पीछे स्कूल की शिक्षा, शिक्षकों के मार्गदर्शन और पारिवारिक समर्थन को प्रमुख बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### 'पीरों के नाम एक शाम' कार्यक्रम कल

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ के पंज पीरी मंदिर में पीरों के नाम एक शाम का आयोजन किया जा रहा है। पंज पीरी लोक कल्याण कमेटी के प्रधान पूर्व जेई अमर सिंह सैनी ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 30 जून को शाम को पंज पीरी मंदिर में किया जाना था, पर खराब मौसम के चलते अब यह कार्यक्रम नगर के निजी पैलेस सिल्वर ओक में किया जाएगा। इसमें हिमाचल की आवाज ईशान पूरी, सुलराज कौशल व पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक परवेज आलम के द्वारा पीरों का गुणगान किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय बाजार में निमंत्रण भी दिया गया तथा आप सभी भी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। इस अवसर पर संजू पुरी, रोहित कौशल, अक्षय कौशल, कृष्ण सैनी, विजय पुरी, योगेश पुरी, महेंद्र सैनी, चंदन कौशल सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रह्लाद व नरसिंह अवतार की कथा सुनाई



लक्ष्मी नारायण मंदिर चौकीमनयार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालु।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल बंगाणा की चौकीमनयार पंचायत स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद चरित्र और भगवान नरसिंह अवतार की दिव्य कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बालक प्रह्लाद ने कठिन परिस्थितियों में भी भगवान श्रीहरि में अटूट श्रद्धा और भक्ति बनाए रखी और अंततः भगवान नरसिंह ने प्रकट होकर भक्त की रक्षा की। यह प्रसंग श्रोताओं को भक्ति, साहस और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास महाराज विशेष रूप से कथा स्थल पर पधारे। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से कथा का रसपान किया।

### घोटाले के सभी जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई : संदीप



**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** पंचायतों और को-ऑपरेटिव सोसायटी में सामने आ रहे करोड़ों के घोटालों पर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पंचायत प्रधान भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसका निलंबन बिल्कुल होना चाहिए, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे घोटाले बिना सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत के संभव हैं? उन्होंने कहा कि को-ऑपरेटिव सोसायटी के सचिव अगर करोड़ों रुपए का गबन करता है तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, परंतु यह भी देखा जाए कि इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका क्या रही। को-ऑपरेटिव विभाग में ऑडिट समय-समय पर होता है, पंचायतों में हर कार्य जेई, सेक्रेटरी, पीआई और बीडीओ की निगरानी में होता है। ऐसे में घोटाला वर्षों तक कैसे छिपा रहता है? 'यह देश हमारा है, और इसमें न्याय जरूरी है। यदि घोटाला होता है, तो केवल प्रधान या सचिव को दोषी ठहराना उचित नहीं है। जांच होनी चाहिए कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी निगरानी और निरीक्षण की होती है, वे क्यों विफल रहे। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में सभी जिम्मेदार अधिकारियों की जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।

### अंबोटा में राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता आज

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। इसी दिशा में 29 जून को राज्य स्तरीय ओपन 10वीं रैपिड चेस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 80 प्रतिभागी अपनी बुद्धिमत्ता एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एआरओ नमित शर्मा ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे बच्चे अपनी प्रतिभा को नई पहचान देंगे। विद्यालय परिवार प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

## बंगाणा के रामगढ़ धार के गहरा गांव में सरकारी जंगल में खैर के पेड़ों का अवैध कटान

# खैर के 15 पेड़ों के 122 मोछे बरामद

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



विभाग द्वारा पकड़ी गई लकड़ी।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ धार के थानाकलां के गांव गहरा में सरकारी जंगलों में अवैध कटान का एक बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव गहरा के नजदीक स्थित सरकारी जंगल में 15 खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चली और अवैध कटान कर पेड़ धराशायी कर दिए गए। इस घटनाक्रम ने न केवल वन विभाग के एक कर्मचारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर उक्त बीट के फॉरेस्ट गार्ड पर जनता ने अवैध कटान करने के मिलीभगत के आरोप लगाए हैं।

वहीं, खुरवाई फॉरेस्ट बीट के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार द्वारा घटनास्थल पर जाकर मौके से 122 खैर के पेड़ों के मोछे बरामद किए गए हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वन माफिया ने योजनाबद्ध तरीके से इस पूरे क्षेत्र में अवैध कटान को अंजाम दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सारा अवैध कटान उस इलाके में हुआ है, जहां से महज दो सौ मीटर की दूरी पर पक्की सड़क बनी हुई है और चारों तरफ रिहायशी मकान स्थित हैं। यहीं नहीं, इसी क्षेत्र में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण भी चल रहा है, जिससे यह इलाका लगातार प्रशासनिक निगरानी में रहता है। स्थानीय जनता का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के फॉरेस्ट गार्ड पर पहले भी अवैध कटान को लेकर गंभीर आरोप लग चुके हैं। लोगों ने दावा किया है कि इस फॉरेस्ट गार्ड की वन माफिया से मिलीभगत है और यही कारण है कि उसकी बीट में लगातार पेड़ों की अवैध कटान हो रही है, लेकिन आज तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने इस पूरे मामले को लेकर सरकार से विजिलेंस जांच की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक इस फॉरेस्ट गार्ड की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच नहीं होती, तब तक ऐसे अवैध कार्य रुकने वाले नहीं हैं। यह मामला कोई पहला नहीं है। इससे पहले भी गहरा गांव में मलकीयत भूमि पर खैर के पेड़ों की अवैध कटान हो चुकी है, और उस समय वन विभाग के एक डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि असली मास्टरमाइंड वह फॉरेस्ट गार्ड ही है, जो वर्षों से अपनी बीट में अवैध कटान को संरक्षण दे रहा है। रामगढ़ धार क्षेत्र, जहां यह फॉरेस्ट गार्ड तैनात है, वहां के निवासी भी इसी तरह की घटनाओं से परेशान हैं। उनका आरोप है कि सरकारी भूमि से लेकर निजी जमीनों तक पर खैर के पेड़ों की अवैध कटान हो रही है और हर बार गार्ड जांच से बच निकलता है।

इस पूरे नेटवर्क में गार्ड की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। गहरा गांव के जिन घरों की दीवारें जंगल की सीमा से लगी हैं, उन परिवारों ने चुप्पी साध ली है। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि दबाव, डर या फिर किसी व्यक्तिगत लाभ के कारण वे खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कुछ जागरूक ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए ऊना जिले के डीएफओ सुशील राणा तक यह जानकारी पहुंचाई है।

**विजिलेंस जांच मांगी :** स्थानीय जनता में जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, कैप्टन प्रीतम डडवाल, संजीव कुमार, नरेश कुमार ममता आदि सैंकड़ों गणमान्य ने कहा कि उक्त फॉरेस्ट बीट के गार्ड की विजिलेंस जांच होनी जांच होनी चाहिए, ताकि अवैध कटान की सारी सच्चाई जनता के सामने आ सके। उन्होंने कहा उक्त फॉरेस्ट गार्ड द्वारा बीबीएमबी में भी कोई खैर नहीं छोड़ा गया है। फॉरेस्ट विभाग के आलाधिकारी भी इस मामले की गहनता से पूछताछ करें।

### अवैध कटान को लेकर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

**जिला** वन फॉरेस्ट अधिकारी सुशील राणा ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया है और वे एक बड़े एक्शन की तैयारी में हैं। सूत्रों की मानें तो जल्द ही गहरा गांव और संबंधित फॉरेस्ट बीट की विस्तृत जांच शुरू हो सकती है। इस जांच में न केवल गार्ड की भूमिका की समीक्षा की जाएगी, बल्कि उसके पिछले कार्यकालों और संपत्ति विवरणों की भी छानबीन की जा सकती है।

## शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में उमड़ा जन सैलाब 18000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



मां चिंतपूर्णी में गुप्त नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में शनिवार को श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा। मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लाइनें लगना शुरू हो गईं। अत्यधिक भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं की डबल लाइन दोपहर तक माधो टीला तक पहुंच चुकी थी। शनिवार को लगभग 18000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। गुप्त नवरात्र के कारण श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ रही है। बारिश होने के बावजूद भी श्रद्धालु डबल लाइन व्यवस्था को अपनाते हुए, जयकारे लगाते हुए मां की पावन पिंडी के दर्शन हेतु आगे बढ़ते रहे।

**सुगम दर्शन प्रणाली के माध्यम से भी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन :** बाबा श्री माई दास में स्थापित सुगम दर्शन प्रणाली के पास काउंटर में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पास बनाकर मां की पावन पिंडी के सरल और सुगम दर्शन प्राप्त किए।

**मंदिर प्रशासन की अपील :** मंदिर सुरक्षा कर्मचारी और होमगार्ड जवान द्वारा श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था के तहत व्यवस्था बनाने की अपील करते रहे। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं की सुविधा प्रदान हेतु सभी विभागों और कर्मचारियों को आदेश जारी किए गए हैं। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर है।

## धुंदला पंचायत में युवती ने फंदा लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में बीते तीन दिनों में दो युवाओं द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं ने क्षेत्र में गहरी चिंता और शोक की लहर फैला दी है। दोनों मामले अलग-अलग स्थानों पर घटित हुए हैं, लेकिन इनमें एक बात समान है। दोनों मृतक 21 वर्षीय हैं जो कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र थे।

थाना प्रभारी रोहित ने बताया कि धुंदला पंचायत के गांव वैरी में एक 21 वर्षीय युवती ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर ऊना पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। ज्ञात रहे कि आत्महत्या की पहली घटना तनोह पंचायत की है, जहां एक 21 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से कोई परेशान नहीं था, लेकिन उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि वह ऐसा कठोर कदम उठाएगा। दूसरी दुखद घटना धुंधला पंचायत में सामने आई, जहां एक 21 वर्षीय युवती ने भी फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। इन दोनों ही मामलों ने समाज और प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है।

बंगाणा थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि युवा वर्ग को धैर्य नहीं खोना चाहिए। जीवन में कठिनाइयां आती हैं, लेकिन उनका समाधान आत्महत्या नहीं है। छोटी-छोटी बातों को इतना बड़ा नहीं बनने देना चाहिए कि वे किसी की जिंदगी ही समाप्त कर दें। हर समस्या का समाधान होता है, बस समय और समझ की ज रत होती है। रोहित चौधरी का कहना है कि आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समाज, परिवार और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## रास्ता पक्का करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



गांव के खस्ता हालत रास्ते को दिखाते हुए लोग, जिसके पक्का करने की गुहार लगाई है।

**बड़ूही।** तहसील बंगाणा के गांव हारसा जंदोडा (जोल) में रास्ते की समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल को साथ जिला ऊना के जिला अतिरिक्त उपायुक्त मोहिंदर गुर्जर से मिला गया। राज महे (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान एवं राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन ने अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष एक सामाजिक समस्या रखी।

राज महे ने बताया कि यह समस्या गांव के हारसा-जंदोडा (जोल) के कच्चे रास्ते को पक्का करने की है। इस बारे एक प्रार्थना पत्र जिला अतिरिक्त उपायुक्त महोदय को प्रतिनिधिमंडल को साथ लेकर सौंपा गया। इस गांव में रमेश चन्द पुत्र स्वर्गीय मिलखी राम रहता है, जो कि पंजाब रेजिमेंट व डिफेन्स सिक्योर्टी कोर से सेवानिवृत्त हैं, उसके रिहाइशी मकान से लेकर करीब 200 मीटर पीछे तक जोल मुख्य सड़क स्कूल से पक्का रास्ता बना हुआ है, पर उसके घर के बाहर कुल 250 मीटर रास्ता कच्चा ही छोड़ दिया गया है, जब इस बारे पंचायत में बात रखी तो पैसे न होने का कारण बताया गया तो कभी सरकारी सीमेंट न होने का कारण बताया गया।

गांव के करीब 25 से ज्यादा घर इस रास्ते से से जुड़े हुए हैं और हर दिन कोई न कोई दोपहिया वाहन से इस रास्ते पर गिर जाता है। इसलिए सभी परिवारों के प्रतिनिधिमंडल ने राज महे के साथ जिला अतिरिक्त उपायुक्त महोदय के पास कच्चे रास्ते को पक्का करने की गुहार लगाई है। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द उचित कार्य वाही अमल में लाइ जाएगी। इस दौरान मौका पर निशा, अंकुश, ओम स्वरूप, मनोहर लाल, सुशील शर्मा, सोनिया, बिशनी देवी, हर्ष, दीपिका, रामपाल राकेश आदि मौजूद रहे।

## बड़ूही के अक्षित ने नवोदय परीक्षा पास कर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )।** उपमंडल बंगाणा की बड़ूही पंचायत के होनहार छात्र अक्षित बैंस ने नवोदय विद्यालय



की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अक्षित ने यह परीक्षा 8 फरवरी को दी थी, जिसका परिणाम हाल ही में घोषित किया गया।

अक्षित वर्तमान में गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, कटोहड़ कलां में अध्ययनरत हैं और उन्होंने हाल ही में 10वीं की परीक्षा इंग्लिश मीडियम में 62 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। नवोदय विद्यालय में चयन और 10वीं में शानदार प्रदर्शन की इस दोहरी सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने अक्षित को उसकी मेहनत और सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गांववासियों ने इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत करार दिया।

## मरम्मत किया गड्ढा कुछ ही दिन में फिर उभरा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



लठियाणी सत्संग घर के पास बना गड्ढे से दोपहिया वाहन चालकों को हो रही दिक्कतें।

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के लठियाणी में सत्संग घर के पास पुली पर बनी सड़क में फिर से गड्ढा उभर आया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ समय पहले ही इस गड्ढे की मुरम्मत की गई थी, जिससे लोगों को अस्थायी रूप से राहत मिली थी, लेकिन अब दोबारा बजरी उखड़ जाने के कारण यह स्थान फिर से खतरनाक हो गया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि गड्ढे में इस्तेमाल की गई सामग्री टिकाऊ नहीं थी, जिसकी वजह से ये बजरी दोबारा उखड़ गई। बजरी के बड़े पैमाने पर उखड़ जाने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने और असंतुलन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में पहले भी कुछ छोटी-छोटी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पंचायत समिति के सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने चिंता व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस गड्ढे को जल्द से जल्द स्थायी रूप से ठीक किया जाए, ताकि बार-बार की मरम्मत की आवश्यकता न पड़े और लोगों को लंबी राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि यह स्थान अत्यधिक आवाजाही वाला है और सत्संग घर के कारण धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के दौरान यहां भीड़ भी रहती है। ऐसे में यह गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रण दे सकता है। विभाग को जल्द उचित सामग्री से और स्थायी समाधान से मुरम्मत कार्य करवाना चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी संबंधित विभाग से अपील की है कि कार्य में देरी न की जाए और इस बार ऐसी गुणवत्ता से मुरम्मत की जाए कि भविष्य में फिर से यह समस्या उत्पन्न न हो।

## ऊना जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में 2247 छात्र देंगे प्रदेश प्रशासनिक सेवा परीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 29 जून को आयोजित की जा रही हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) प्रारंभिक परीक्षा-2025 के सुचारु एवं प्रभावी संचालन को लेकर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि एचपीएएस परीक्षा के लिए ऊना जिले में 8 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 2247 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहडाला, रॉकफोर्ड डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल रक्कड़ कॉलोनी ऊना, लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष गर्ल्स डिग्री कॉलेज कोटला खुर्द, एसएसआरवीएम रावमापा ऊना, राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, राजकीय गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना, रावमापा छात्र ऊना और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना (पीरनिगाह रोड) शामिल हैं।

परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक दो सेशन में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बीडीओ ऊना, केएल वर्मा, सीपीओ ऊना संजय सांख्यान और उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोम लाल को निरीक्षण अधिकारी चयनित किया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ऊना के सहायक दियालू को परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन को सुनिश्चित बनाने के लिए जिला समन्वयक की आधिकारिक रूप से सहायता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जतिन लाल ने बताया कि एचपीएएस परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और पारदर्शिता संबंधी सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हैं।

**रविवार को 10 से 12 और दोपहर 2 से 4 बजे तक दो सेशन में होगी परीक्षा**

## करलूही पंचायत में निविदा प्रक्रिया पर सवाल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



राजीव बख्शी डीपीओ को शिकायत पत्र देते हुए।

**अंब।** उपमंडल अंब की करलूही पंचायत में निविदा प्रक्रिया को लेकर ठेकेदार राजीव बख्शी ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उन्होंने जिला पंचायत अधिकारी ऊना के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कर पंचायत प्रधान, सचिव और उपप्रधान के विरुद्ध निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। राजीव बख्शी, जो कि राजीव इंटरप्राइजेज नाम से निर्माण सामग्री की सप्लाई करते हैं, ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निविदा प्रक्रिया को गुप्त व अपारदर्शी ढंग से अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से पंचायत में निर्माण सामग्री की नियमित आपूर्ति कर रहे हैं और इस वर्ष भी नियमानुसार निविदा के लिए आवेदन किया था। राजीव के अनुसार 30 मई 2025 को निविदा खोलने की तिथि निर्धारित थी, लेकिन उस दिन यह कहते हुए प्रक्रिया स्थगित कर दी गई कि केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुआ है और नई निविदा जल्द आमंत्रित की जाएगी। बाद में 17 जून को सूचना पट्ट पर 21 जून को निविदा खोलने की तिथि प्रकाशित की गई, परंतु उस दिन भी निविदा नहीं खोली गई। शिकायत में राजीव ने आरोप लगाया कि 25 जून को पंचायत प्रतिनिधियों ने चुपचाप अपने चहेते ठेकेदार की निविदा खोल दी, जबकि अन्य आवेदकों को कोई सूचना नहीं दी गई और उनकी निविदाएं खोली तक नहीं गईं। उन्हें इस विषय की जानकारी उनके वार्ड पंच से प्राप्त हुई।

उन्होंने जब पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा तो उन्हें पंचायतीराज अधिनियम की धारा 151 का हवाला देते हुए टाल दिया गया। राजीव का कहना है कि वह इस धारा के अंतर्गत नहीं आते, क्योंकि वह पूर्व से पंचायत के नियमित आपूर्तिकर्ता हैं। राजीव ने जिला पंचायत अधिकारी से मांग की है कि पंचायत प्रधान, सचिव और उपप्रधान की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता व विश्वास बहाल हो सके।

**ठेकेदार ने डीपीओ से की निष्पक्ष जांच की मांग**

## सोमभद्रा नदी में बाढ़ की आशंका के चलते झोपड़ी वालों को किया जागरूक



होमगार्ड्स व फायर ब्रिगेड के जवानों ने आपदा को लेकर छेड़ा है अभियान।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में सोमभद्रा नदी में बाढ़ की आशंका के चलते जनमानस को चेतावनी दी जा रही है। मुहिम को होमगार्ड्स वाहिनी के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी के निर्देशों की पालना में चलाया जा रहा है। शनिवार को होमगार्ड्स कंपनी व फायर ब्रिगेड केंद्र ऊना की ओर से ऊना सोमभद्रा नदी क्षेत्र, होमगार्ड्स कंपनी एवं फायर पोस्ट अंब की ओर से कुठेड़ा खेरला में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में जाकर आपदा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम द्वारा प्रवासियों को बताया कि वे नदी नालों की ओर न जाएं क्योंकि बाढ़ कभी आ सकती है। उन्होंने हर समय अलर्ट रहने के लिए कहा। वहीं, कुठेड़ा खेरला व अंब नेहरी माँ में जवानों ने गांव में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में जाकर आपदा से अलर्ट रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को अपने स्थल पर ही रहना चाहिए और बच्चों को अकेले में झुग्गियों में न छोड़ें। उन्होंने आपदा व बचाव कार्य का प्रैक्टिकल करके भी दिखाया गया।

**प्रतिस्पर्धा**

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में 30 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# 50 मीटर बेक स्ट्रोक में दीपक कुमार रहा अव्वल

**अनंत ज्ञान, ऊना**



प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के सौजन्य से करवाई गई तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ।

हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के सौजन्य से शनिवार को ऊना के स्विंग सिंग एंड स्विम स्लिम तरणताल में पहली एकदिवसीय जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऊना जिले के विभिन्न आयु वर्गों के 30 खिलाड़ियों ने कुल सात प्रतिस्पर्धात्मक वर्गों में दमखम दिखाया।

स्विमिंग प्रतियोगिता की 50 मीटर बेक स्ट्रोक प्रतिस्पर्धा में दीपक कुमार ने पहला, राजन सिंह ने दूसरा और नरेश कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में अनवी शर्मा ने पहला और रवानी बेदी ने दूसरा तथा और वरिष्ठ वर्ग में राजन सिंह ने पहला, अनिरुद्ध सुदाल ने दूसरा और गरीश चंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शिक्षा के साथ खेलों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि खेलों के प्रति बच्चों की रुचि उन्हें नशे और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रखती है।

### अंबोटा की टीम फुटबाल प्रतियोगिता की बनी सरताज

**अनंत ज्ञान, हरोली।** बीबीएनबी कमेटी सलोह द्वारा करवाया गया नाइट चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें फाइनल मुकाबला अंबोटा तथा सलोह के मध्य खेला गया, जिसमें अंबोटा की टीम विजेता रही तथा सलोह की टीम उपविजेता रही। कमेटी द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी तथा 11000 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता रही सलोह की टीम को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर सलोह स्कूल के प्रधानाचार्य बिक्रम बहादुर एडीपीओ जगदीश राय, पीटी कुलदश राय, अरुण शर्मा, सलोह के पूर्व प्रधान नंद लाल बाजू, रम्मी सलोह के उपप्रधान काला सतपाल मौजूद रहे।

## बीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष कंवर ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को किट बांटते हुए।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पलाहटा में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और खेल के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।

कंवर ने कहा किहमारा लक्ष्य है कि खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधाएं और समर्थन मिले ताकि वे अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें और देश के लिए पदक जीत सकें। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता आयोजन के लिए 5100 रुपए और एक वॉलीबॉल किट प्रदान की। इसके बाद वीरेंद्र कंवर बगधार (बिहड़ु) में आयोजित दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहां उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और खेलों में अनुशासन, टीम भावना तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उन्होंने बगधार में भी आयोजन समिति को 5100 रुपए और एक वॉलीबॉल किट भेंट की। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेलप्रेमी व युवा मौजूद रहे।

# रिजिजू ने स्पीति वासियों को दी करोड़ों की सौगात

## केंद्रीय मंत्री ने काजा में रखी स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आइस हॉकी रिंक की आधारशिला

**कमलेश वर्मा, काजा**

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को लाहौल-स्पीति के काजा में घाटीवासियों को करोड़ों की सौगात दी है।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत काजा क्रिकेट ग्राउंड में करीब 74 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आइस हॉकी रिंक, पवेलियन और स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के अनुरूप, इन परियोजनाओं का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, आइस हॉकी जैसे शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देना, स्थानीय रोजगार पैदा करना और काजा को एक प्रमुख खेल पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मंत्री ने केंद्र सरकार की जनजातीय एवं दूर-दराज इलाके के विकासात्मक कार्यों की वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि


केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू काजा में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए। साथ में हैं सांसद कंगना व अन्य गणमान्य लोग।

केंद्र की मोदी सरकार जनजातीय क्षेत्रों की हर समस्या और मांग को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। वहीं, इस दौरान स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने केंद्रीय मंत्री की जम कर तारीफ की।

इस अवसर पर मंत्री ने सांसद कंगना रनौत के साथ स्पीति का लोक नृत्य भी किया। साथ ही इसका एक वीडियो अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया। रविवार को केंद्रीय मंत्री केलांग में विभिन्न योजनाओं की आधारशिला व शिलान्यास करेंगे। वहीं, पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि इस परियोजना से लाहौल-स्पीति के युवाओं को विशेषकर विंटर गेम्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्पीति के कई युवक-युवतियां पहले ही आईस हॉकी जैसे खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और अब यह सेंटर उनके भविष्य को और मजबूत करेगा। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना क्षेत्र में खेलों के विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री का इसके लिए आभार जताया। इस अवसर पर सांसद कंगना रनौत, लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर सहित अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# तलाड़ा के पास कार नदी में गिरी, मां-बेटी की मौत

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी में तीन दिन पहले जहां आपदा कभी न भूलने वाले जख्म दे गई। वहीं, शनिवार को एक और हादसा पेश आया। इसमें मां और बेटी काल का ग्रास बनी। शनिवार को लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर पागल नाला के पास एक ऑल्टो कार नदी में जा गिरी। इसमें सवार तीन साल की एक मासूम तथा उसकी गर्भवती मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। कार चालक सोनू प्रकाश की हालत संतोष जनक है, जबकि उनकी पत्नी बबली उम्र 27 साल तथा तीन साल की एक मासूम एंजल की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि महिला के पेट में 8 वर्ष का गर्भ है तथा रुटीन चैकअप करने के लिए कुल्लू अस्पताल गए थे। लारजी से सैंज की ओर आ रही ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर 30 फुट नीचे नदी में जा गिरी। सूचना मिलने तक पुलिस व आपदा प्रबंधन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बंजार भेज दिया गया है।


नदी में गिरा दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

# शरण बिहाली में बाढ़ में बही बच्ची का शव बरामद, दो लोग अभी भी लापता


बादल फटने से आई बाढ़ में बही बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

तीन दिन पहले सैंज घाटी के शरण बिहाली में बादल फटने से आई बाढ़ में बहे तीन लोगों में से एक लड़की का शव बरामद हो गया है। शनिवार को शव बक्शाहाल स्थित नदी किनारे बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एक स्थानीय ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहा था, तभी उसकी नजर नदी में लकड़ियों के बीच फंसी एक बच्ची के शव पर पड़ी।

उसने तुरंत अन्य ग्रामीणों को सूचित किया, जिन्होंने मिलकर शव को बाहर निकाला। मृतक बच्ची की पहचान मूर्ति देवी (15) के रूप में हुई है, जो बिहाली गांव के नंद राम की पुत्री थी। यह घटना तब हुई थी जब जीवा नाला में अचानक बादल फटने से भीषण बाढ़ आ गई थी। इस प्राकृतिक आपदा में मूर्ति देवी के साथ उनके पिता नंद लाल (72) और बुआ यान दासी (67) भी लापता हो गए थे। यान दासी दो दिन पहले ही रैला गांव से अपने दांत का इलाज करवाने सैंज आई थीं और अपने भाई नंद लाल के बिहाली गांव स्थित घर पर रुकी हुई थीं। डीएसपी बंजार शेर सिंह ने इस बात की पुष्टि की है कि बच्ची का शव बरामद कर लिया गया है और पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नंद लाल और यान दासी की तलाश अभी भी जारी है और बचाव दल लगातार उनकी खोज में जुटे हुए हैं। इस दुखद घटना से पूरी सैंज घाटी में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

# बंजार में तीन सड़क हादसे कोई जानी नुकसान नहीं

**अनंत ज्ञान, बंजार**



जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में तीन सड़क हादसे पेश आए।

गनीमत यह रही कि तीनों हादसों में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है। इन सड़क दुर्घटना मामले में सैलानी को हल्की चोट आई हैं, जिनका बंजार अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वहीं, बंजार पुलिस की टीम ने भी मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बंजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात के समय हरियाणा नंबर की एक टैम्पो ट्रैवलर जलोड़ी दर्रा से बंजार की ओर आ रही थी। इस दौरान घियागी के पास वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया और टैम्पो ट्रैवलर पहाड़ी से जा टकराई। गनीमत यह रही कि टैम्पो ट्रैवलर के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को पहाड़ी से टकराया, नहीं तो वाहन नीचे खाई में गिरने से कई लोगों की जान भी जा सकती थी। वहीं, दूसरे मामले में बंजार के खुंदन पुल व देउठा के पास दो गाड़ियां नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने इस बारे में बंजार पुलिस को सूचित किया और गाड़ी में सवार लोगों को भी बाहर निकाला गया। ऐसे में बंजार पुलिस की टीम के द्वारा इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ने बताया कि टैम्पो-ट्रैवलर की ब्रेक फेल हो गई थी, लेकिन उसमें सवार सभी सैलानी सुरक्षित हैं। वहीं, नाले में कार गिरने के चलते भी लोगों को हल्की चोट आई हैं। पुलिस की टीम के द्वारा दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है।

# व्यवस्था पतन की ओर जा रही सरकार: शौरी

## आपदा प्रभावित क्षेत्र में सीएम नहीं पहुंचे, तो अधिकारी वापस लाए राहत राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सैंज घाटी में तीन दिन पहले इतनी बड़ी आपदा की घटना घटी।

उस दिन प्रदेश सरकार के दो मंत्री बंजार विस क्षेत्र के दौरे पर ही थे, लेकिन इस दुख की घड़ी में उन्होंने मदद करने की बजाए यहां से वापस जाना बेहतर समझा। सुरेंद्र शौरी ने शनिवार को यह बात परिधि गृह कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जिस दिन यह आपदा आई, उसी दिन बंजार में प्रदेश सरकार के दो मंत्री अपने-अपने कार्यक्रम में मौजूद थे, लेकिन जैसे ही उन्हें आपदा के बारे में पता चला, तो वह प्रभावितों को राहत देने की बजाय मौके से भाग खड़े हुए। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री का बंजार दौरा रद्द हो गया, लेकिन ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावितों को दी जाने वाली


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी व उनके साथ अन्य गणमान्य।

राहत राशि को उन्हें देने की बजाए उसे वापस कुल्लू ले गए। विधायक शौरी ने सरकार और जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री बंजार नहीं आए, तो जिला प्रशासन भी प्रभावितों को राहत राशि जारी कर सकता था। वहीं, उन्होंने कहा कि जिले में अभी बरसात की शुरुआत हुई है, ऐसे में जिला प्रशासन को बरसात से निपटने को लेकर बैठक करनी चाहिए थी, लेकिन जिला प्रशासन दशहरा उत्सव, जो कि अभी अक्तूबर में होगा उसके सफल आयोजन को लेकर बैठक कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस बात को लेकर गंभीर नहीं कि बरसात से कैसे निपटा जाए बजाए इसके दशहरा उत्सव के आयोजन की अभी से फिक्र होने लगी है। विधायक ने कहा कि गड़सा घाटी में बादल फटने के चलते बहुत सारी लकड़ियां बह गई और उन लकड़ियों को लेकर भी सोशल मीडिया में लोग सवाल कर रहे हैं। आखिर इतनी भारी मात्रा में यह लकड़ियां कहां से आईं। यह जांच का विषय है और ऐसे में प्रदेश सरकार से मांग है कि इस पूरे मामले की भी जांच की जाए।

# मनाली पुलिस ने 105 .62 ग्राम चिट्टे सहित दो किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मनाली**



जिला कुल्लू के थाना मनाली क्षेत्र में पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पर्वतारोहण संस्थान, अलेउ के समीप दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105.62 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कपिल कुमार (29), पुत्र सतपाल सिंह, निवासी जलालपुर कलां, जिला जींद (हरियाणा) और संचित (27), पुत्र हरविंद्र पाल, निवासी 28/13, स्कीम नं. 6, गांधी नगर जिला जींद (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम को की गई, जब पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक नशे की खेप के साथ अलेउ क्षेत्र में घूम रहे हैं। मौके पर दबिश देने पर दोनों को पकड़ा गया और तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा नशा तस्करी के इस नेटवर्क की जड़ें कितनी गहरी हैं।

# 10 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले की पतलीकूहल पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पतलीकूहल के 15 मील में 10 ग्राम चिट्टे सहित युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पङ्हचान अमृतसर के किरण कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है। उसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जानकारी के अनुसार 27 जून को मुख्य कांस्टेबल केहर चंद अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। शिव बावड़ी एनएच-3 सड़क पर 15 मील पुल के पास राहुल को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# ध्यान योग और सुदर्शन क्रिया करवाई


आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से आयोजित युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग अभ्यास करते प्रशिक्षु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भुंतर (खोखन) में किया गया। यह शिविर 21 जून से शुय होकर 28 जून को समाप्त हुआ।

आठ दिवसीय कार्यक्रम के दौरान योग, ध्यान, गहन ज्ञान और श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया को सिखाया गया। वहीं, प्रशिक्षक बलदेव ने बताया कि शिविर में कुल्लू के विभिन्न जगहों से प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 8 दिवसीय प्रोग्राम में कुल्लू जिला की विभिन्न जगहों से आए लगभग 40 युवाओं ने भाग लिया। युवाओं को ध्यान योग, ध्यान के साथ- साथ सुदर्शन क्रिया करवाई गई। वहीं, शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को जीवन जीने के महत्व के साथ-साथ प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आज के समय युवा पीढ़ी नशे के दल-दल में फंसती जा रही है। युवाओं को इस अवसाद से बाहर निकालने के लिए आसान निर्देशित ध्यान, प्राणायाम और आसन के साथ विश्राम के आसान तरीके व सुदर्शन क्रिया को सीखें। शक्तिशाली लयबद्ध श्वास तकनीक जो सहजता से आपको ध्यान की गहरी अवस्था में ले जाती है और तनाव को दूर करने में आपकी मदद करती है। 8 दिवसीय शिविर में व्यावहारिक ज्ञान आपको एक सकारात्मक जीवन जीने व दिन-प्रतिदन के तनाव और खिंचाव के बीच खुश रहकर जीवन का आनंद लेना ही जीवन जीने कि कला है।

# दलाई लामा की सी लर्निंग की अवधारणा को स्पष्ट किया

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** हिमालय बौद्ध संस्कृति विद्यालय बटाहर बिहाल में हिमालय बौद्ध संस्कृति संरक्षण सभा द्वारा सी लर्निंग संबंधी चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

यह कार्यशाला सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक अध्ययन पर केंद्रित है। इमोरी विश्वविद्यालय और पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गेशे लामा छोसपेल जोत्पा ने दलाई लामा की सी लर्निंग की अवधारणा को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से प्रशिक्षित करना है, ताकि वे विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बना सकें। पीरामल फाउंडेशन, राजस्थान के कार्यक्रम निदेशक ईशान शर्मा ने कार्यशाला के विषय की जानकारी देते हुए कहा कि पूरे विश्व में करुणा क्रांति लाकर ही चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार प्रत्येक विद्यालय में सी लर्निंग संबंधी प्रशिक्षित शिक्षक तैयार करने में जुटी है।

इमोरी विश्वविद्यालय के निदेशक लोबजंग तेन्जिन नेगी ने मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए इस बात पर जोर दिया कि विद्यालयों में बच्चों को सामाजिक के साथ-साथ भावनात्मक एवं नैतिक रूप से मजबूत बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे आत्मघाती कदम उठाने से बचें। डाइट कुल्लू के प्रधानाचार्य और विशिष्टातिथि सुरेंद्र शर्मा ने बच्चों में बढ़ती घातक प्रवृत्तियों को खतरनाक बताते हुए उन्हें मानवीय मूल्यों से भरपूर करने पर बल दिया।

# हिमाचल रत्न सम्मान से नवाजे गायक इंद्रजीत

## बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ईशा देओल के हाथ से मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचली प्रसिद्ध लोक गायक इंद्रजीत को एक्सीलेंस आइकॉनिक अवॉर्ड के तहत हिमाचल रत्न सम्मान से नवाजा गया है।

देहरादून में 3 फिंगर एंटरटेनमेंट लिमिटेड कंपनी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ईशा देओल दवाड़ा ने इंद्रजीत को सम्मानित किया है। इंद्रजीत ने ये अवॉर्ड अपने सभी चाहने वालों और हिमाचल प्रदेश के सभी लोगों को समर्पित किया है। इस समारोह में देश के अलग-अलग राज्य से आए हुए अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इंद्रजीत कुल्लू जिले के दोगरी गांव से संबंध रखते हैं। यहीं से शुरू हुई एक आवाज की यात्रा, जो आज न सिर्फ हिमाचल की पहचान है, बल्कि लोक संस्कृति का एक वैश्विक प्रतीक बन चुकी है। 12



मार्च, 1992 को जन्मे इंद्रजीत ने बचपन से ही संगीत में रुचि दिखाई, पर न कोई गुरु, न संसाधन फिर भी हौसला बुलंद था।

मात्र 16 साल की उम्र में, खुद लिखे और कंपोज किए गए 10 गीतों की पहली वीडियो एल्बम दिल का क्या कसूर सीडी पर लॉन्च की, वो दौर डिजिटल क्रांति से पहले का था पर इंद्रजीत की सोच बहुत आगे की थी। समय के साथ उन्होंने जो किया, वो किसी क्रांति से कम नहीं था। उन्होंने फिल्मों या चमक-दमक की दुनिया से दूर रहकर, हिमाचल की मिट्टी, उसकी बोली, उसकी टोपी और संस्कृति को संजोया और पूरे गर्व से दुनिया के सामने रखा। उन्होंने विलुप्त होती जा रही लोक संस्कृति को एक नया जीवन दिया। अपने शब्दों और सुरों के माध्यम से 2016 में आया उनका सुपरहिट गीत 'हाड़े मेरे मामुआ', जिसने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद 'लाड़ी शाऊणी', 'पाखली माणू', 'बुधुआ मामा', 'साजा लागा माघे रा' जैसे गीतों ने यूट्यूब पर करोड़ों दिलों को छू लिया और हिमाचल की विरासत को एक नए युग से जोड़ा। उनकी कलम केवल मनोरंजन नहीं करती, वह सामाजिक संदेश भी देती है। जहां एक ओर 'अठारह करडू' जैसे गीत देव संस्कृति को समर्पित हैं। वहीं, 'मता केरदे नशा' युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देता है।

**परेशानी** गरीब मरीज लूटने व लोग चंदा इकट्ठा कर मशीन खरीदने को मजबूर

# आनी अस्पताल की एक्स-रे मशीन 5 माह से ठप

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** सिविल अस्पताल आनी में अब एक्स-रे की सुविधा बंद हो गई है क्योंकि कई वर्षों तक अपनी ही टूटी हड्डियों में पट्टी बांधकर मरीजों की सेवा करने वाली 52 साल पुरानी एक्स-रे मशीन पिछले 5 महीने से पूरी तरह ठप है।

आलम यह है कि स्वास्थ्य विभाग, सरकार की लापरवाही के चलते हजारों गरीब मरीजों को मजबूरन महंगे निजी अस्पतालों में एक्स-रे करवाने पड़ रहे हैं। आनी समेत आसपास की 50 पंचायतों की आबादी के लिए स्वास्थ्य सुविधा का एकमात्र केंद्र यही सिविल अस्पताल है, लेकिन यहां भी एक्स-रे जैसी मूलभूत सुविधा के नाम पर सिर्फ वादे ही बचे हैं। यूं तो यह मशीन वर्षों से लटक-झटक कर ही चलाई जा रही थी, लेकिन बीते करीब डेढ़-दो वर्षों से मशीन में बार-बार खराबी आ रही थी और भारी अंगों जैसे कि छाती, रीढ़ की हड्डी या जांघ का एक्स-रे करना तो पहले ही बंद हो गया था, केवल अंगुलियों, अंगूठे आदि के एक्स-रे ही हो पा रहे थे। सीएमओ कुल्लू, निदेशक स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य सचिव को लगातार लिखित शिकायतें भेजी गईं, विभागीय पत्राचार होता रहा, लेकिन सरकारी फाइलों में धूल झड़ने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई।


आनी सिविल अस्पताल की 52 साल पुरानी एक्स-रे मशीन, जो कि 5 माह से ठप है।

### कमेटी जल्द की जाएगी गठित

**सवाल** यह है कि आखिर कब तक गरीब जनता महंगे निजी क्लीनिकों में लुटती रहेगी? प्रदेश सरकार की इस घोर लापरवाही और नजर अंदाजी पर अब जनता का सब्र टूटता नजर आ रहा है। क्षेत्र के जागरूक नागरिक यजविंद्र सिंह, चमन शर्मा, जितेंद्र, रामकृष्ण, राकेश, पविंदर कुमार समेत कई लोगों ने सरकार की इस असंवेदनशीलता से तंग आकर अब चंदा इकट्ठा कर नई एक्स-रे मशीन खुद खरीदने की मुहिम छेड़ने का फैसला किया है, ताकि स्वास्थ्य विभाग और सरकार के मुंह ओर तमाचा जड़ा जा सके। इसके लिए जल्द ही एक कमेटी गठित की जाएगी, ताकि गरीब जनता को और ज्यादा दिक्कत न झेलनी पड़े।

> आनी सिविल अस्पताल के लिए एक्स-रे मशीन की बेहद जरूरत है। उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया जा रहा है, जैसे ही बजट उपलब्ध होगा, मशीन दी जाएगी।
> **डॉ. नागराज पवार, सीएमओ कुल्लू।**

फरवरी-2025 तक किसी तरह हाथ-पांव की हड्डियों के छोटे-मोटे एक्स-रे इसी मशीन से किए जाते रहे पर अब मरीजों को या तो निजी अस्पतालों में लूट का शिकार बनना पड़ रहा है या फिर मजबूरी में इलाज टालना पड़ रहा है।

परेशानी का आलम यह है कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों को सीधा निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। गरीब मरीजों की जेब पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग की नींद अब तक नहीं टूटी है। आनी क्षेत्र के लोगों ने बीते 8-10 वर्षों में कई बार नई डिजिटल एक्स-रे मशीन की मांग उठाई, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिले।

# कुल्लू के सभी कार्यालयों में हर शनिवार को चलेगा सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के सभी सरकारी कार्यालयों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार महीने के अंतिम शनिवार को हर कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। डीसी तोरुल रवीश ने जानकारी दी कि कुल्लू जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य कार्यालय परिसरों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना, अनावश्यक फाइलों और पुराने सामानों का निपटान करना और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार महीने के अंतिम शनिवार को प्रत्येक कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में जिला प्रशासन के नेतृत्व में सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डीसी कार्यालय से लेकर तहसील, ब्लॉक


मिनी सचिवालय के पिछली तरफ सफाई अभियान के तहत सफाई करते हुए कर्मचारी।

और मिनी सचिवालय तथा अन्य सभी सरकारी कार्यालयों तक, हर जगह स्वच्छता का माहौल देखने को मिला। कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों, गलियारों, कमरों और शौचालयों की गहन सफाई की। इस दौरान, लंबे समय से जमा पड़ी पुरानी फाइलों, कबाड़ और अनुपयोगी सामानों को अलग कर उनका सही तरीके से निपटान किया गया। इससे न केवल कार्यालयों में जगह खाली हुई, बल्कि कार्यस्थल भी अधिक व्यवस्थित और कार्यशील बन गया।

डीसी ने इस अवसर पर कहा कि, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी आदत होनी चाहिए। एक स्वच्छ कार्यस्थल न केवल हमें बेहतर महसूस कराता है, बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को भविष्य में भी स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया।

# विधायक भुवनेश्वर ने लिया बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पिछले दिनों अंजनी महादेव नाले में आई अचानक बाढ़ के कारण ब्यास नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया, जिससे बाहंग, नेहरू कुंड और पलचान क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ। शनिवार को मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ इन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जल्द से जल्द नुकसान का आकलन कर राहत व पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

> **पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने के दिए निर्देश**

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिगों के साथ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बरोटीवाला थाने के तहत दो नाबालिग बच्चों के साथ दो युवकों द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया। पुलिस ने बच्चों की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पंजाब की निवासी महिला ने बताया कि अपने बच्चों के साथ बड़ी बेटी के पास बरोटीवाला के एक गांव में आई थी, बीते दिन 11 व 6 वर्ष के दोनों बच्चे नहाने के लिए कोटला नाले में गए थे। इस दौरान दो अज्ञात लड़के वहां आए और बारी-बारी गलत काम किया। इसके बाद धमकी भी दी, अगर किसी को बताया, तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना बरोटीवाला के तहत पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### निकिता शर्मा ने 1500 मीटर दौड़ में जीती चांदी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के मस्तभोज के गांव गुड्डी मानपुर की रहने वाली निकिता शर्मा ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से राज्य और जिले का नाम रोशन किया है।



शनिवार सुबह बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित भारतीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निकिता ने 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में 4:29.76 मिनट में दूरी तय कर दूसरा स्थान (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर छत्तीसगढ़ की थोटा संकीर्तन रही, जिन्होंने 4:27.14 में रेस पूरी की, जबकि तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश की विनीता गुर्जर ने 4:30.64 समय के साथ प्राप्त किया। निकिता शर्मा के लिए यह सफलता कोई पहली नहीं है। इससे पहले उन्होंने झारखंड के रांची और ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भी 1500 मीटर में सिल्वर मेडल जीते थे, अब तक वह करीब एक दर्जन राष्ट्रीय पदक अपने नाम कर चुकी हैं, जिनमें सीनियर स्तर की कई बड़ी प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं। निकिता की इस उपलब्धि पर उनके पिता फकीर चंद शर्मा ने खुशी जताते हुए कहा, निकिता की इस सफलता के पीछे उसके कोच राकेश चौधरी का बड़ा योगदान है। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने निकिता को इस मुकाम तक पहुंचाया। निकिता वर्तमान में बेंगलुरु स्थित साई नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में देश के बेहतरीन कोचों से प्रशिक्षण ले रही हैं। वहीं, उनके पिता ने नाहन के जाने-माने एथलीट सुनील शर्मा का भी विशेष आभार जताया, जिन्होंने न केवल मानसिक संबल दिया, बल्कि उन्हें उच्च गुणवत्ता के रनिंग शूज और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध करवाई।

### पुलिस ने ओवरलोड ट्रक/डंपरों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** गत रात्रि को सिरमौर पुलिस की टीम ने पांवटा साहिब में ट्रक/डंपरों पर बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात को पुलिस अधीक्षक सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय, उपमंडल पुलिस अधिकारी पांवटा साहिब और पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने पांवटा साहिब में क्रशरों से चल रहे ट्रक/डंपरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चैकिंग करने पर 8 ओवरलोड और 11 चालान अन्य धाराओं के तहत कुल 19 चालान किए गए हैं।

### ईवीएम व वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) भंडारण कक्ष का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोलन के कथेड़ स्थित भंडारण कक्ष में यह निरीक्षण किया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव दत्त ठाकुर, कंचन राणा व संधीरा सीनू सिंह, भाजपा के चंद्रकांत शर्मा व विजय ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बराड़, आप से भरत ठाकुर, तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनयाल तथा नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर इस अवसर पर उपस्थित थे।

### रेहड़ का देवी लगासन मेला धूमधाम से शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल घाटी के तहत रेहड़ देवी लगासन का दो दिवसीय मेला शनिवार को शुरू हुआ। लोक मान्यता के अनुसार देवी लगासन शूलिनी माता सोलन की बहन मानी जाती है इसलिए यह मेला सोलन मेले से अगले रविवार को परंपरा से आयोजित हो रहा है। देवी लगासन सोलन, शिमला और सिरमौर जिले के क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां इस धार्मिक मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। शनिवार को देवी लगासन की पालकी गांव नावन से रेहड़ गांव मंदिर और मेला स्थान पर सायं काल पहुंची। पारंपरिक शोभा यात्रा के साथ पहुंची पालकी का भव्य स्वागत किया गया। रात्रि के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें यशवंत सिंह ठाकुर और पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। मेले कमेटी के पदाधिकारी अमन और अमित ने बताया कि रविवार को समापन दिवस पर देवी के धार्मिक कार्य के अतिरिक्त दंगल का आयोजन किया जाएगा।

### मनीष बने सेंट ल्यूक्स स्कूल पीटीए के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सेंट ल्यूक्स स्कूल सोलन के पीटीए चुनाव में मनीष तोमर ने एक तरफा जीत हासिल की। शनिवार को हुए चुनाव में कुल 315 वोट पड़े, जबकि 3 वोट रिजेक्ट हुए। इसमें मनीष तोमर को 276, शोभित आनंद को 36 वोट पड़े। मनीष 240 वोट के अंतर से पीटीए के अध्यक्ष घोषित हुए।

एनएसयूआई द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

### कबड्डी प्रतियोगिता में 30 टीमें दिखा रहीं दमखम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एनएसयूआई जिला सिरमौर की नाहन इकाई द्वारा शनिवार को दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कांग्रेस के युवा नेता जयदीप शर्मा द्वारा किया गया। एनएसयूआई के मनदीप ठाकुर ने बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों से जोड़ना है। इसी को लेकर यह आयोजन किया गया है और साथ ही युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी प्रदान करना है। इस कबड्डी प्रतियोगिता में जिला सहित पड़ोसी राज्यों से भी लगभग 30 टीमें भाग ले रही हैं और यह प्रतियोगिता केवल लड़कों के लिए आयोजित की गई है।

## कर्नल धनीराम शांडिल की घोषणा से हुई राजनीतिक हलचल तेज

# पुत्र संजय शांडिल को उत्तराधिकारी बनाने से बनेंगे या बिगड़ेंगे राजनीतिक समीकरण?

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और सैनिक कल्याण बोर्ड मंत्री और सोलन से विधायक कर्नल धनीराम शांडिल ने अपने पुत्र सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल को अपना सियासी उत्तराधिकारी घोषित कर एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है पर इससे दशकों से पार्टी को सींच रहे करीब एक दर्जन नेताओं की नाराजगी का जगजाहिर होना तय है।

इसको लेकर अंदर खाते विरोध के स्वर उठने लगे हैं। वहीं, भाजपा वरिष्ठ कांग्रेसियों की नाराजगी फायदा उठाने की फिराक में रहेगी। सोलन से भाजपा के प्रत्याशी रहे और कर्नल शांडिल के दामाद डॉ. राजेश कश्यप ने इस पर कटाक्ष कर इसे मुगल साम्राज्य की तरह पिता को गदी से हटाने की रणनीति करार दिया। कर्नल शांडिल की घोषणा



धनीराम शांडिल के दामाद डॉ. राजेश कश्यप।



धनीराम शांडिल अपने बेटे संजय शांडिल के साथ।

से अनुसूचित जाति से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पलक राम कश्यप, विनोद कुमार, मदन कश्यप, देविंद्र कश्यप और सोलन की पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर का खेमा असहज जरूर होगा। कहीं न कहीं पार्टी को इन नेताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं, प्रदेश सरकार में स्वास्थ मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने सार्वजनिक मंच से अपने पुत्र को अपना उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद सोलन कांग्रेस में राजनीतिक घमासान मच गया है। इससे वर्षों से पार्टी को सींच रहे

**इसको लेकर अंदर खाते विरोध के स्वर उठने लगे हैं**

कई नेताओं के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

कांग्रेस के कई अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेताओं को उम्मीद थी कि कर्नल शांडिल के राजनीतिक सन्यास के बाद उन्हें पार्टी टिकट देगी पर जिस प्रकार कर्नल शांडिल ने अपने पुत्र को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, उसे तय है कि आने वाले समय में शांडिल परिवार से ही पार्टी का उम्मीदवार होगा, जिस प्रकार से सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि वह भी पिता के नक्शे कदम पर सेना में सेवा के बाद राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। इसमें सबसे अधिक सपोर्ट उन्हें अपने पिता यानी स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल से मिलेगा। यदि कांग्रेस में अंदर खाते बगावत होती है तो असंतुष्टो को मनाना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगा। वहीं, भाजपा इस मौके को दोनों हाथों से बुनाना चाहेगी। पिछले दो विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कर्नल शांडिल के ही दामाद डॉ. राजेश कश्यप को उनके खिलाफ मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें दोनों बार हार का सामना करना पड़ा पर जीत का मार्जन बहुत कम रहा।

ऐसे में सत्ता में रहते हुए अपने पुत्र को उत्तराधिकारी घोषित करने के रिस्क से असंतुष्टों का वोट बैंक भाजपा की तरफ छीटक सकता है। हालांकि, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के मास्टर स्ट्रोक से कांग्रेस और भाजपा में खासी राजनीतिक हलचल है।

## उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न, खाद्य तेल व विभिन्न वस्तुओं की गुणवत्ता जांची

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने विकास खंड धर्मपुर में उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। मनमोहन शर्मा ने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न, खाद्य तेल एवं अन्य वस्तुओं को जांचा और इनकी गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

उन्होंने इन दुकानों में ऑनलाइन प्रणाली की भी जांच की और उपभोक्ताओं से विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने उपलब्ध दालों, गंदम, चावल व अन्य सामाग्री की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। मनमोहन शर्मा ने दुकान धारकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे उपदान के अनुरूप समय पर गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री, तेल व अन्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। उन्होंने दुकान धारकों से सूचना पट्ट पर मूल्य सूची और वस्तुओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को यह जानकारी अद्यतन मिलती रही। डीसी ने उपभोक्ताओं से बात कर खाद्यान्न मिलने एवं उपलब्धता के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोई गैस की आपूर्ति के विषय पर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न उपलब्धता के संबंध में समय-समय पर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों को जानकारी देते रहें। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर उचित मूल्य की दुकानों में स्टॉक रजिस्टर आदि की जांच भी की। उन्होंने ऑनलाइन व्यवस्थाओं को जांचा और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को उचित मूल्य पर खाद्यान्न, तेल एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने में उचित मूल्य की दुकानें अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

## दाड़ला मोड़ के पास बस व ट्रक की टक्कर, लगा रहा जाम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



जिला सोलन के अंतर्गत दाड़ला मोड़ के पास एक सड़क हादसा हुआ है।

इसमें निजी बस न्यू प्रेम, जो शिमला से धर्मशाला जा रही थी उसकी और एक ट्रक के बीच डगनहार के पास जोरदार टक्कर हो गई। यह दुर्घटना शनिवार सुबह करीब 9 बजे की है, जब दोनों वाहन तेज गति से आ रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है, लेकिन गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जानी नुकसान नहीं है। हादसे के समय बस में कई यात्री सवार थे, लेकिन किसी को भी कोई चोट नहीं आई। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दाड़लाघाट पुलिस टीम पहुंच गई। उन्होंने वाहनों को हटाने के लिए मदद की। इस दौरान घटना स्थल पर भारी जाम लग गया था, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई थी। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने काफी मेहनत से जाम को खोलने का प्रयास किया और यातायात को सुगम बनाया। कई घंटों की मशक्कत के बाद यातायात पुन: सामान्य हो गया।

## अर्की अस्पताल में बीएमओ सहित तीन पद खाली

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** जिला सोलन के उपमंडल अर्की मुख्यालय के सिविल अस्पताल में बीएमओ सहित ऑर्थो स्पेशलिस्ट और ओपथोलिक असिस्टेंट के तीन पद रिक्त होने से रोगियों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है।

उपेक्षा झेल रहे लोगों का कहना है कि पता नहीं कब सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को ये तीन रिक्त पद दिखेंगे और सरकार तथा स्वास्थय विभाग इन पदों को भरेगा। अर्की अस्पताल में तीन माह से बीएमओ का पद रिक्त चल रहा है। इस पद का कार्यभार मेडिसन स्पेशलिस्ट को सौंपा गया है, जिसे अपने कार्य के साथ कार्यकारी बीएमओ का कार्य भी संभालना पड़ रहा है, जिससे एक ओर प्रशासनिक व फाइनेंशियल कार्य बाधित हो रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन कोई न कोई शिविर या



जिला सोलन के उपमंडल अर्की मुख्यालय के सिविल अस्पताल में उपचार को पहुंचे लोग।

बैठक चली रहती है। इसके चलते उक्त चिकित्सक अस्पताल आए मरीजों को पूर्ण समय भी नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी तरफ जिस भी ऑर्थो स्पेशलिस्ट के आदेश अर्की अस्पताल के होते हैं वह सरकारी व विभाग के आदेशों की धज्जियां उड़ा कर अपनी राजनीति पैठ के चलते अपनी मनचाही जगह अपनी एडजस्टमेंट करवा लेता है। इस बार भी ऑर्थो स्पेशलिस्ट के आदेश हुए दो माह हो गए हैं, लेकिन अभी तक उसके द्वारा ज्वाइन न करने के चलते यह पद रिक्त है। वहीं, अर्की अस्पताल से ओपथोलिक असिस्टेंट को स्थानांतरित हुए लगभग दो वर्ष हो गए है, लेकिन आजतक यह पद भी रिक्त पड़ा है। इस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके सहयोगियों में रोष पनप रहा है। लोगों का कहना है कि पहले पर्ची बनवाने के लिए आधे से एक घंटा लाइन में खड़े रहना पड़ता है फिर चिकित्सकों के पास लाइन लगानी पड़ती है क्योंकि उक्त चिकित्सक/कार्यकारी बीएमओ प्रशासनिक कार्यों से व्यस्त होता है। मेडिसन की 300, नाक-कान की 60, सर्जरी की 45, पेट संबंधित रोग की 35, आंखों के रोग की 45, स्किन रोग की 165 व गायनी 230 की कुल मिलाकर 880 ओपीडी होती है। इसमें सबसे ज्यादा मेडिसिन की ओपीडी होती है। साथ ही ऑर्थो स्पेशलिस्ट न होने के कारण लोग अर्की अस्पताल में नहीं आते हैं या फिर शिमला रेफर कर दिए जाते हैं, लेकिन विभाग व स्थानीय नेताओं को यह दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, विभाग के आला अधिकारियों का कहना है कि अर्की के रिक्त पदों को भरने के लिए विभाग को लिखा गया है। लोगों ने स्थानीय विधायक और सरकार से उपरोक्त पदों को जनहित में भरने की मांग की है।

## नदी-नालों के पास न जाने की एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** वर्षा ऋतु का मौसम शुरू हो चुका है। इस विषय को लेकर एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने कहा कि बारिश से उपमंडल पच्छाद में व्यापत तमाम नदियों, नालों, खड्डों का जल स्तर बढ़ सकता है। अकसर देखा गया है कि लोग आजकल घुमने के लिए नदी-नालों के आसपास जाते हैं व नदी, खड्डों में नहाने के लिए नीचे उतर जाते हैं, लेकिन अचानक मौसम में हुए बदलाव व भारी वर्षा की स्थिति में नदी-नालों में अचानक पानी भर जाता है, जिससे भारी जान व माल की क्षति का खतरा बना रहता है। उन्होंने वर्तमान मानसून के दौरान बादल फटने व भू-स्खलन की घटनाओं, आशंकाओं को मध्य नजर रखते हुए आम जन मानस से सहयोग की अपील की है। वर्तमान मानसून सीजन, वर्षा ऋतु में पच्छाद के किसी भी नदी, नाले, खड्ड में व उसके आसपास जाने से परहेज करें अर्थात न जाएं तथा सभी अन्य को भी इसका पालन करने के लिए प्रेरित करें।

## सेब व गुठलीदार फलों की पत्ती खाने वाले भृंगों के प्रबंधन के लिए एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हाल ही में सेब और अन्य गुठलीदार फलों में बीटल (भृंग) के संक्रमण से संबंधित रिपोर्ट आई है। पत्ते खाने वाले भृंग को मई या जून भृंग के नाम से भी जाना जाता है। ये भृंग बहुभक्षी होते हैं और बागवानी और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण महत्व के कीट हैं। भृंग गर्मियों की बारिश के दौरान और बाद में वयस्कों के उभरने के बाद मिट्टी में अंडे देते हैं। अंडे की अवधि प्रजातियों के आधार पर कुछ हफ्तों से लेकर एक महीने से अधिक तक हो सकती है। इस कीट के प्रबंधन के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा वैज्ञानिक सिफारिश जारी की गई है। अंडे से निकला नवजात शिशु शुरू में मिट्टी के कार्बनिक पदार्थ और ह्यूमस खाता है और बढ़ने पर पौधों की जड़ों को भोजन बनाता है। इसके ग्रब ष्ट-आकार, सफेद शरीर और भूरे रंग के सिर से पहचाना जा सकता है। सर्दियों के दौरान मिट्टी में गहराई तक चले जाते हैं और सर्दियों के दौरान निष्क्रिय रहते हैं और अगले बसंत के दौरान फिर सक्रिय हो जाते हैं। पूरी तरह से विकसित ग्रब गर्मियों के दौरान मिट्टी में गहराई तक चले जाते हैं और प्यूपा में बदलने के लिए एक मिट्टी की कोशिका बनाते हैं। वयस्क भृंग कुछ सप्ताह बाद निकलते हैं। ये लार्वा मिट्टी में रहते हैं और सेब, आड़ू और गुठलीदार फलों जैसी फसलों की जड़ों के साथ-साथ आलू, गाजर और टमाटर जैसी सब्जियों के साथ-साथ सजावटी पौधे को खाते हैं। सफेद ग्रब द्वारा जड़ों को खाने से पौधे की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और पोषक तत्वों और पानी के अवशोषण में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे पौधे का मुरझाना, विकास रुक जाना और अधिक क्षति के कारण पूरा पौधा के गिरने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

## पाइनग्रोव में किशोरावस्था शिक्षा पर सीबीएसई क्षमता विकास कार्यक्रम

# शारीरिक छवि, व्यक्तिगत स्वच्छता पर विचार-विमर्श किया



पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला के सहयोग से कार्यशाला में हिस्सा लेने पहुंचे प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला के सहयोग से 27 और 28 जून को किशोरावस्था शिक्षा के लिए शिक्षकों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम सीबीएसई के अनुभवी रिसोर्स पर्सन अशुतोष गौर और स्नेह लता द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर सहित भवन्स विद्यालय, चंडीगढ़ तथा अमातिर कन्या गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के 53 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आज के किशोरों की शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के प्रतिभागी थे आंचल अरोड़ा, आशा शर्मा, अभिसारिका सिंह गौर, अनुराधा दास गुप्ता, अरुण कुमार, भावना भंडारी, पूजा शर्मा, मिष्ठी दुबे और मोहिनी तिवारी आदि थे। इस कार्यक्रम ने शिक्षकों को आज के किशोरों द्वारा झेली जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों को समझने में सहायता की। सत्र के दौरान शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों के साथ-साथ शरीर की छवि, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और खानपान संबंधी विकारों जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही सहकर्मी दबाव, बदमाशी, इंटरनेट की लत, नशीली दवाओं का सेवन, लैंगिक पहचान और लिंग बनाम सेक्स जैसे समकालीन मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। रोल-प्ले, पोस्टर निर्माण और समूह चर्चाओं जैसी संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने शारीरिक छवि, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, और ईटिंग डिसऑर्डर्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

## शूलिनी विवि के वैज्ञानिक दीपक का कैंसर अनुसंधान शीर्ष अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



शूलिनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार को सम्मानित करते चांसलर।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय और भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार ने विश्व प्रसिद्ध जर्नल नेचर सिग्नल ट्रांसडक्शन एंड टार्गेटेड थेरेपी में अपना शोध प्रकाशित करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अपनी उच्च वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए जानी जाने वाली इस प्रतिष्ठित पत्रिका का अब प्रभावशाली इंपैक्ट फैक्टर 52.7 है।

डॉ. कुमार का अभूतपूर्व अध्ययन एमटीओआर सिग्नलिंग मार्ग पर केंद्रित है, जो एक महत्वपूर्ण जैविक प्रणाली है, जो हमारे शरीर में प्रमुख प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। उनका शोध बताता है कि एमटीओआर कैंसर के विकास और प्रसार को कैसे प्रभावित करता है, साथ ही उम्र बढ़ने, प्रतिरक्षा और चयापचय स्वास्थ्य में इसकी भूमिका क्या है। इस अध्ययन ने पहले ही दुनिया भर में काफी ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें 466 से अधिक उद्धरण हैं, जो चिकित्सा अनुसंधान समुदाय में इसके महत्व को दर्शाते हैं। अपने शोध के बारे में बात करते हुए डॉ. कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य यह बेहतर ढंग से समझना था कि एमटीओआर मार्ग कैसे काम करता है और कैंसर और अन्य पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए इसे कैसे लक्षित किया जा सकता है। अध्ययन से पता चलता है कि एमटीओआर गतिविधि को नियंत्रित करके, हम न केवल कैंसर को धीमा कर सकते हैं, बल्कि न्यूरोलॉजिकल विकारों और मधुमेह जैसी संबंधित बीमारियों से भी लड़ सकते हैं।

**फटकार** हाई कोर्ट के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे अधिकारी

# नोटिस जारी कर दो दिन में मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

सुक्खू सरकार में अधिकारियों के मनमाने रवैये के चलते प्रदेश भर में सरकार की खूब किरकिरी हो रही है।

यहां तक की अधिकारी हाई कोर्ट के आदेशों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करने की बजाए बार-बार समय मांगना और फिर भी जवाब दाखिल न करने पर हाईकोर्ट ने राज्य कर एवं आबकारी विभाग को फटकार लगा दी है। हाई कोर्ट की फटकार के बाद आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त युनूस खान ने संयुक्त आयुक्त राज्य कर और उत्पाद शुल्क दक्षिण जीएसटी जोन परवाणू गणेश दत्त ठाकुर को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब देने को कहा है। आबकारी विभाग के आयुक्त युनूस खान ने नोटिस जारी कर कहा कि आप प्रतिवादी होने के नाते हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करने में विफल रहे हैं। इसके अलावा, दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। आपको मेसर्स एचएम स्टील्स लिमिटेड बनाम भारत संघ और अन्य 27 जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था और आप वर्तमान मामले में एकमात्र प्रतिवादी होने के नाते निर्धारित समय

### उच्च अधिकारियों को भी बताना जरूरी नहीं समझा

**नोटिस** में कहा गया कि एडवोकेट जनरल से सूचना मिलने के बावजूद भी आबकारी विभाग व जीएसटी जोन परवाणू गणेश दत्त ठाकुर ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देना जरूरी नहीं समझा। नोटिस में आबकारी आयुक्त ने साफ लिखा है कि हाई कोर्ट के आदेशों की पालना व जवाब न देना आपकी विफलता को बताता है, जो कि सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही और कदाचार की श्रेणी में आता है।

**आबकारी विभाग के आयुक्त ने लगाई संयुक्त आयुक्त दक्षिण जोन परवाणू की क्लास**

अवधि के भीतर संबंधित केस का जवाब दाखिल करने के लिए बाध्य थे, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेशों में स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, आप उच्च न्यायालय के समक्ष जवाब दाखिल करने में विफल रहे। बता दें कि हाई कोर्ट में एक मामले में जवाब दायर करने के बजाय तारीख पर तारीख मांगने वाले जीएसटी, आबकारी व कराधान विभाग संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी को विभाग के आयुक्त युनूस ने शोकॉज नोटिस भेज कर जवाब तलब कर लिया है। शो कॉज में उक्त अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई है। प्रदेश हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति तिरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने मैसर्स एचएम स्टील लिमिटेड बनाम भारत सरकार मामले में आबकारी व कराधान विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि अगर अगली तारीख तक जवाब दायर नहीं हुआ, तो अदालत की ओर से चूक करने वाले अफसरों को हटाने के लिए सरकार से सिफारिश कर दी जाएगी।

### क्यों न अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू हो

**जारी** नोटिस में आयुक्त ने कहा कि आपको इसका कारण बताने के लिए दो दिन का समय दिया जाता है और क्यों न आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए, अगर जवाब दो दिन में नहीं मिला, तो ऐसा न करने पर आपके खिलाफ नियमों के अनुसार उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# किसी भी आपातकालीन स्थिति में 1077, 112 पर करें सूचित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश में सक्रिय हो गया है और सिरमौर जिला विभिन्न प्रकार की आपदाओं के लिए अति संवेदनशील है।

उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के दौरान जिले में भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाएं हो सकती हैं। नदियों में डूबने की अप्रिय घटनाएं रोकने के लिए सभी नागरिकों को चेतावनी दी है कि वह नदियों, खड्डों और नालों के समीप जाने से बचें और इनमें तैरने, नहाने, कपड़े धोने और अन्य गतिविधियों से भी परहेज करें। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में नदी-नालों और भूस्खलन वाले इलाकों में अनावश्यक यात्रा करने से बचें और खराब मौसम की पूर्व जानकारी के लिए सचेत और दामिनी ऐप डाउनलोड करें। डीसी सिरमौर ने मानसून सीजन के दौरान जिले का दौरा करने वाले पर्यटकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि वे मौसम की जानकारी रखें, बरसात के समय में नदी-नाले एवं पहाड़ की ऊंची चोटियों में जाने से बचें तथा स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। डीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों, खनन गतिविधियों, अस्थायी आश्रयों और अनाधिकृत संरचनाओं में रहने वाले लोगों की पहचान करें, जो कि नदियों और उनकी सहायक नदियों के पास, विशेष रूप से बाढ़ और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर तुरंत स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ऐसे क्षेत्रों में कोई भी अस्थायी संरचना न बनाई जाए।

### आपातकालीन स्थिति में संपर्क व सहयोग की अपील

**डीसी** ने जिला वासियों से आग्रह किया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में डीसी कार्यालय स्थित आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के निशुल्क दूरभाष नंबर 1077, 112 पर तुरंत सूचना दें। इस संदर्भ में सहयोग करने की अपील की है और जिले की सभी ग्राम पंचायतों, स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें और सतर्कता बनाए रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यटन मंत्री ने गोहाना में सुनीं लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा बीते 11 साल में पारदर्शिता और व्यवस्था को सरल बनाया गया है, इससे आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि सैकड़ों योजनाओं का घर बैठे लाभ उठाने की व्यवस्था सरकार की बदौलत आज आमजन में भाजपा सरकार के प्रति संतुष्टि का भाव है। शनिवार को अरविंद शर्मा ने गोहाना में नियमित साप्ताहिक दरबार लगाते हुए क्षेत्रवासियों से जनसंवाद किया। विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों से मुलाकात करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना व इसके उपरांत उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर सरकारी कार्यालय में जाए तो उसकी बात को प्राथमिकता से सुनते हुए उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का मौके पर ही निपटान करेंगे तो उनकी परेशानियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरन्तर आमजन, किसान, युवा, महिला, गरीब कल्याण की दिशा में काम कर रही है। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता की बदौलत आज युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनमें प्रतियोगी भावना बढ़ी है। यही नहीं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का भी लाभ उठाकर युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### एमसी चंडीगढ़ ने फॉगिंग अभियान किया तेज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मानसून से पहले जनस्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, नगर निगम चंडीगढ़ ने डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग अभियान को तेज कर दिया है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के निर्देशानुसार आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग टीमों को तैनात किया गया। यह अभियान मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और इसमें आवासीय कॉलोनियों, शहरी क्षेत्रों तथा सीमावर्ती गांवों जैसे अनेक स्थानों को शामिल किया गया है। टीमों ने विशेष फॉगिंग उपकरण और कीटनाशकों का उपयोग करते हुए उन स्थानों को लक्षित किया जहां जलभराव की संभावना अधिक रहती है, क्योंकि यही मच्छरों के पनपने का मुख्य कारण होता है। अमित ने कहा कि ऐसे रोगों की रोकथाम के लिए समय रहते कदम उठाना बेहद जरूरी है और उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास की सफाई बनाए रखें और जलभराव न होने दें। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम मानसून के दौरान किसी भी संभावित रोग के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।'

### हरियाणा सरकार ने किया 7वें राज्य वित आयोग का गठन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और शहरी स्थानीय निकायों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया है। हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि आईएएस अधिकारी श्री अंशज सिंह इसके सदस्य सचिव होंगे। अन्य सदस्यों की नियुक्ति बाद में की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग राज्य सरकार और जिला परिषदों, पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के बीच करों, शुल्कों, उपकरों और टैक्सों की शुद्ध आय के वितरण के लिए सिद्धांतों की सिफारिश करेगा। साथ ही, यह बताएगा कि किन करों और शुल्कों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपा या उनके द्वारा संग्रहित किया जा सकता है। इसके अलावा, आयोग राज्य के कंसोलिडेटेड फंड से पीआरआई को दिए जाने वाले अनुदानों और उनकी वित्तीय स्थिति को सुधारने के उपायों पर भी सिफारिश करेगा। इसी तरह, आयोग शहरी स्थानीय निकायों के बारे में भी सुझाव देगा, जिसमें नगरपालिकाओं और राज्य सरकार के बीच करों और शुल्कों का वितरण, नगरपालिकाओं को सौंपे जाने योग्य करों की पहचान करना, उन्हें मिलने वाले अनुदान और उनके वित्तीय सशक्तिकरण के लिए आवश्यक उपाय करना शामिल है। सातवां राज्य वित्त आयोग 31 मार्च, 2026 तक हरियाणा के राज्यपाल को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेगा। यह रिपोर्ट वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्ष की अवधि को कवर करेगी और स्थानीय शासन की वित्तीय रूपरेखा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सीएम सैनी ने गुरुग्राम की धरती से युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का मंत्र

## बोले-युवा मॉक पार्लियामेंट नीति-निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, यह लोकतंत्र का उत्सव और नीति-निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से देश को यह स्पष्ट संदेश दें कि लोकतंत्र की रक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



सैनी शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित युवा मॉक पार्लियामेंट में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट केवल एक शैक्षणिक अभ्यास भर नहीं है, बल्कि आज के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में भी याद करते हुए, आपातकाल के उस काले अध्याय पर विमर्श करने का अवसर है, जिसने लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने का दुस्साहस किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम की धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि लोकतंत्र की एक सशक्त प्रयोगशाला के रूप में इसकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गुरु द्रोण की इस पावन भूमि और मिलेनियम सिटी के रूप में प्रसिद्ध गुरुग्राम ने हमेशा नवाचार और आकांक्षा की भावना को आगे बढ़ाया है। आज का यह आयोजन इस शहर की पहचान को और अधिक सशक्त करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे आप जैसे ऊर्जावान युवाओं को देखते हैं, तो विकसित भारत और विकसित हरियाणा का संकल्प और भी सुदृढ़ हो जाता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल की यह पीढ़ी ही वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर करेगी। इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवा मॉक पार्लियामेंट मील का पत्थर साहिब होगी।

सैनी ने युवाओं से कहा कि वे संसद को केवल एक इमारत के रूप में न देखें बल्कि उसे 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं के केंद्र के रूप में समझें। इस युवा मॉक पार्लियामेंट का उद्देश्य केवल संसदीय प्रक्रियाओं की नकल भर करना नहीं है बल्कि उस भावना को आत्मसात करना है जो भारतीय लोकतंत्र को विशिष्ट बनाती है।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे युवा मॉक पार्लियामेंट से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में चार महत्वपूर्ण संकल्प अपनाएं। वे देश के किसी भी एक ज्वलंत मुद्दे पर गहन अध्ययन करें और उसके समाधान के लिए समाज में जागरूकता फैलाएं। अपने जीवन में किसी भी प्रकार के शॉर्टकट को न अपनाएं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, विधायक मुकेश शर्मा, तेजपाल तंवर, विमला चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण कदम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन की दूरदर्शी पहल सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो क्षेत्र में आपदा प्रबंधन और सामुदायिक लचीलापन रणनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले बैच में 150 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो नागरिक सहभागिता और संस्थागत समन्वय की मजबूत भावना को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम की एक ऐतिहासिक विशेषता यह रही कि पहली बार सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने चंडीमंदिर कैंटोनमेंट का दौरा किया। वहां प्रतिभागियों को वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की देख-रेख में गहन और व्यावहारिक प्रशिक्षण अभ्यास कराया गया। इन अभ्यासों में प्राकृतिक आपदाओं, अग्निकांड और निकासी प्रक्रियाओं जैसी वास्तविक आपात परिस्थितियों का अनुकरण किया गया। इन अनुभवों ने स्वयंसेवकों की कार्यकुशलता को निखारा और उनमें अनुशासन, सटीकता और त्वरित प्रतिक्रिया जैसे गुणों का संचार किया।

मैदान में प्रशिक्षण से पहले, स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए), सेक्टर 26, चंडीगढ़ में सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल, आपातकालीन संचार रणनीतियां, प्राथमिक उपचार, और नागरिक प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित सत्रों को इंटरैक्टिव मॉड्यूल, केस स्टडीज और सिमुलेशन आधारित अभ्यासों के जरिए और प्रभावशाली बनाया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त निशांत कुमार यादव, आईएएस ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम आम नागरिकों को सक्षम प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले में बदलना चाहते हैं। प्राकृतिक आपदाओं, शहरी आपात स्थितियों और जलवायु संकटों के बढ़ते खतरे को देखते हुए, सिविल डिफेंस अब केवल एक पूरक प्रणाली नहीं रही, बल्कि आधुनिक शासन व्यवस्था की आधारशिला बन गई है।

# सेक्टर-26 मंडी में अतिक्रमण एवं सफाई अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शुक्रवार सुबह हुई बारिश के कारण जल जमाव के कारण सेक्टर-26 मंडी चंडीगढ़ में सफाई संबंधी समस्याओं और परिचालन संबंधी बाधाओं को देखते हुए शनिवार को संयुक्त अतिक्रमण एवं सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रशासक, मार्केट कमेटी के निर्देशों के अनुसार चलाया गया और सचिव, मार्केट कमेटी, चंडीगढ़ ने अभियान की निगरानी की।

स्थिति पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, मार्केट कमेटी, चंडीगढ़ ने बारिश के कारण हुए जलभराव और अस्वच्छ स्थितियों को दूर करने के लिए सुबह-सुबह सफाई ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ अपने कर्मचारियों को तैनात किया। मंडी परिसर के भीतर अनधिकृत अतिक्रमणों को हटाने और पूरे क्षेत्र की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करने के लिए एक समन्वित प्रयास शुरू किया गया।

प्रभावशीलता और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए, सफाई ठेकेदार ने अभियान के लिए अतिरिक्त जनशक्ति और मशीनरी तैनात की। इस अभियान का उद्देश्य मंडी में माल और पैदल यात्रियों की सुचारु आवाजाही बहाल करना था, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करना भी था।

# संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर करना होगा काम : मल्होत्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा चंडीगढ़ की नवगठित प्रदेश टीम की पहली बैठक शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय कमलम सेक्टर-33 में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने की। बैठक में सभी नए पदाधिकारी शामिल हुए और टीम के औपचारिक परिचय के साथ-साथ आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने बैठक की शुरुआत में सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ संगठन को मजबूत करने की दिशा में सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में शामिल प्रमुख पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष दविंदर सिंह बबला, भरत कुमार, नरेश पंचाल और इंद्रा सिंह शामिल रहे। महामंत्रियों के रूप में रामबीर भट्टी और संजीव कुमार राणा ने भाग लिया। सचिव पद पर शशि शंकर तिवारी, रुचि शेखरी, मनीष शर्मा, सोनिया दुग्गल, अमनदीप सिंह और मीनाक्षी ठाकुर उपस्थित रहे। सह-कोषाध्यक्ष अभी भसीन, जबकि कार्यालय सचिव दीपक मल्होत्रा और संजय पुरी ने बैठक में भाग लिया।

# महापुरुषों द्वारा दिए गए उपदेश आज भी प्रासंगिक : कृष्ण कुमार बेदी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि संत महापुरुष किसी विशेष जाति या वर्ग तक सीमित नहीं होते बल्कि सर्व समाज के आदर्श होते हैं। भारत भूमि आधिकाल से ही साधु, संत, सन्यासी, तपस्वियों एवं महापुरुषों की जननी रही है और समय-समय पर अनेक संतों, गुरुओं ने भारत के साथ-साथ पूरी दूनिया को समरस्ता, समानता तथा सौहार्द का संदेश दिया है। महापुरुषों द्वारा दिए गए उपदेश वर्तमान समय में भी बराबर प्रासंगिक हैं और संतों की वाणी से सर्व समाज के कल्याण का रास्ता प्रशस्त होता है।

बेदी शनिवार को नरवाना (जींद) में एलआईसी रोड स्थित वाल्मीकि भवन में संत कबीर जी की 628वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रकट उत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संत कबीर जी का नाम संत महापुरुषों की अग्रणी पंक्ति में आता है। संत कबीर जी किताबी ज्ञान से परे थे, लेकिन दिव्य एवं आलौकिक शिक्षा के भंडार थे। संत शिरोमणि कबीर जी ने जीवन प्रयंत समाज को जाति- पाति, छुआछात से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया।

कैबिनेट मंत्री ने इस मौके पर गांव राजगढ़ ढोबी में संत कबीर धर्मशाला के निर्माण के लिए 11 लाख रुपए तथा आयोजन समिति को 2 लाख 51 हजार रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने आयोजकों की मांग पर नरवाना में संत कबीर भवन निर्माण का भी आश्वास दिया।

### वॉरेन बफेट ने दान किए 6 अरब डॉलर



**एजेंसी, मुंबई।** बर्कशायर हैथवे सीईओ व इन्वेस्टर वॉरेन बफेट (94) ने अपने फर्म के 6 अरब डॉलर (करीब 51,300 करोड़ रुपए) के शेयर गेट्स फाउंडेशन और अपनी चार फैमिली चैरिटीज को दान किया है। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी एनुअल डोनेशन है। हालिया डोनेशन में बफेट ने 94.3 लाख शेयर्स गेट्स फाउंडेशन को दिए। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली से 18 अवैध बांग्लादेशी नागरिक अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के अशोक विहार इलाके से 5 ट्रांसजेंडर समेत 18 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से सात स्मार्टफोन बरामद किए, जिनमें भारत में प्रतिबंधित आईएमओ इंस्टॉल था। जिनका इस्तेमाल वे बांग्लादेश में अपने परिवारों से बातचीत करने के लिए कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में बाढ़ से 17 लोगों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में अब तक 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। जिला प्रशासन के मुताबिक 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए। रेस्क्यू टीम ने 9 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। चार को बचा लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन



**एजेंसी, मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फॉरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लासेस पर बवाल

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई हैं। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है, लेकिन मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने युवाओं से किया आह्वान

# 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का लें संकल्प

**एजेंसी, गोधरा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि जब भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ यानी 2047 में मनाएगा, तब हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा। अमित शाह गुजरात के पंचमहल जिले के विनजोल में मौजूद श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में 125 करोड़ की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन



कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। वे खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में खुद नहीं पहुंच सके थे। (अनंत ज्ञान)

#### प्रधानमंत्री मोदी के विजन को बताया प्रेरणादायक

**अमित** शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोविंद गुरु के वीरता के इतिहास को आगे बढ़ाया है और वे 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे युवाओं और बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए, तब हम हर क्षेत्र में दुनिया में प्रथम स्थान पर हों।'

### फ्रांस में पब्लिक प्लेस पर सिगरेट पीने पर पाबंदी

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस ने 29 जून से पब्लिक प्लेस पर सिगरेट पीने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। सरकार के नए नियम के अनुसार, लाइब्रेरी, स्विमिंग पूल और स्कूलों के बाहर भी धूम्रपान नहीं करना होगा। यह नियम पहले 1 जुलाई से लागू होने वाला था, लेकिन अब इसे 29 जून से लागू कर दिया गया है। यह कदम बच्चों को सिगरेट के धुएं से बचाने के लिए उठाया गया है। हालांकि, इस नियम में ई-सिगरेट का जिक्र नहीं है। स्वास्थ्य और परिवार मंत्री कैथरीन वौट्रिन ने कहा, 'बच्चों को साफ हवा में सांस लेने का हक है। जहां बच्चे हों, वहां सिगरेट नहीं होनी चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

# पीओके में फिर से आतंकी कैंप्स बना रहा पाकिस्तान

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना, सीक्रेट एजेंसी आईएसआई और सरकार मिलकर भारत के ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप्स को फिर से बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठन अब लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घने जंगलों में छोटे और हाई-टेक ट्रेनिंग कैंप बना रहे हैं। इनका मकसद भारतीय सेना की निगरानी और हवाई हमलों से बचना है। ये कैंप्स लुनी, पुटवाल, ताइपु पोस्ट, जमीला पोस्ट, उमरनवाली, चप्रार, फॉरवर्ड कहुटा, छोटा चक और जंगलोरा जैसे इलाकों में बनाए जा रहे हैं। इनमें थर्मल इमेजर, जंगल में निगरानी करने वाले रडार और सैटेलाइट को चकमा देने वाली तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है।

#### एलओसी के पास घने जंगलों में बन रहे कैंप्स

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान पीओके में फिर से 13 लॉन्चपैड डेवलप कर रहा है। इनमें केल, शारदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा वैली, पचिबन चमन, तंदपानी, नैयाली, जानकोट, चकोटी, निकैल और फॉरवर्ड कहुटा शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### देश में एक संविधान के लिए स्वीकारा 370 को हटाने का फैसला: सीजेआई

**एजेंसी, नागपुर**

नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब अंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब अंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा। (अनंत ज्ञान)



### सियासी मुद्दों पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करूंगा: थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और शशि थरूर ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी राजनीतिक मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई मुद्दा है, तो उस पर निजी तौर पर और उचित समय आने पर ही चर्चा करेंगे। दरअसल, उनसे उनके एक एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। जिसमें शशि थरूर ने एक तस्वीर साझा किया था, जिसमें लिखा है- आपको उड़ने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल और ईरान जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसरों का किया अंतिम संस्कार

**एजेंसी, तेहरान**

इसराइल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। जिन लोगों को दफनाया जाएगा, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल हैं। वे ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ थे। अफसरों के शवों को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, IRGC कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिकारी भी जनाजे में पहुंचे हैं।

#### जनाजे में ईरानी विदेश मंत्री, स्पीकर सहित बड़े नेता भी हुए शामिल


ईरान और इसराइल के बीच 12 जून को जंग शुरू हुई थी। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। दो दिन बाद, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर ईरान-इसराइल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। (अनंत ज्ञान)

# अब गाजा जंग को रुकवाएंगे : ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ईरान जंग रुकवाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में इसराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।'



ट्रंप ने व्हाइट हाउस स्थित अपने ऑफिस ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है।' डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा, 'सभी ने देखा कि भारत-पाकिस्तान एक बड़ी जंग के कगार पर थे। दोनों के पास परमाणु ताकत है। मैंने दोनों को धमकी दी कि अगर जंग नहीं रुकी तो अमेरिका दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ व्यापार नहीं करेगा। तब जाकर दोनों लड़ाई रोकने के लिए राजी हुए।' (अनंत ज्ञान)

#### कनाडा के साथ टैरिफ पर बातचीत रोकी

**डोनाल्ड** ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापार वार्ता तुरंत खत्म कर दी है। दरअसल, कनाडा ने अमेरिका पर डिजिटल सर्विसेज टैक्स लगा दिया है। इससे नाराज होकर ट्रंप ने यह फैसला किया। उन्होंने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि अगले 7 दिनों में कनाडा को बता दिया जाएगा कि उसे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा।

## सैन्य अभ्यास

### फ्रांस के ला कावालरी में भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता और तालमेल

# भारत और फ्रांस की सेनाओं ने किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

**एजेंसी, पेरिस**

भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-VIII दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से



13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है।

यह सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ।

इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली। (अनंत ज्ञान)

#### हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन रहा मुख्य आकर्षण

**अभ्यास** का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ईएसएफआई एशियाई युवा खेलों के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप के जरिए अंडर-18 टीम चुनेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने शनिवार को कहा कि वह बहरीन में साल के आखिर में होने वाले एशियाई युवा खेलों के लिए अंडर 18 टीम के चयन के उद्देश्य से जुलाई के मध्य में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। टीम में समान संख्या में लड़के और लड़कियां होंगे, जो 18 वर्ष से कम उम्र के हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 28 जून से 12 जुलाई तक खुला होगा जबकि ये खेल 22 से 31 अक्तूबर तक आयोजित होंगे। भारत इसमें छह स्पर्धाओं रॉकेट लीग, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई-फुटबॉल में टीमें भेजेगा। मैच पीसी या प्लेस्टेशन पर खेले जाएंगे। ईएसएफआई अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा,''यह भारत के युवा गेमर्स के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मौका है। लड़के और लड़कियों की समान भागीदारी समावेशी और भविष्योन्मुखी इकोसिस्टम तैयार करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है।'' (अनंत ज्ञान)

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव जरूरी : हाडिन



**एजेंसी, सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया के हाडिन ने कहा,''हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरुआत करनी चाहिए । इसके लिए रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है।'' उन्होंने कहा,''मैं इतना जरूर कहूंगा कि सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग टीम बनने का तरीका तलाशना होगा, क्योंकि प्रतिभा की कमी नहीं है।'' (अनंत ज्ञान)

### भारत ने मलेशिया को हराकर एशियाई स्नूकर में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी, कोलंबो।** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर खूबसूरत अंदाज में

**इंग्लैंड।** सारा टेलर इंग्लैंड की पूर्व महिला खिलाड़ी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए जानी जाती थीं। सारा ने अपने खेल और खूबसूरती से खूब सुर्खियां बटोरीं। वह सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव रहती हैं।



### प्रबाथ जयसूर्या ने झटके पांच, डिसिल्वा और रत्नायके को मिले दो-दो विकेट

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को हराकर 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 से कब्जा कर लिया। इस जीत के हीरो रहे बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या जिन्होंने पांच विकेट चटकाए। उनकी इस शानदार स्पेल के दम पर श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया। टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिए भेजने के लिये 97 रन और बनाने थे, लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिए जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम 133 रन पर आउट हो गई, जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाए थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाये थे, जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्द्धशतक शामिल हैं। निसांका ने 158 रन की पारी खेली थी। यह इस सीरीज में उनका लगातार दूसरा शतक था। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो-दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था।

सीरीज में हार पर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि हमने इस टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे काफी निराशा हुई। पहली पारी में जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, वो बिलकुल भी स्तर के अनुरूप नहीं थी, और वही हार का कारण बना। मुझे अब भी लगता है कि हमें पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। जिस तरह से हमने विकेट गंवाए, वह बिलकुल भी ठीक नहीं था। पहली पारी की बल्लेबाजी में हमने कई गलतियां कीं। उम्मीद है कि आगे जाकर वे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अब श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले 3 वनडे और फिर 3 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास को आउट करने के बाद खुशी मनाते श्रीलंका के खिलाड़ी।

### निसांका ने सीरीज में लगाए दो शतक



**पथुम** निसांका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 187 रनों की पारी खेली थी, तब वह सिर्फ 13 रनों से दोहरे शतक से चूक गए थे। फिर दूसरी पारी में उन्होंने 24 रन बनाए थे। इसके बाद दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने दमदार बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और 158 रन बनाए। इस तरह से सीरीज में उन्होंने 369 रन ठोके। दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

## तेंदुलकर के वीडियो देखकर मिली काफी प्रेरणा: शेफाली

**एजेंसी, नॉटिंघम**



भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा,''पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली।''

उन्होंने कहा ,'' इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए, जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैंने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैंने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है।'' घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की।

उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया। शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी ने क्रिकेट के 6 नियमों में किए बदलाव

**टेस्ट मैच में 60 सेकेंड में शुरू करना होगा ओवर दो वॉर्निंग के बाद कटेंगे 5 रन**

**एजेंसी, दुबई**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं।

वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फॉर्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है।

### इन नियमों में किया बदलाव

- टेस्ट क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक नियम आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टॉप क्लॉक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वॉर्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे।
- आईसीसी ने तीनों फॉर्मेट के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जान-बूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जान-बूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।
- गलती से सलाइवा लगाई तो गेंद नहीं बदलेगी। गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बॉल बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो।
- आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की भी जांच करेंगे। अगर बैटर एलबीडब्ल्यू आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा।
- सॉफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बॉल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बॉल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बॉल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे।
- आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। नए नियम जुलाई से लागू होंगे और इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे।

## दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में

**एजेंसी, हैम्बर्ग (जर्मनी)**



भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं।

दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गई, जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं, जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

## एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना तिमोर लेस्ते से



**एजेंसी, चियांग माई (थाईलैंड)**

एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला, जिससे उसके चार अंक हैं।

वहीं, मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था। तिमोर लेस्ते की टीम रैंकिंग में मंगोलिया से 32 पायदान नीचे 158वें स्थान पर है। पर भारतीय महिला टीम के कोच क्रिस्पिन छेत्री का मानना है कि यह दक्षिणपूर्वी एशियाई टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी।

छेत्री ने कहा, ''मंगोलिया की तुलना में तिमोर लेस्ते बेहतर रूप से संगठित टीम है और मुझे लगता है कि इराक की तुलना में भी वह रक्षात्मक रूप से अच्छी हैं। तिमोर लेस्ते की टीम जवाबी हमले करना पसंद करती हैं।'' वहीं, 70वें स्थान पर काबिज भारत ने पहले कभी तिमोर लेस्ते का सामना नहीं किया है जिसके कोच इंडोनेशिया के एमरल बिन बुस्तामाम हैं। मंगोलिया की तुलना में तिमोर लेस्ते अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अधिक सक्रिय है।

## तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में



**एजेंसी, लोवा (अमेरिका)**

भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 16 वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी। (अनंत ज्ञान)



**टेस्ट मैच** | **हेजलवुड ने मैच में लिए 7 विकेट, हेड ने दोनों पारियों में लगाई फिफ्टी**

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

**एजेंसी, ब्रिजटाउन**

बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के 5 विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज को 141 रन पर ऑलआउट कर दिया। नाथन लायन ने दिन की आखिरी दो गेंदों पर लगातार 2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम पहली पारी में मात्र 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रैविस हेड ने दोनों पारी में फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहली पारी में 59 रन और दूसरी पारी में 50 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेड के अलावा दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स कैरी ने 65 रन और ब्यू वेबस्टर ने 63 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में नहीं पहुंचे वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 190 रन बनाए। टीम को 10 रन की बढ़त मिली। कैरिबियाई टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 301 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं और टीम 141 रनों पर ही सिमट गई।

आखिरी विकेट के लिए शमार जोसेफ (44 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (38 रन नाबाद) ने 55 रनों की पार्टनरशिप की। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। इनके अलावा नाथन लायन ने 2, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को एक- एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)



## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप ड्रॉ में भारत पूल-बी में पाकिस्तान के साथ

**एजेंसी, लुसाने (स्विट्जरलैंड)**

मेजबान भारत को शनिवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के पूल-बी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है जिसका आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ समारोह यहां एफआईएच मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस चरण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।

पूल-ए में जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड, जबकि पूल-सी में अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन शामिल हैं। पूल-डी में स्पेन, बेल्जियम, मिस्र और नामीबिया जबकि पूल-ई में नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया शामिल हैं। फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और बांग्लादेश पूल-एफ में हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रॉ समारोह में भाग लिया। इकराम ने एक बयान में कहा, ''बहुत खुशी की बात है कि हम पहली बार 24 टीमों वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप की ओर यात्रा शुरू कर रहे हैं। यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है और यह टूर्नामेंट इस दिशा में पहला कदम होगा।''

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ ने कहा, ''आज हॉकी की दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि हम 24 देशों की भागीदारी वाले पहले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए पूल ड्रॉ कर रहे हैं।'' (अनंत ज्ञान)

